राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 153
लखनऊ, मंगलवार 03 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सहित 23 पर मुकदमा दर्ज 10

प्रधानमंत्री से मिले ऊर्जा मंत्री बजट के लिए जताया आभार 03

# केंद्रीय बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभ : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए हैं। उन्होंने बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

सीएम योगी ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में निर्णायक योगदान दे रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो सुदृढ़ नीतियों और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा 'नेशन फर्स्ट' की भावना को प्राथमिकता दी है। अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों की बात करना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों की चर्चा तो होती है, लेकिन कर्तव्यों की उपेक्षा कर दी जाती है, जबकि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराना जरूरी है। वर्तमान बजट इसी सोच को मजबूती देता है। योगी ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। किसान, युवा, महिलाएं और गरीब वर्ग इस बजट के केंद्र में हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और उत्तर प्रदेश इससे सर्वाधिक लाभ उठाने वाला राज्य होगा। बजट में प्रस्तावित सात रेलवे कॉरिडोर में से दो कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को मिले हैं। आने वाले समय में इससे राज्य को बेहतर कनेक्टिविटी, तेज रेल सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि का लाभ मिलेगा। साथ ही, अंतर्देशीय जलमार्गों (वॉटरवेज) के उपयोग से भी प्रदेश को फायदा होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ललितपुर में 1200 एकड़ भूमि पर बायोफार्मा सेक्टर को विकसित किया जा रहा है। ग्लोबल बायोफार्मा के लिए केंद्र सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया है। इसके अलावा भारत को डाटा सेंटर हब बनाने के लिए 22 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक ग्राम पंचायतें उत्तर प्रदेश में हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में मदद मिलेगी।



▸ प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा नेशन फर्स्ट की भावना को दी प्राथमिकता : सीएम

## हर जनपद में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं को विभिन्न सेक्टरों में काम करने के अवसर मिल रहे हैं। केंद्र सरकार की योजना के तहत हर जनपद में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया। सीमए ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। माघ मेले में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं से यह स्पष्ट है कि थोड़े से प्रयास और बेहतर व्यवस्थाओं से हर धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल को बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। पवित्र स्नान पर्वों पर लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने बताया कि इस बार देश के 15 पुरातात्विक स्थलों के विकास में से दो सारनाथ और हस्तिनापुर उत्तर प्रदेश में हैं। इससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर हब के रूप में भी तेजी से उभर रहा है, जो राज्य के औद्योगिक और तकनीकी भविष्य को नई दिशा देगा।

## अन्त:फसली खेती को मिशन मोड में लागू करें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश को कृषि क्षेत्र में नई छलांग दिलाने का सबसे प्रभावी तरीका गन्ना के साथ तिलहनी एवं दलहनी अन्त:फसली खेती को बड़े पैमाने पर लागू करना है। यह मॉडल गन्ना किसानों की आय को केवल दोगुना नहीं, बल्कि बहु-गुणित करने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री सोमवार को इस विषय पर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। गन्ने के साथ सरसों, मसूर, उर्द और मूंग उच्च मूल्य वाली फसलों की अंत:फसल किसानों को अतिरिक्त उत्पादन, कम लागत और पूरे वर्ष स्थिर आय उपलब्ध कराती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत होती है। प्रदेश में कृषि योग्य भूमि का क्षैतिज विस्तार अब संभव नहीं है, इसलिए ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य के लिए उत्पादन बढ़ाने का एकमात्र रास्ता इकाई क्षेत्रफल से अधिक फसल उत्पादन है। गन्ना आधारित अंत:फसली खेती उत्तर प्रदेश के कृषि भविष्य का नया मॉडल है। यह किसानों को अधिक उत्पादन, अधिक कमाई और जोखिम से सुरक्षा तीनों प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने इस योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक मिशन मोड में लागू करने के निर्देश दिए।

# दलाई लामा को मिला ग्रैमी अवार्ड

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स।**



तिब्बती आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा को यहां रविवार देररात संपन्न हुए 68वें ग्रैमी अवाड्र्स में बेस्ट ऑडियोबुक, नरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिर्कार्डिंग श्रेणी में विजेता चुना गया।

इस श्रेणी के लिए चार अन्य लेखक भी दौड़ में थे लेकिन दलाई लामा को पुरस्कार के लिए चुना गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके ऑडियोबुक प्रोजेक्ट मेडिटेशंस : द रिफलेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा के लिए मिला है। उनके अलावा इस श्रेणी में मशहूर कॉमेडियन और लेखक ट्रेवर नोआ ( इंटू द अनकट ग्रास) , केतनजी ब्राउन जैक्सन (लवली वन) और कैथी गार्वर (एल्विस रॉकी एडं मी) जैसे नाम शामिल थे।

पुरस्कार की घोषणा के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आध्यात्मिक संत दलाई लामा ने अपनी चिर-परिचित सादगी और विनम्रता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि मैं इस सम्मान को कृतज्ञता और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूँ। मैं इसे किसी व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि हमारी साझा वैश्विक जिम्मेदारी की पहचान के रूप में देखता हूँ। मेरा मानना है कि शांति, करुणा, पर्यावरण की देखभाल और मानवता की एकता को समझना आज दुनिया के आठ अरब लोगों की भलाई के लिए अनिवार्य है।

दलाई लामा की कृति मेडिटेशंस महज एक किताब का पाठ नहीं, बल्कि यह आत्म-चिंतन और शांति की एक यात्रा है। इसमें उनके गहरे आध्यात्मिक चिंतन और प्रवचनों का संग्रह है। इसमें उनके द्वारा निर्देशित ध्यान और करुणा के दर्शन को आवाज दी गई है। इस ऑडियो नैरेशन का उद्देश्य भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति प्रदान करना है।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,53,320/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,550/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,030/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,00,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में रोकी अतिक्रमण हटाओ मुहिम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पाकिस्तान से आए दलितों की हालत पर गहीर चिंता जताई है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि पाकिस्तान से निर्वासित होकर आए दलितों को सिर्फ भारतीय नागरिकता दे देना ही काफी नहीं है। अदालत ने कहा कि सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे लोगों को रहने के लिए सम्मानजनक आवास की सुविधा उपलब्ध हो। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण हटाओ मुहिम पर रोक लगा दी है और सरकार से चार हफ्तों में जवाब दाखिल करने को कहा है।

### असम में 3.4 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी।** असम के उदालगुड़ी जिले में सोमवार की देर शाम को मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। मिली जानकारी के अनुसार, असम के उदालगुड़ी जिले में 05 बजकर 40 मिनट 55 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 दर्ज की गयी। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों में दहशत फैल गयी।

### रोहित शेट्टी के घर गोलीबारी मामले के आरोपी पांच फरवरी तक रिमांड पर

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की घटना में कथित तौर पर शामिल तीन आरोपियों को पांच फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यहां बताया कि आरोपियों की पहचान स्वप्निल बंदू सकट (23), सिद्धार्थ दीपक येनपुरे (20) और समर्थ शिवशंकर पोमाजी (18) के रूप में हुई है, जिन्हें पुणे से गिरफ्तार किया गया और रविवार देर शाम एक अवकाशकालीन अदालत में पेश किया गया। इस मामले में चौथा आरोपी शुभम लोनकर फरार है।

### लॉर्ड मैंडेलसन ने एपस्टीन से संबंधों को लेकर सत्तारुढ़ पार्टी से दिया इस्तीफा



**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमेरिका में पूर्व राजदूत लॉर्ड पीटर मैंडेलसन ने दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने पिछले संबंधों के बारे में नए खुलासे के बाद सत्तारुढ़ लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार मैंडेलसन कहा कि उन्होंने लेबर सरकार को और शर्मिंदगी से बचाने के लिए पार्टी छोड़ने का फैसला किया।

# राहुल गांधी ने किया पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की किताब का जिक्र, भड़के राजनाथ व अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में एक पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण के मसौदे के कुछ अंश पढ़ने का प्रयास किया, जिस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने विरोध जताया और फिर सदन में सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक एवं हंगामा देखने को मिला।

सदन में गतिरोध बने रहने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपराह्न दो बजकर नौ मिनट पर सभा की बैठक अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस नेता से कई बार यह अपील की कि वह पुस्तक या किसी पत्रिका को सदन में उद्धृत नहीं कर सकते, हालांकि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख का हवाला देते हुए चीन के साथ भारत के सैन्य तनाव का विषय उठाने का प्रयास किया और दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चरित्र के बारे में भी बताया है।

राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर सदन को गुमराह करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। लोकसभा में गतिरोध के समय प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद थे।

राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए अपने भाषण की शुरुआत में ही भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए पलटवार करने का प्रयास किया। उनका कहना था कि सूर्या ने कांग्रेस की देशभक्ति और चरित्र पर सवाल खड़े किए हैं, इसलिए वह एक पूर्व सेना प्रमुख के उस संस्मरण के अंश को पढ़ना चाहते हैं जो एक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।



▸ सदन में सत्तापक्ष व कांग्रेस सदस्यों के बीच हुई तीखी नोकझोंक

## सदन में पुस्तक-पत्रिका में प्रकाशित बातों को नहीं रखा जा सकता : शाह

राहुल गांधी ने जैसे ही संस्मरण पढ़ने का प्रयास किया तो राजनाथ सिंह ने सवाल उठाया कि नेता प्रतिपक्ष को बताना चाहिए कि वह जिस पुस्तक का उल्लेख कर रहे हैं, वो प्रकाशित हुई है या नहीं। गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा कि सदन में पुस्तक और पत्रिका में प्रकाशित बातों को नहीं रखा जा सकता और नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए। बिरला ने राहुल गांधी से कई बार कहा कि वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखें। जब राहुल गांधी इस संस्मरण के कुछ अंश सदन के पटल पर रखने पर अड़े रहे तो बिरला ने कहा, आप लगातार आसन की अवमानना कर रहे हैं...। राहुल गांधी ने कहा कि वह आसन को चुनौती नहीं दे रहे हैं, बल्कि चीन के साथ भारत के रिश्ते के बारे में बात रखना चाहते हैं। सदन में लगातार गतिरोध बने रहने पर बिरला ने लोकसभा की बैठक अराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# बगावती तेवर अब नहीं होंगे बर्दाश्त : भाजपा

## सार्वजनिक मंचों पर पार्टी विरोधी बयानबाजी करने वालों पर गिरेगी गाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। पार्टी कार्यक्रमों और सार्वजनिक मंचों पर बगावती तेवर दिखाने वाले नेताओं और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई की तैयारी है।

सूत्रों के अनुसार, ऐसे नेताओं से जवाब तलब किया जाएगा और संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय मानी जा रही है। यूपी भाजपा की अनुशासन समिति जल्द ही ऐसे नेताओं और पदाधिकारियों को नोटिस जारी करेगी, जिन्होंने हाल के दिनों में पार्टी लाइन से हटकर बयानबाजी की है या सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी से न सिर्फ संगठनात्मक एकता प्रभावित हो रही है, बल्कि जनता के बीच पार्टी की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है।

▸ उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन को लेकर अपनाया सख्त रुख

बीते कुछ समय में कई विधायक, जनप्रतिनिधि और संगठन से जुड़े पदाधिकारी खुलेआम सरकार और संगठन के कामकाज पर सवाल उठाते नजर आए हैं। विकास कार्यों, संगठनात्मक फैसलों और आपसी समन्वय को लेकर सामने आ रही असंतोष की आवाजों ने हाईकमान की चिंता बढ़ा दी है। खासतौर पर 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी किसी भी तरह का आंतरिक नुकसान उठाने के मूड में नहीं है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अब सार्वजनिक मंचों पर अनुशासनहीनता या नेतृत्व के खिलाफ बयान देने को गंभीरता से लिया जाएगा। अनुशासन समिति ऐसे मामलों पर पैनी नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर उदाहरणात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।



नेतृत्व का स्पष्ट संदेश है कि संगठन के भीतर अपनी बात रखने के लिए पार्टी के आंतरिक मंच मौजूद हैं, लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। भाजपा नेतृत्व ने विकास कार्यों की गति और संगठन में बढ़ती आपसी कलह को लेकर भी निगरानी तेज कर दी है। पार्टी का मानना है कि आंतरिक एकजुटता के बिना चुनावी सफलता संभव नहीं है। ऐसे में अनुशासन समिति अब सख्ती के मूड में है और आने वाले दिनों में इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

# इंटरमीडिएट के प्रैक्टिकल एग्जाम की बढ़ाई गई लास्ट डेट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

स्कूलों के लिए अल्टीमेटम जारी

उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर सोमवार को संशोधित आदेश जारी किया है।

परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर 4 फरवरी तक इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक प्रथम चरण की प्रायोगिक परीक्षाएं पहले 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक निर्धारित थीं, लेकिन 1 फरवरी को कुछ विद्यालयों में परीक्षाएं शेष रहने के कारण अब इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 फरवरी 2026 कर दी गई है। सचिव ने अपने आदेश में कहा है कि जनपद स्तर पर सभी संबंधित परीक्षा केंद्रों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि विस्तारित अवधि के भीतर प्रत्येक दशा में इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्ण करा ली जाएं। परिषद ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों, मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों, प्रधानाचार्यों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में समन्वय बनाकर समयसीमा के अंदर परीक्षाएं संपन्न कराएं।

# लाखों मतदाताओं के सूची से हटाये गये नाम : ममता बनर्जी

▸ सीएम ममता ने ज्ञानेश कुमार से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को यहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की और उनसे कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 58 लाख मतदाताओं के नाम बिना उचित प्रक्रिया के सूची से हटा दिये गये हैं।

करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी, सांसद कल्याण बनर्जी और पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य मुद्दा पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर उठे विवाद थे।



चुनाव आयोग से बाहर निकलने के बाद सुश्री बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वह बेहद आहत और दुखी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर पश्चिम बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम बिना उचित प्रक्रिया के हटा दिये गये और लोगों को अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया। सुश्री बनर्जी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव एक उत्सव की तरह होते हैं, लेकिन चुनाव आयोग की कार्रवाई ने इस भावना को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने सवाल किया कि यदि एसआईआर करना ही था, तो इसे चुनावी राज्यों से अलग और बेहतर योजना के साथ क्यों नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा शासित असम में एसआईआर नहीं हुआ, जबकि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को निशाना बनाया गया।

जन्म प्रमाण पत्र मांगे जाने पर आपत्ति जताते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा कि पहले अधिकतर जन्म घरों में होते थे, ऐसे में यह दस्तावेज मांगना अव्यावहारिक है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बूथ लेवल एजेंट समेत 150 से अधिक लोगों की मौत हुई और कई जीवित लोगों को मतदाता सूची में मृत घोषित कर दिया गया, जो पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की तरफ से कहा जा रहा है, उन्होंने जो कुछ भी किया है, वह सही है। ये लोग भाजपा के निर्देश पर काम कर रहे हैं, लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं। मैं लाखों लोगों को दिल्ली ला सकती हूं, और उन्हें किसी के भी सामने पेश कर सकती हूं।

## सीबीआई का बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान ऑपरेशन साइस्ट्राइक में 35 ठिकानों पर छापेमारी, एक गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड एवं सिंगापुर की एजेंसियों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय ऑपरेशन साइस्ट्राइक के तहत अंतरराष्ट्रीय साइबर-वित्तीय अपराध नेटवर्क को ध्वस्त किया।

यह अभियान भारत में 35 स्थानों पर चलाया गया, जिसमें मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के साथ-साथ ऑनलाइन ठगी से जुड़े डिजिटल सबूत और 60 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपित की पहचान फोकरेहरी पीटर के रूप में की गयी है। जांच में पता चला कि आरोपित अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत के नागरिकों को ऑनलाइन ठग रहे थे।

# फ्यूल स्विच में आई खराबी, लंदन से बेंगलुरु आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट रोकी गई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की 787-8 विमान में सोमवार को एक बार फिर तकनीकी खराबी आ गई है। एयरलाइंस की यह फ्लाइट लंदन से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन फ्यूल स्विच खराब होने की वजह से उड़ान को टाल दिया गया है।

एयर इंडिया प्रवक्ता ने बताया कि हमें जानकारी है कि हमारे एक पायलट ने बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी है। इस जानकारी के बाद हमने संबंधित विमान को ग्राउंड कर दिया है और पायलट की चिंताओं की प्राथमिकता के आधार पर जांच कराने के लिए ओईएम को शामिल किया है।




यह मामला विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को भी सूचित कर दिया गया है।

गुजरात के अहमदाबाद में पिछले साल क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान में भी फ्यूल स्विच में गड़बड़ी के बाद हादसे की बात सामने आई थी। फिलहाल लंदन में रोकी गई एयर इंडिया की विमान की जांच जारी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व यूपी समेत 12 राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर जारी किया नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेज इन इंडिया (एनसीसीआई) की नयी याचिका पर सोमवार को केंद्र के साथ-साथ राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश सहित 12 राज्यों को नोटिस जारी किया। एनसीसीआई द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा के जरिये दाखिल इस जनहित याचिका में धर्मांतरण रोधी कानूनों के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एनसीसीआई की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए केंद्र तथा 12 राज्य सरकारों से चार सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया।

**राहत** | सिख, जैन, बौद्ध, मुस्लिम समुदायों के समग्र विकास के लिए परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

# अल्पसंख्यकों से जुड़ी विकास परियोजनाओं के लिए 364 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम पीएमजेवीके के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश के सिख, जैन, बौद्ध व मुस्लिम जैसे अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए लगभग 364 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

ये परिजोजनाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, खेल, महिला एवं बाल कल्याण तथा नगर विकास जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समावेशी विकास की अवधारणा के अनुसार, उत्तर प्रदेश में समाज के कमजोर वर्गों को बुनियादी सुविधाओं के साथ विकास के बेहतर अवसर प्रदान करने का उल्लेखनीय प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में पीएमजेवीके कार्यक्रम के माध्यम से अल्पसंख्यकों के समग्र विकास के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सबसे ज्यादा ध्यान अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर दिया गया है। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग की 10 विभिन्न परियोजनाओं के लिए 114.14 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के लिए 12.78 करोड़ रुपये, प्राविधिक शिक्षा के लिए 42.53 करोड़, चिकित्सा शिक्षा के लिए 27.88 करोड़ और व्यवसायिक शिक्षा के लिए 25.02 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जबकि यूनानी विभाग की परियोजना के लिए 24.98 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के कौशल विकास के लिए पीएमजेवीके के तहत 5.92 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जबकि शारीरिक व खेल क्षमता के विकास के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग की 64.22 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। महिला कल्याण एवं बाल विकास की परियोजनाओं के लिए लगभग 7.79 करोड़ रुपये की स्वीकृत दी गई है। राज्य के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में नगरीय सुविधाओं के विकास के लिए नगर विकास की 6 परियोजनाओं के लिए 22.12 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।




ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग की 2 परियोजनाओं के लिए 3.94 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कृषि एवं सहकारिता विभाग की परियोजनाओं के लिए 10.15 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, दुग्ध विकास विभाग के लिए 1.92 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। केंद्र सरकार के पीएमजीवेके कार्यक्रम के तहत इन परियोजनाओं के सफल संचालन से राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के समग्र विकास के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समावेशी विकास की अवधारणा को भी मजबूती मिल रही है।

# मनरेगा में बड़ा फर्जीवाड़ा : बिना काम चल रहे मास्टर रोल

- एक ही फोटो बार-बार किया जा रहा है अपलोड, जांच शुरू

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। गिरदा और रायगंज गांवों में बिना कोई कार्य कराए ही मजदूरों के नाम से मास्टर रोल चलाए जाने का आरोप लगा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार काम के नाम पर एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। इतना ही नहीं, जिन गांवों में काम नहीं हुआ, वहां दूसरे गांवों के लोगों के नाम मजदूरों की सूची में दर्ज कर भुगतान निकाला जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जानकारी खंड विकास अधिकारी को दूरभाष के माध्यम से दी, जिसके बाद मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया कि 'मामला हमारे संज्ञान में आया है।

इसकी जांच कराई जा रही है। यदि आरोप सही पाए गए तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।'

मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना में हो रही इस कथित धांधली से क्षेत्र के मजदूरों में भारी नाराजगी है। अब सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

# एसडीएम महसी को हटाने की मांग पर कलमबंद हड़ताल जारी

- आलोक प्रसाद को अविलंब हटाने की मांग, 40 लाख का राजस्व नुकसान

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

महसी तहसील में एसडीएम आलोक प्रसाद को तत्काल हटाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन और कलमबंद हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। अधिवक्ता 28 जनवरी से क्रमिक धरने पर बैठे हैं।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम आलोक प्रसाद ने अपने चैंबर में बातचीत के लिए पहुंचे अधिवक्ता शिष्टमंडल के साथ 'दुर्भावनापूर्ण व्यवहार' किया था। इस घटना के बाद से अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।अधिवक्ताओं ने इस मामले की जानकारी उत्तर प्रदेश शासन और अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र के माध्यम से दी है, लेकिन उन्हें अब तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। कलमबंद हड़ताल के कारण सरकार को अनुमानित 40 लाख रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।



इसके चलते वादकारी और फरियादी बिना काम कराए वापस लौट रहे हैं।

इस हड़ताल में समस्त बैनामा लेखक, मुंशी और क्षेत्रीय संभ्रांत लोग भी शामिल हो गए हैं, जिससे प्रदर्शन का दायरा बढ़ गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वे एसडीएम आलोक प्रसाद को तत्काल हटाने के अलावा किसी अन्य समाधान पर विचार करने को तैयार नहीं हैं।

उन्होंने शासन और जिला प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेकर शीघ्र उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार और वर्तमान न्यायिक तहसीलदार हरिश्चंद्र पटेल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

उनके अनुसार, ये अधिकारी आर्थिक लाभ लेकर मुकदमों में आदेश पारित करते हैं और क्षेत्र में पकड़ी गई बालू तस्करी से संबंधित ट्रैक्टर-ट्रॉली व मडरोलर को अवैध रूप से आर्थिक लाभ लेकर छोड़ देते हैं।

धरना प्रदर्शन में बार एसोसिएशन महसी के अध्यक्ष भारत प्रसाद मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राजवंत मिश्रा महामंत्री रामकर्ण त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी, रुद्र त्रिपाठी, सर्वेश अवस्थी, फुन्नी लाल बाजपेई, अधिवक्ता हिमांशु मोहन मिश्र, अमर नाथ त्रिवेदी, सत्यप्रकाश बाजपेई, विजय नारायण अवस्थी, विशाल मिश्रा, विजय बाजपेई, विजय शुक्ला, स्टाम्प वेंडर राम सबूरे बाजपेई सहित सैकड़ों अधिवक्ता और वादकारी शामिल रहे।

# रिबोर के नाम पर लाखों का खेल, ग्राम पंचायत में हैंडपंप घोटाले का आरोप

## एडीओ पंचायत ने जाहिर की अनभिज्ञता, उच्च अधिकारियों से शिकायत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कथित अनियमितताओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बौंडी ग्राम पंचायत का है, जहां हैंडपंप रिबोर के नाम पर बड़े पैमाने पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। गांव निवासी प्रमोद ठठेर ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर पंचायत में हुए कथित घोटाले की जांच कराने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत में लगभग 80 हैंडपंपों का रिबोर दिखाया गया है, जिन पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया है।




**रिबोर के बाद निकली सामग्री गायब**

शिकायतकर्ता का आरोप है कि रिबोर के बाद जो पुरानी व खराब पाइप व अन्य सामग्री निकली, उसका आज तक कोई लेखा-जोखा नहीं है। न तो वह पंचायत के स्टोर में जमा है और न ही कहीं और उसका कोई रिकॉर्ड मौजूद है, जिससे संदेह और गहरा गया है।

**फर्जी लंबाई दिखाकर भुगतान का आरोप**

प्रमोद ठठेर का कहना है कि कई हैंडपंपों में 100 से 120 फीट तक रिबोर दिखाकर भुगतान लिया गया, जबकि वास्तविकता में पाइप केवल 50 से 60 फीट ही डाले गए। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।

**समरसेबुल सप्लाई में भी गड़बड़ी**

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि नवंबर 2025 में शिवपुर बाजार के पुराने डाकघर के पास समरसेबुल की आपूर्ति दिखाकर भुगतान किया गया, जबकि वहां कोई सरकारी डाकघर मौजूद ही नहीं है। आरोप है कि वह समरसेबुल की सप्लाई निजी व्यक्ति के घर में दी जा रही है।

**जिम्मेदार अधिकारी मौन**

इस पूरे मामले में ग्राम सचिव मोहम्मद शोएब से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेंद्र प्रसाद ने मामले की जानकारी देने के बजाय अनभिज्ञता जताई। अब देखना होगा कि शिकायत के बाद प्रशासन इस कथित घोटाले की जांच कर दोषियों पर क्या कार्रवाई करता है।

## सड़क किनारे थैले में मिला नवजात का शव मानवता शर्मसार

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत विशेश्वरगंज-इकौना मार्ग पर ग्राम जलालपुर के पास सोमवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। सड़क किनारे पड़े एक थैले में नवजात शिशु का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सुबह राहगीरों की नजर जब सड़क किनारे पड़े संदिग्ध थैले पर पड़ी तो उन्होंने पास जाकर देखा। थैला खोलते ही भीतर नवजात का शव देखकर लोग स्तब्ध रह गए। देखते ही देखते सूचना गांव में फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जन्म के तुरंत बाद नवजात को थैले में बंद कर विशेश्वरगंज-इकौना मार्ग पर फेंक दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

# मिट्टी भरने पर मांगी रिश्वत, दारोगा-सिपाही की दबंगई उजागर, 30 हजार ऐंठे, दोनों निलंबित

**आईजी देवीपाटन मंडल ने की कार्यवाही**

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना मोतीपुर पुलिस की दबंगई और भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बेटी की शादी के लिए घर का गड्ढा भरवाने जा रहे एक गरीब व्यक्ति से अवैध खनन के नाम पर 30 हजार रुपये की रिश्वत वसूल ली गई। मामला उजागर होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर दारोगा और हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। बेगम पुरवा, मटेही कला निवासी निजामुद्दीन पुत्र मुन्ना ने बताया कि 7 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे वह ठेला गाड़ी से डॉक्टर कुनियाघाट से मिट्टी लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान थाना मोतीपुर में तैनात उपनिरीक्षक अमरेश गिरी और हेड कांस्टेबल शैलेंद्र यादव ने उसे रोक लिया। दोनों ने ठेला गाड़ी जब्त करने और थाने ले जाने की धमकी देते हुए अवैध खनन का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की बात कही। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने खुलेआम 30 हजार रुपये की मांग की और कहा कि रुपये नहीं दिए तो जिंदगी तबाह कर देंगे। बेटी की शादी सिर पर होने के कारण घबराए शिकायतकर्ता ने उधार लेकर रुपये दिए। इसके बाद पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए देवीपाटन परिक्षेत्र, गोंडा की भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधी सेल से गोपनीय जांच कराई। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा द्वारा कराई गई विस्तृत जांच में भी दारोगा और सिपाही की करतूतों की पुष्टि हो गई। जांच रिपोर्ट आते ही दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की दंड एवं अपील नियमावली-1991 के तहत विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस विभाग ने साफ संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों पर आगे भी इसी तरह कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# दबंग भूमाफिया पर जमीन हड़पने का आरोप, पीड़ित ने जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह की दी चेतावनी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार जहां जीरो टॉलरेंस नीति की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर ज़िले में दबंग भूमाफियाओं पर जमीन हड़पने के गंभीर मामले सामने आ रहे हैं। ताज़ा मामला परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चरौंहा निवासी एक वृद्ध व्यक्ति से जुड़ा है, जिसने प्रशासनिक स्तर पर सुनवाई न होने से आहत होकर जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह की चेतावनी दी है। पीड़ित राजपति सिंह पुत्र स्वर्गीय रामनरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए लिखित प्रार्थना पत्र में बताया कि वह बचपन से ही ग्राम महेशपुर, परगना नवाबगंज, तहसील तरबगंज में रह रहा है। वहीं रहकर उसने कामता प्रसाद सुन्दरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या (फैजाबाद) से बीए व एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। राजपति सिंह के अनुसार ग्राम महेशपुर में निवास के दौरान वह कई खातों की भूमि पर विधिवत कब्जे में आकर कृषि कार्य करता रहा। बाद में गांव में चकबंदी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें दीर्घकालीन कब्जे के आधार पर सहायक चकबंदी अधिकारी के आदेश से बकाया लगान जमा कराते हुए उसका नाम संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज किया गया। चकबंदी के दौरान सीएच-23, सीएच-41 और सीएच-45 बनते हुए अंततः नई खाता संख्या-103 में गाटा संख्या-399 (रकबा लगभग 9.16 एकड़) उसके नाम दर्ज हुई। इसके बाद कई वर्षों तक खतौनियां भी उसके नाम से चलती रहीं। पीड़ित का आरोप है कि ग्राम महेशपुर के कुछ भूमाफियाओं ने साजिश के तहत एक कथित महिला संजू देवी उर्फ गायत्री देवी को उसकी पुत्री दर्शाते हुए गाटा संख्या-399 का प0क0-11 आदेश दिनांक 27 जुलाई 2006 को फर्जी तरीके से दर्ज करा लिया। जानकारी होने पर उसने उक्त आदेश को निरस्त कराने के लिए तहसील तरबगंज में प्रार्थना पत्र दिया, जो लंबे समय तक विचाराधीन रहा। इसी दौरान भूमाफियाओं द्वारा उसकी पत्रावली तहसील से गायब करा दी गई। आरोप है कि इसी प0क0-11ख आदेश के आधार पर संजू देवी उर्फ गायत्री देवी ने उक्त भूमि का बैनामा कई लोगों के पक्ष में कर दिया।




## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश तिथियां बढ़ीं, अब 15 फरवरी तक आवेदन का अवसर

# प्रवेश प्रक्रिया समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से कराई जाए : आयुक्त

- कम आवेदन मिलने पर बदला प्रवेश कार्यक्रम, अधिक बच्चों को मिलेगा मौका
- अटल आवासीय विद्यालय में सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया हुई विस्तारित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए में कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि विस्तारित कर दी गई है। महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय द्वारा इस संबंध में सभी मण्डलायुक्त को निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार विभिन्न मण्डलों से अपेक्षाकृत कम आवेदन प्राप्त होने के दृष्टिगत अधिक से अधिक पात्र बच्चों को अवसर देने के उद्देश्य से तिथियों में संशोधन किया गया है। अब ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है, जो पूर्व में 31 जनवरी 2026 थी। आवेदनों का सत्यापन 25 फरवरी 2026 तक किया जाएगा, जबकि प्रवेश पत्र 26 से 28 फरवरी 2026 के बीच जारी होंगे। प्रवेश परीक्षा 08 मार्च 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम 18 मार्च 2026 को घोषित किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग एवं ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया 20 मार्च से 29 मार्च 2026 के मध्य संपन्न कराई जाएगी। नया शैक्षणिक सत्र 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उप श्रमायुक्त को निर्देश दिये है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध व सुचारु रूप से संपन्न कराएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र छात्र लाभान्वित हो सकें।




## खबरें एक नजर में

### एंटी रोमियो टीम ने स्कूल में बच्चों को दी गुड टच-बैड टच की जानकारी

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना सादुल्लानगर की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम मनीगढ़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी दी गई। टीम ने बच्चों को समझाया कि किसी भी असहज स्थिति में कैसे सतर्क रहें और तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को सूचना दें। महिला आरक्षी पूजा चौधरी ने बच्चों से संवाद करते हुए आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया तथा आपात स्थिति में मदद लेने के उपाय बताए। कंस्टेबल उमेश पासवान ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर डरें नहीं और तुरंत सहायता लें। कार्यक्रम के अंत में बच्चों से प्रश्न-उत्तर के माध्यम से उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

### छुट्टा गोवंशों पर चला नगर पालिका का अभियान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** नगर क्षेत्र में सड़कों पर विचरण कर रहे छुट्टा गोवंशों से आमजन को हो रही परेशानियों को देखते हुए सोमवार को उतरौला नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगरपालिका के कर्मचारियों ने सड़क पर घूम रहे छुट्टा गाय व सांडों को सुरक्षित रूप से पकड़कर वाहन के माध्यम से गौशाला भिजवाया। नगर में बड़ी संख्या में गोवंशों के सड़कों पर विचरण करने से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कई स्थानों पर यातायात बाधित होने से लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही थी। नगरपालिका कर्मचारियों ने अभियान के दौरान निराश्रित गोवंशों को बिना किसी क्षति के पकड़कर ग्राम तिलखी बढ़या स्थित नगर पालिका द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला में पहुंचाया, जहां उनके लिए चारा, पानी और देखभाल की उचित व्यवस्था की गई है। इस पहल से जहां एक ओर नगर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था सुचारू हुई है, वहीं दूसरी ओर गोवंशों को सुरक्षित आश्रय भी मिल सका है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की सराहना की है।

### तीन दशक बाद भी अधूरा डूडा का मैरिज हाल बना कबाड़खाना, जनता को नहीं मिली सुविधा

उतरौला (बलरामपुर)। नगर के पटेल नगर मोहल्ले में डूडा (जिला नगरीय विकास अभिकरण) द्वारा निर्मित मैरिज हाल आज अपने अस्तित्व के तीन दशक पूरे कर चुका है, लेकिन दुर्भाग्यवश यह भवन आज तक नगर पालिका परिषद उतरौला को हस्तांतरित नहीं हो सका। नतीजतन यह मैरिज हाल जनता की सुविधा बनने के बजाय उपेक्षा, अव्यवस्था और अराजकता का शिकार होकर कबाड़खाने में तब्दील हो गया है। बताया जाता है कि सुश्री मायावती के शासनकाल में पटेल नगर में आवासीय कॉलोनी का निर्माण कराया गया था। इसी कॉलोनी के सामने गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती दरों पर विवाह व अन्य सामाजिक आयोजनों की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक सार्वजनिक मैरिज हाल का निर्माण शुरू कराया गया। परंतु निर्माण कार्य को अंजाम देने वाली संस्था ने इसे अधूरा छोड़ दिया। परिणामस्वरूप आज यह भवन टूटी खिड़कियों, उखड़े प्लास्टर, टूटे दरवाजों और चारों ओर फैली भीषण गंदगी की तस्वीर पेश कर रहा है। मैरिज हाल के अंदर बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है।

# होनहार छात्रा तेजस्वी श्रीवास्तव ने जिले का नाम किया रोशन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** शिक्षा के क्षेत्र में गोंडा जिले का नाम एक बार फिर गर्व से ऊँचा हुआ है। मालवीय नगर निवासी होनहार छात्रा तेजस्वी श्रीवास्तव ने वर्ष 2025 में आयोजित पॉलीटेक्निक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले और नारी शक्ति का मान बढ़ाया है। तेजस्वी की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं क्षेत्रवासियों में भी हर्ष और उत्साह देखने को मिल रहा है। अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए तेजस्वी ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा, 'लगातार पढ़ाई, सही दिशा में मार्गदर्शन और आत्मविश्वास ही मेरी सफलता की असली कुंजी रहे हैं। तेजस्वी के पिता उमेश कुमार श्रीवास्तव, जो एक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पत्रकार हैं, ने बेटी की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि तेजस्वी की मेहनत आज रंग लाई है और यह पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय है। बेटी इस समय उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद से इ सी इ से बेटेक की शिक्षा ग्रहण कर रही है।



**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2708847 का अंकपत्र/ सह प्रमाणपत्र खो गया है।

**पलक पांडे पुत्री राकेश कुमार पाण्डेय कानूनगोपुरा उत्तरी जनपद-बहराइच।**

**कार्यालय नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच**

**पत्रांक संख्या- 255/न0प0रि0/2026** **दिनांक 02.02.2026**

**अल्पकालिक ई- निविदा सूचना**

समस्त विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है 15वां वित्त आयोग योजना से बायो कम फाइटो रेमिडेशन कार्य हेतु ई- निविदा के माध्यम से दिनांक 04.02.2026 से दिनांक 29.02.2026 को अपराह्न 12:30 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र ई -टेंडर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकि विड को दिनांक 19.02.2026 को अपराह्न 4.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों व अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा।ई- निविदा सम्बंधी समस्त कार्य शर्तें एवं अन्य विवरण ई निविदा की वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रिसिया बहराइच**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रिसिया बहराइच**

## आर.एन. पांडे हॉस्पिटल गोंडा में आज से 10 फरवरी तक चलेगी शिव महापुराण कथा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गत वर्ष कीभति इस वर्ष भी डॉक्टर आर एन पांडे अस्पताल में शिव महापुराण कथा का आयोजन मुख्य यजमान डॉक्टर राजेश कुमार पांडे एवं श्रीमती प्रतिभा पांडे के द्वारा आयोजित किया गया है यह कथा 2 फरवरी दिन सोमवार से शुरू होकर 10 फरवरी दिन मंगलवार तक चलेगी जिसका प्रतिदिन सीधा पसारण दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक किया जएगा कहते हैं यूं तो जीवन के हर क्षण का मोल है परंतु जो क्षण भजन में लग जाऐ वह अनमोल बन जाता है इस अमर कथा का आयोजन श्री वृंदावन धाम से पधारे पुराण मनीषी पूज्य श्री कौशिक जी के श्रीमुख से निसृत होने जा रहा है अतः आपसे अनुरोध है कि आप भी जीवन को अनमोल बनाने के लिए अपने मित्रों के साथ अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य आयोजन में पधार कर पुण्य का लाभ प्राप्त करें।

NAGAR PALIKA PARISHAD GONDA (NPPG)

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26**

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोण्डा**

**नगर वासियों के लिए अपील**

नगर पालिका परिषद गोण्डा के समस्त सम्मानित नागरिकों से विनम्र निवेदन है कि गोण्डा को प्रदेश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर पालिका प्रशासन निरंतर प्रयासरत है किन्तु यह आपके सहयोग के बिना संभव नहीं है। अतः आप सभी से निम्नलिखित बिंदुओं पर सहयोग की अपेक्षा है :-

- **कचरा पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन) अपनाएं-**
  - कूड़ा के सही निस्तारण के लिए कचरे को घर पर ही अलग-अलग करें।
  - नीला कूड़ेदान (सूखा कचरा)-प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच, रबर और कपड़े।
  - हरा कूड़ेदान (गीला कचना)-फलों-सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन, फूल-पत्तियां और रसोई का अन्य कचरा। घर पर ही अलग-अलग करें।
- **डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का सहयोग करें-**
  - कूड़ा, नगर पालिका की कचरा गाड़ी को ही दें।
  - सड़कों, नालियों या खाली भूखण्डों में कूड़ा न फेकें। इससे जलभराव और बीमारियां फैलने का खतरा रहता है।
- **सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें ना-**
  - प्रतिबंधित प्लास्टिक और थर्माकोल का प्रयोग न करें।
  - बाजार जाते समय अपने साथ कपड़े या जूट का थैला अवश्य रखें।
- **सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान करें-**
  - सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें और न ही दीवारें गंदी करें।
  - यदि आपके आसपास कोई खुले में कूड़ा डाल रहा है, तो उसे जागरूक करें।

**गंदगी से नाता तोड़ें, स्वच्छता से रिश्ता जोड़ें।**

नगर पालिका परिषद, गोण्डा आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। आइए, हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाएं।

**नगर पालिका परिषद गोण्डा।**

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, मंगलवार 03 फरवरी, 2026



## खबरें एक नजर में

### मोनिका गुप्ता नारी गौरव सम्मान से सम्मानित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कल्यानी हेल्थ वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बालीवुड मिस्टर, मिस एवं मिसेज इण्डिया प्रतियोगिता में मिसेज कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल करने पर राजधानी की मोनिका गुप्ता को संस्था की तरफ से नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती मीना भारती ने कहा कि यह सम्मान केवल मोनिका के लिए नही बल्कि पूरे नारी समाज, खास तौर से लखनऊ के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सम्मान समारोह में सम्मान लेने के उपरान्त पत्रकारों से बातचीत में मोनिका गुप्ता ने कहा कि यह समय आधी आबादी के लिए स्वर्णिम युग से कम नही है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वर्तमान समाज में प्रतिस्पर्धा सबसे महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा बालिका,महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में षामिल होकर बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। पिछले कुछ समय से समाज में काफी तेजी से बदलाव आया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी बालिका षिक्षा चरम पर है। आज बालिकाए एवं महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। हमें जो भी अवसर मिल रहे हैं उनका हमें हर स्तर पर समुचित उपयोग करते हुए अपने परिवार एवं समाज का नाम रोषन करना है। मुझे जो कुछ भी हासिल हुआ है यह एक लम्बे संघर्ष का प्रतिफल है। आने वाले समय में अगर सरकार, समाजिक संस्थाएं मुझे समाज के उत्थान के लिए कोई अवसर देती हैं तो मै उसका स्वागत करते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन करूगी।उन्होंने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपनें पति इंजीनियर राम बाबू और बेटी अदविता रमोनिका के असीम सहयोग के लिए पति, बेटी, और अपनी माता मीना गुप्ता जी का दिल से आभार भी जताया।

### डीपीएस में उत्साह व खेल भावना के साथ टेनिस टूर्नामेंट आयोजित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, एल्डिको ने 2 फरवरी, 2026 को बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ इंटर-स्कूल लॉन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया। टूर्नामेंट में लखनऊ और कानपुर के लगभग 20 स्कूलों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन जीवंत और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बन गया। मैच दो श्रेणियों में आयोजित किए गए – अंडर 10 और अंडर 12, लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए, जो युवा एथलीटों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक उचित और उत्साहजनक मंच प्रदान करता है। पूरे मैच के दौरान छात्रों ने उल्लेखनीय टीम वर्क, अनुशासन और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव, पुनीत अग्रवाल की उपस्थिति रही, जिन्होंने सभा को संबोधित किया और आत्मविश्वास और नेतृत्व के निर्माण में खेल की भूमिका पर जोर देकर प्रतिभागियों को प्रेरित किया। सम्मान और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में मुख्य अतिथि को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रिंसिपल, मनीषा अंथवाल के प्रेरक शब्दों ने छात्रों को कोर्ट के अंदर और बाहर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देते हुए टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### महापौर ने रक्षा मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को दिल्ली में देश के यशस्वी रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर में संचालित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। महापौर ने नागरिक सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा शहरी विकास से जुड़े प्रमुख बिंदुओं से अवगत कराया। रक्षा मंत्री ने नगर के समग्र विकास के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान किए।

# यूपी में निवेश विस्तार को लेकर उत्साहित सिंगापुर की कम्पनी

## एपी मोलर माएर्स्क के प्रमुख ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात, निवेश विस्तार पर हुई चर्चा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को विदेशी निवेशकों से निरंतर समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में सिंगापुर की अग्रणी एकीकृत कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर माएर्स्क के प्रबंध निदेशक रीन पील पेडरसन ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश विस्तार को लेकर गहन चर्चा हुई। पेडरसन के साथ भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका क्षेत्र के बिजनेस डेवलपमेंट एवं रेगुलेटरी अफेयर्स के



हेड विवेक शर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी के साथ हुई बैठक में उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाओं, उद्योगों के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल तथा राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेज़ी से विकसित हो रहे राज्यों में शामिल है और यहां निवेशकों के लिए सुरक्षित, स्थिर और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम, त्वरित स्वीकृतियां, नीति आधारित प्रोत्साहन और मजबूत कानून व्यवस्था के माध्यम से सरकार निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स हब, औद्योगिक कॉरिडोर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते उत्तर प्रदेश निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन चुका है। उन्होंने एपी मोलर माएर्स्क को राज्य में अपने निवेश का विस्तार करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार आवश्यक भूमि, कनेक्टिविटी और नीतिगत सहयोग सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने बताया कि बैठक में हमने उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों और यहां के निवेश अनुकूल माहौल को लेकर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चा की। हमारी कंपनी पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से इस राज्य में निवेश कर रही है।

इस विशेष चर्चा के दौरान हमने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण और अपने व्यवसाय के विस्तार में राज्य सरकार से मिले पूर्ण सहयोग को लेकर अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए। हम भविष्य में भी उत्तर प्रदेश में अपने कारोबार के विस्तार के लिए नए निवेश अवसरों की तलाश करने के लिए उत्सुक हैं।

### बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना

एपी मोलर माएर्स्क शिपिंग, बंदरगाह, जल परिवहन और अंतर्देशीय लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर की कंपनी है। इसके संभावित निवेश से उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को मजबूती, औद्योगिक गतिविधियों में तेजी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना है, जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### प्रधानमंत्री से मिले ऊर्जा मंत्री बजट के लिए जताया आभार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने केंद्रीय बजट, 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे समावेशी विकास और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाली मजबूत आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, व्यापारी और शहरी-ग्रामीण आबादी-को साथ लेकर आगे बढ़ने वाला बजट है, जिसमें सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और समेकित विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। श्री शर्मा ने जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उनका विशेष आभार जताया। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से मिलकर उत्तर प्रदेश को विशेष प्राथमिकता देने के लिए उनका भी आभार जताया। सौर ऊर्जा से संबंधित प्रावधानों के संबंध में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सोलर ग्लास के मुख्य घटक सोडियम एंटीमोनाइट को कस्टम ड्यूटी से छूट दिए जाने से पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय तेजी आएगी। केंद्र सरकार द्वारा म्युनिसिपल बॉन्ड को बढ़ावा देने के प्रावधानों से शहरी निकाय आत्मनिर्भर बनेंगे। टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों के लिए धन आवंटन में वृद्धि से उत्तर प्रदेश के लगभग 45 शहरों में आधारभूत संरचना के विकास को गति मिलेगी।

## एमओबीसी के सफल समापन पर भव्य परेड आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-255 के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी) आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ में एक कोर्स समापन परेड आयोजित की गई।

नौ हफ्ते के इस कोर्स में युवा आर्म्ड फोर्सेज़ मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स



को इंटेंसिव कॉम्बैट मेडिकल सपोर्ट ट्रेनिंग दी जाती है ताकि वे अपनी ड्यूटी अच्छे से कर सकें और इन युवा प्रोफेशनल्स को यूनिफॉर्म में मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स में बदला जा सके। ऑफिसर्स ने ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स में भी हिस्सा लिया। उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में सिखाया गया जो आज की पीढ़ी के युद्धों को आकार दे रही हैं। इस पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 32 महिला अधिकारियों सहित 123 अधिकारी शामिल थे। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया जो आकर्षण का केन्द्र रहा।

## जियो-बीपी ने लॉन्च की इंजन क्लीनिंग एक्टिव टेक्नोलॉजी

**लखनऊ/अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडिया एनर्जी वीक 2026 के दौरान जियो-बीपी के स्टाल का दौरा किया, जहां क्रांतिकारी एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल प्रदर्शित किया गया था। जियो-बीपी के चेयरमैन सार्थक बेहुरिया ने कहा कि जियो-बीपी एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ हम ऐसा पेट्रोल लेकर आए हैं जो चलते-चलते इंजन को साफ करता है और नुकसानदायक जमाव को हटाने में मदद करता है। हमारा उद्देश्य उन्नत फ्यूल टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाना है, ताकि हाई-परफॉर्मेंस इंजन सफाई को एक मानक सुविधा के रूप में उपलब्ध कराया जा सके और पूरे भारत के ग्राहक हर दिन इसका लाभ उठा सकें।

## घपलेबाज भाजपाई अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कर रहे कोशिश : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने वाले फार्म-7 के कथित दुरुपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि कथित तौर पर भाजपाई घपलेबाज खुद फार्म-7 छापकर और नकली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उनका आरोप है कि बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रुक नहीं रही है। उन्होंने कहा कि फार्म-7 का गैरकघनूनी इस्तेमाल एक बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सजाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके।

सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता अपने स्तर पर इस कथित फर्जीवाड़े का पर्दाफेड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। अखिलेश यादव ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चाहे वह गाँव-मोहल्ले का स्थानीय मंच हो या जिला-मंडल-राज्य स्तर का मीडिया, जो भी इस मुद्दे को उठाकर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका निभा रहा है, समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी है। उन्होंने इस महा-घोटाले का भंडाफेड़ करने और तथ्यों को सामने लाने का आग्रह किया है।

## रोडवेज बसों से एक फरवरी तक प्रयागराज पहुंचे 10 लाख श्रद्धालु : दयाशंकर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी द्वारा इस वर्ष के माघ मेले और कुंभ स्नान के सफल आयोजन हेतु व्यापक बस सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। पूरे प्रदेश से लगभग 3800 बसें माघ मेले हेतु लगायी गयी है।

माघ मेला 2026 के दौरान 1 फरवरी तक लगभग 10 लाख श्रद्धालु एवं पर्यटक प्रयागराज पहुँचे, संगम के पावन धरा पर स्नान का पुण्य लाभ उठाया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा भी उपलब्ध करवाई है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने माघ मेले के दौरान प्रयागराज आने-जाने के लिए विशेष बस सेवाओं का संचालन किया, जिनमें एसी और नॉन-एसी बसों की व्यवस्था की गई। यह बसें प्रमुख शहरों और गाँवों से प्रयागराज तक सस्ती एवं सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान की। बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया। बसों में सुरक्षा व्यवस्था, सैनेटाइजेशन और स्टाफ की पर्याप्त तैनाती की गई थी ताकि यात्रियों को पूरी सुरक्षा और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके।



## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**तिलहर–शाहजहांपुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर घायल हुए युवक के पिता ने घटना की चौथे नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रानीखिरिया निवासी श्रीपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका बेटा राजकुमार 29 जनवरी की रात करीब आठ बजे गांव में ही कामता के घर के दक्षिण सड़क पार अर्धनिर्मित बने हुये मंदिर के पास लगे ईंटो के चट्टे के पास खड़ा था। इसी दौरान थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव चक्रमाली निवासी रामकुमार उर्फ पप्पू पुत्र बड़काई ने तेज रफ्तार व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते उसे टक्कर मार दी। जिससे बेटे की दाये पैर की जांघ टूट गयी। बाये पैर की ऐडी तथा बांये कन्धे में भी काफी चोट आयी। डायल 112 ने एंबुलेंस से घायल बेटे को अस्पताल भिजवाया था। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### माघ मेला अंतर्गत पूर्णिमा पर हुई गंगा महाआरती



**शाहजहांपुर।** प्रभागीय वनाधिकारी सचिव, जिला गंगा समिति सचिन कुमार के निर्देशन में विकास खण्ड मिर्जापुर स्थित ढाई घाट पर नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत जिला गंगा समिति एवं जिला पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव द्वारा स्वामी गंगा प्रसाद ओदिव्य के नेतृत्व में वैदिक श्लोकों एवं मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का पूजन कर किया गया। पूजन उपरांत परमार्थ निकेतन से प्रशिक्षण प्राप्त आशीष मिश्रा व स्वामी अरविन्दाचार्य जी के नेतृत्व में अतिथियों सहित सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मां गंगा की आरती की तथा मुख्य अतिथि द्वारा मां गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया एवं जिला परियोजना अधिकारी डा. विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य अतिथि को मां गंगा का चित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया, साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा मेला अन्तर्गत पूर्ण माह योगदान देने वाले अपर मुख्य अधिकारी महावीर सिंह, सहायक राजस्व निरीक्षक विनोद गुप्ता, पंकज गुप्ता, स्वाति, दुर्गेजी, प्रदीप मिश्रा, प्रचारक रामसिंह, मुकेश सिंह परिहार, आशीष मिश्रा, रजनीश, धीरेन्द्र, अंशुल दीक्षित को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गंगा सम्मा, राष्ट्रीयस्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मेरा युवा भारत के सम्मानित कार्यकर्ता व अनेकानेक भक्तजन उपस्थित रहे।

### घर में घुस कर लाखों की नकदी सहित जेवरात लूट ले गये बदमाश

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम याकूतपुर डडिया निवासी रूबी पत्नी हरवीर ने पांच अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार बीती 31 जनवरी की रात करीब 12 बजे पांच बदमाश लाठी-डंडे और बांका लेकर उसके घर में घुस आए और मारपीट कर लाखों की नकदी व जेवरात लूट ले गए। पीड़िता ने बताया कि वह शनिवार की रात अपने चार वर्षीय बेटे आयुष के साथ घर में सो रही थी। उसके पति ढाईघाट मेले में दुकान लगाने गए हुए थे। इसी दौरान रात्रि करीब 12 बजे पांच बदमाश घर में घुस आए। बदमाशों ने उसे दबोच लिया और शोर मचाने पर एक बदमाश ने उसकी गर्दन पर बांका रखकर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर बदमाशों ने महिला के साथ जमकर मारपीट की। बच्चे के रोने पर बदमाशों ने उसे भी थप्पड़ मारकर चुप करा दिया। आरोप है कि बदमाशों ने घर में रखी लोहे की अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी तीन लाख रुपये नकद निकाल लिए। साथ ही लगभग 12 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात से भरा संदूक उठाकर ले गए। बदमाशों ने खेतों में संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखी सोने की चैन, हार, झाले, तीन अंगूठियां, दो जोड़ी पायल निकाल लीं। इसके अलावा महिला के कानों में पहने कुंडल और पैरों की पायल भी नोचकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ खेतों में तलाश कर टूटा हुआ संदूक और बांका बरामद किया। रविवार सुबह पीड़िता ने थाने में लिखित तहरीर दी, लेकिन समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई इस संबंध में थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जानकारी के अनुसार तहरीर देने वाले पक्ष पर काफी देनदारी है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

### वित्तमंत्री ने कचहरी राजीव सभागार के एक्सटेंशन को दी 15 लाख की स्वीकृति



**शाहजहांपुर।** एक सप्ताह के अंदर वित मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को दूसरी सौगात दी गई है। जिसमें उन्होंने बार एसोसिएशन अध्यक्ष व महासचिव के प्रस्ताव पर कचहरी स्थित राजीव सभागार के एक्सटेंशन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृति दे दी है। वित मंत्री ने सीडीओ को पत्र लिखकर कहा कि मेरे विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि 135 सदर से 15 लाख केन्द्रीय अधिवक्ता संघ सेन्ट्रल बार एसोसिएशन को उनके मीटिंग हॉल के एक्सटेंशन को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को जारी करवा दें। मीटिंग हॉल एक्सटेंशन के लिए धनराशि की स्वीकृति पर अधिवक्ताओं ने मंत्री का आभार जताया है। जानकारी बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जल्द ही राजीव सभागार हाल के एक्सटेंशन कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

# विश्व आद्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल का किया आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वन विभाग द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार की अध्यक्षता में फकरगंज स्थित वेटलैंड पर विश्व आद्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं द्वारा रैली के माध्यम से आद्रभूमि व पक्षियों के संरक्षण विषयक नारों से आकाश गुंजायमान किया। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ0 सुशील कुमार के निर्देशन में सभी ने विभिन्न पक्षियों सारस, बगुला, नीलकंठ, डोंगो, बबलर, किंगफिशर, पौंड हेरोन आदि पक्षियों को देखा साथ ही उनके बारे में जाना। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा आद्रभूमि संरक्षण हेतु अंतरराष्ट्रीयस्तर पर हुई रामसर संधि के बारे में चर्चा की तथा जैव विविधता को खाद्य श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। वर्ष 2026 की थीम आद्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान सांस्कृतिक विरासत का उत्सव के बारे में बताते हुए वरिष्ठ ग्रामवासियों से अपील करते हुए पारंपरिक ज्ञान से पर्यावरण संरक्षण की ओर आगे आने हेतु अनुरोध किया। उप प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा वैटलैंड को पर्यावरण के गुर्दे की संज्ञा देते हुए उसके महत्त्व पर चर्चा की। क्षेत्रीय वनाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद ने जैव विविधता पर विस्तृत व्याख्यान दिया व तालाब व पक्षियों का संरक्षण पर जोर दिया। पक्षियों पर शोध कर रही निधि शर्मा ने पक्षियों की विशेषताओं के बारे में बताया तथा उनकी उपयोगिता व आवश्यकता पर चर्चा की। क्विज व लूडो प्रतियोगिता अंतर्गत राज कमल, नंदिनी, कौशल, मोहन, अमन, शिवा विजई हुए। चित्रकलां प्रतियोगिता अंतर्गत नंदिनी ने प्रथम, सुधा ने द्वितीय, आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को मंच द्वारा पुरस्कृत कर अभिप्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति डा. विनय कुमार सक्सेना ने सभी को आद्रभूमि एवं पक्षियों के संरक्षण की शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम में विशेष सहयोग वन विभाग, प्राथमिक विद्यालय फकरगंज, जिला गंगा समिति व स्थानीय ग्रामवासियों का रहा।

# सांसद ने मातृ शिशु स्वास्थ सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए सदन में उठाया मुद्दा

- स्वस्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए सरकार से विशेष पैकेज देने की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा सांसद अरुण सागर ने सदन में नियम 377 के अधीन मातृ शिशु स्वास्थ सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए मुद्दा उठाया। कहा कि जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ संकेतक राष्ट्रीयएवं राज्य औसत की तुलना अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने मांग की है कि आशा और एएनएम सुदृढ़ीकरण तथा गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता पैकेज का प्रावधान किया जाए। सांसद अरुण सागर ने कहा कि उपलब्ध डेटा के अनुसार स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि जिले के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतक राष्ट्रीय एवं राज्य औसत की तुलना में अत्यंत चिंताजनक स्थिति में हैं। चार एएनसी जांच प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत जहाँ राष्ट्रीयऔसत 85.69 प्रतिशत है, वहीं शाहजहापुर में यह केवल 81.65 प्रतिशत है। नवजात शिशुओं को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान की दर 75.91 प्रतिशत दर्ज हुई है. जो राष्ट्रीय 90.55 प्रतिशत एवं राज्य 93.41 प्रतिशत औसत से काफी कम है। कम वजन वाले शिशुओं का प्रतिशत 15.88 है, जो राष्ट्रीयस्तर 13.92 से अधिक है और शिशु स्वास्थ्य पोषण की गंभीर समस्या की ओर संकेत करता है। सामुदायिक स्वास्थ्य प्रणाली की स्थिति भी इसी प्रकार चिंताजनक है। आशा कार्यकर्ताओं को आवश्यक ड्रग-किट उपलब्धता जहाँ राष्ट्रीयऔसत 87.86 है, वहीं शाहजहांपुर में यह केवल 37.74 है, जो प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा डिलीवरी को प्रत्यक्ष रूप से बाधित कर रहा है। जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रीयगुणवत्ता आश्वासन मानको की पात्रता मात्र 19.94 है, जो राज्य औसत 26.46 एवं राष्ट्रीय 21.89 से भी कम है। यह स्थिति दर्शाती है कि जिले के मातृ-शिशु स्वास्थ्य, संसाधन क्षमता एवं गुणवत्ता मानकों में तत्काल और लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। सांसद ने कहा कि उन्होने सदन में मांग की है कि केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले को स्वास्थ्य सुधार की प्राथमिकता सूची में शामिल कर, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन, आशा और एएनएम सुदृढीकरण तथा गुणवता अधोसंरचना के विकास के लिए विशेष केंद्रीय सहायता पैकेज प्रदान किया जाए। सांसद ने बताया कि उनके द्वारा लगातार सदन से लेकर सरकार के शीर्ष नेतृत्व तक शाहजहांपुर की समस्याओं को रख रहे हैं। उनकी जो भी मांगे होती है उस पर सरकार संज्ञान लेकर कार्रवाई भी करती है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जो भी मांग की गई, उम्मीद है कि इस पर भी बहुत जल्द संज्ञान लिया जाएगा।

### सात दिवसीय प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर।** 03 फरवरी से एस.एस. कॉलेज के वाणिज्य विभाग में एम.एस.एम.ई. तकनीकी विकास केन्द्र आगरा द्वारा सात दिवसीय प्रबन्धकीय विकास कार्यशाला प्रारम्भ होगी। कार्यशाला युवा शिक्षकों तथा स्वरोजगारियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है इसका मुख्य विषय नेतृत्व विकास और अभिप्रेरणा। कार्यशाला हेतु 25 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया है इन्हें प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे के मध्य विषय विशेषज्ञयों द्वारा प्रशिक्षित किया जायेगा। 9 फरवरी को कार्यशाला का समापन होगा और 10 फरवरी को एम.एस.एम.ई. केन्द्र द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किये जायेंगे।

# युवा संवाद से मजबूत होगा लोकतंत्रः रफीकुज़्ज़मा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आदर्श युवा मंच के तत्वावधान में लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी विषय पर एक प्रेरणादायक युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रफीकुज़्ज़मा खान स्टेट कन्वीनर, यूपीडीएफ ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए संवाद आवश्यक है और युवाओं को अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से आए वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इनमें शाश्वत मिश्रा प्रदेश प्रवक्ता, यूथ कांग्रेस, अम्मार सदस्य, एसआईओ, रफी उल हसन जिलाध्यक्ष, एनएसयुआई, मोहम्मद अमीर एहसास सोशल वेलफेयर सोसाइटी, प्रत्यूष मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, एनएसयुआई एवं मुनीब अहमद अंसारी एकता वेलफेयर सोसाइटी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफ़िज़ अब्दुल अज़ीम की तिलावत से हुआ। उद्घाटन भाषण में फुरकान अहमद सिद्दीकी प्रदेश अध्यक्ष, आदर्श युवा मंच ने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और आगे बढ़ाने की अपील की। अंत में डॉ. गुफरान अहमद सिद्दीकी ने सभी अतिथियों व वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अर्शियान अर्श ने किया।

# बरामद किशोरियों को 14 दिन बाद भी नहीं किया जा सका परिवार के सुपुर्द

- बयान अवलोकन के बाद ही हो सकती है बड़ी कार्रवाई



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर से एक माह पूर्व लापता हुई दो दलित चचेरी तहेरी नाबालिग बहने 21 वें दिन बरामद तो हुई लेकिन कानूनी पेचीदगी के चलते बरामदगी के 14 दिन बाद भी परिजनों के सुपुर्द नहीं की जा सकी हैं । गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला निजामगंज से दलित किशोरियां मधु 14 प्रियांशी 16 बीती 29 दिसंबर को रहस्यमय ढंग से लापता ही गई थीं । तमाम कोशिशों के बाद दोनों किशोरियों को पुलिस ने 21 वें दिन बरामद भी कर लिया था। जिन्हें कोर्ट में कलमबंद बयान तथा मेडिकल आदि के चलते वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया था। बरामदगी के 14 दिन बीत जाने के बाद भी दोनो किशोरियों को परिजनों के सुपुर्द नहीं किया जा सका है। विवेचक एसआई नेपाल सिंहबने बताया कि अवकाश होने के कारण बयान आदि होने में विलंब हुआ है। अब उनके बयान हो चुके हैं। दोनों किशोरियों के बयान अवलोकन उपरांत उन्हें परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा। उधर सूत्र बताते हैं कि दोनों के साथ कुछ गलत होने की बात सामने आई है। संभवतः बड़ी कार्यवाही किए जाने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# केंद्र सरकार यूजीसी बिल तुरंत वापस लेः केशव चंद्र

- ब्राह्मण समाज ने यूजीसी बिल का किया विरोध
- मासिक बैठक में प्रस्ताव पारित कर बिल वापसी की रखी मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ब्राह्मण समाज की नियमित मासिक बैठक संरक्षक केशव चंद्र मिश्र की अध्यक्षता और डॉ के शुक्ल के संचालन में परशुराम धाम में आयोजित हुई, जिसमें पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ सामयिक विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष ज्ञानेश बाजपेई ने केंद्र सरकार के अधीन यूजीसी के नए अधिनियम पर चर्चा का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने अपने अपने विचार रखे और सभी ने यूजीसी के नए नियमों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यूजीसी के नए नियम पूर्ण रूप से सामान्य वर्ग के लिए अहितकारी ही नहीं हैं वरन समाज में वैमनस्यता और विघटन पैदा करने वाले भी हैं ये नियम पूर्ण रूप से समाज में अलगाव पैदा करने वाले हैं जो एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र के लिए घातक हैं। शिक्षा के मंदिर जो संस्कृतिक एकता, सामाजिक सद्भाव और सामाजिक समरसता के केंद्र होते हैं वहां पर यूजीसी के नए प्रावधान शिक्षा प्रतिष्ठानों में युवा वर्ग के अंदर दूरियां पैदा करने वाले हैं। इसलिए ब्राह्मण समाज इन नए यूजीसी नियमों का पुरजोर विरोध करता है और केंद्र सरकार से इनको तुरंत निरस्त करने की मांग करता है। नए यूजीसी बिल को वापस लेने के लिए बैठक में एक सर्व सम्मति से प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से केशव चंद्र मिश्र, डॉ के के शुक्ल, विजय पाठक, ज्ञानेश बाजपेई, आरेंद्र मिश्र, राकेश कुमार पांडेय, डॉ संजय पाठक, डॉ सत्य प्रकाश मिश्र, रवि मिश्र, राजेश दीक्षित, अशोक मिश्र, रजनीश शुक्ल, जेपी मिश्र, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, रवि मिश्र बंटू, कमलेश मिश्र, अजय दीक्षित, शैलेन्द्र मिश्र आदि पदाधिकारी व गणमान्य जन उपस्थिति रहे।

# लू से बचाव को प्रशासन सतर्क, सिटी हीट एक्शन प्लान पर मंथन

- ग्रीन एरिया व प्याऊ बढ़ाने की तैयारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी गर्मी के मौसम और लू के संभावित प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने अभी से तैयारियों का सिलसिला शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट में 'सिटी हीट एक्शन प्लान' तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें एक्सपर्ट पैनल और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य स्पष्ट थाकृतपते दिनों में शहरवासियों को राहत देना और हीट स्ट्रोक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना। नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इस एक्शन प्लान का मुख्य फोकस दिन के समय बाहर रहने वाले आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि शहर में 'ग्रीन एरिया नेटवर्क' को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे प्राकृतिक छाया का दायरा विस्तृत हो और तापमान के प्रभाव को कुछ हद तक कम किया जा सके। बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। सड़कों के किनारे अधिक से अधिक छायादार वृक्ष लगाए जाएंगे ताकि राहगीरों को धूप से राहत मिल सके। ट्रैफिक सिग्नलों पर रेड लाइट के दौरान खड़े दोपहिया चालकों और यात्रियों को तेज धूप से बचाने के लिए विशेष इंतजामों पर भी विचार किया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया, जिससे राहगीरों को ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। यह व्यवस्था पशु-पक्षियों को ध्यान में रखते हुए भी की जाएगी, जबकि पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए नियमित सिंचाई सुनिश्चित की जाएगी। नगर आयुक्त ने यह भी बताया कि ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों और बड़े अपार्टमेंट्स में बने कम्युनिटी सेंटर्स का उपयोग गर्मी से बचाव के लिए किया जा सकता है। योजना के तहत इन केंद्रों को इस प्रकार आमजन के लिए खोला जाएगा कि स्थानीय निवासियों की सुविधाएं भी प्रभावित न हों। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में पहले से मौजूद यात्री शेडों की मरम्मत कराई जाएगी और शहर में 10 नए यात्री शेड बनाए जाने की तैयारी है, ताकि लोगों को धूप से बचने के लिए सुरक्षित ठहराव मिल सके। बैठक में नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र के साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सचिव ने विजेता बंदियों को किया पुरस्कृत



**शाहजहांपुर।** जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मनीष कुमार सिंह द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में सफाई की व्यवस्था समुचित पायी गयी। सचिव द्वारा बंदियों को बताया गया कि जिन बंदियों के पास उनकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नही है, तो वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र निश्शुल्क अधिवक्ता के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दे सकते है। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया ऐसे बंदियों के प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपलब्ध करे। अंत में सचिव द्वारा बंसत पंचमी के दिन बंदियों द्वारा तरह तरह के कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। जिसके लिए सचिव द्वारा विजेता बंदियों को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक जिला कारागार जेपी तिवारी, जेलर कृष्ण मुरारी, चीफ एलएडीसीएस चीफ दिनेश कुमार मिश्रा, डाटा इन्ट्री आपरेटर सलमान हुसैन आदि रहे।

### तेज रफ्तार कार पलटी, तीन छात्र घायल, एक की हालत गंभीर

**कांट , शाहजहांपुर।** काँट थाना क्षेत्र में के.आर. पेपर मिल के पास सोमवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करती हुई सड़क की दूसरी लेन में खंभे पर लगे ट्रांसफार्मर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि खंभा तिरछा हो गया और कार पलटकर चारों टायर ऊपर हो गए। हादसे में कृभुको श्याम फर्टिलाइज़र (पिपरोला) में




अध्ययनरत छात्र निखिल, दिव्यांशु व उज्जवल घायल हो गए। उज्जवल की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे मौके पर मौजूद लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य दो छात्रों को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के चलते कई बालिग, नाबालिग लड़कियां हुईं फुर्र

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- लड़कियों की बरामदगी बनी पुलिस के लिए सिर दर्द

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के चलते क्षेत्र से बालिग, नाबालिग लड़कियों के भागने अथवा भगा ले जाने का सिलसिला जारी है। वहीं फुर्र हो चुकी चार लड़कियों लड़कियों की बरामदगी पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई है। पुलिस टीमें लड़कियों की तलाश में सर्विलांस के जरिए भटकने को मजबूर हैं। धर्म जाति के बंधनों को तोड़ते हुए और संस्कारों को ताख पर रख रिश्तों को कलंकित कर भाग रही लड़कियां जहां परिवार की समाज में थू थू करवा रहीं हैं वहीं पुलिस के लिए भी सिर दर्द बन रही हैं। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय लड़की 31 जनवरी को खुदागंज क्षेत्र के गैर बिरादरी लड़के के साथ फुर्र हो गई थी। जबकि एक अन्य गांव के दलित परिवार की 18 वर्षीय लड़की मथुरा जनपद से भट्ठे पर परिवार के साथ कम करने के दौरान तिलहर नगर के मोहल्ला नजर पुर निवासी गैर धर्म के लड़के के साथ चली गई। इसी क्रम में रविवार को बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र की नाबालिग लड़की को तिलहर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी एक युवक भगा लाया। इसी क्रम में विरसिंगपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव से एक युवती करीब डेढ़ माह पूर्व समूह की किश्त लेन देन के लिए गांव आने जाने वाले गैर जनपद के युवक के साथ फुर्र हो गई। जबकि इसी गांव की एक नाबालिग लड़की एक सप्ताह पूर्व लापता हो गई। उसके भागने का खुलासा तब हुआ जब एक अनजान नम्बर से पीड़ित परिवार के मोबाइल पर अभद्र टिप्पणी कर धमकी दी गई। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि सभी लड़कियों की बरामदगी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय कर दी हैं । उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के चलते यह लड़कियां गई हैं।

# एनआरएमयू ने मनाया अखिल भारतीय मांग दिवस

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान पर एनआरएमयू द्वारा 2 फरवरी को अखिल भारतीय माँग दिवस मनाया गया। पीव्ल्यूआई कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया एंव ट्रैकमेन्स व अन्य रेल मज़दूरों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। मीटिंग में रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहा कि कर्मचारियों की तमाम लम्बित मांगे जिन में मुख्य रूप से वेतन आयोग को शीघ्र लागू किया जाए, रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, ट्रैकमेन्स साथियों की पेट्रोलिंग 12 की जाए, उनको 4200 का लाभ दिया जाए, सिंग्नल विभाग के कर्मचारियों का आठ घन्टा ड्यूटी रोस्टर बनाया जाए, चेकिंग स्टाफ़ को अनियमित टार्गेट का दबाव बंद किया जाए और उनका उत्पीड़न बंद किया जाए, रनिंग स्टाफ़ के 25 माईलैज की बढ़ोत्तरी की जाए एंव उनके 70 माईलेज को इंकम टैक्स में छूट दी जाए, आर्टिजन स्टाफ, विभाग सिंग्नल बिभाग, कैरीज वैगन विभाग इलेक्ट्रिक विभागों को रिस्क अलाउंस का प्रावधान किया जाए। रेलवे के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। रेलवे कालोनी की दुर्दशा में सुधार हेतु अलग से बजट जारी किया जाए, रेल कर्मचारियों के माता पिता को भी पास नियमो में बदलाव कर परिवार मानते हुए सुबिधायें दी जाये। सह सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा की भारत सरकार द्वारा रेल बजट में कोई भी कर्मचारियों को लाभ नहीं दिया गया। बस कर्मचारियों पर अतिरिक्त गाड़ी चलाकर काम का दबाव बनाया जा रहा है। शाखा सचिव शिव कुमार सक्सेना द्वारा कहा गया कि सभी रेल कर्मचारी को एक जुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। सरकार को भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। शाखा अध्यक्ष रामौतार शर्मा ने कहा कि रेल कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष कर रही है। सभी लोग एकता बनाकर रखे। संचालन यतेंद्र त्रिवेदी ने किया। मीटिंग में मुख्य रूप से अमित कुमार, समर दीप, अशोक कुमार, शिवकुमार, वीरपाल, अनूप, माना, जितेंद्र, अस्वनी, नरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, मिलनपाल भगवान दास, धर्मेंद्र, मुखेश, जितेंद्र कुमार , अनिल कुमार, केशरी लाल, सलीम शाहजदा, अतुल प्रसाद, गौरव, कौशल, दिलीप, आदि कई रेल कर्मियों ने भाग लिया।

### सूचना

मेरा बैंक खाते में नाम रामेन्द्र दर्ज है, जबकि मेरा पूरा नाम रविन्द्र कुमार है। उक्त दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे रविन्द्र कुमार के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। रविन्द्र कुमार पुत्र श्रीराम नि. ग्रा. दीवाली, पोस्ट कोरोकुइयां, तह. पुवायां, शाहजहांपुर।

## खबरें एक नजर में

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सड़क, 1200 मीटर की सड़क कुछ महीनों में गड्ढों में तब्दील



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** निगोही मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की लापरवाही उजागर, 5 साल की गारंटी हवा-हवाई खुदागंज नगर से निगोही मार्ग पर स्थित ग्राम कंधरापुर से ग्राम पंचायत भगवतीपुर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2022द-23 में लगभग 1200 मीटर संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि कुछ ही महीनों में यह सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई। यह मार्ग भगाऊतीपुर, मकरंदपुर उर्फ धीयरपुरा, खिरिया, सूथा समेत लगभग आधा दर्जन गांवों को जोड़ता है। आज हालत यह है कि सड़क पर डामर नाम की कोई चीज़ नहीं बची, सिर्फ गड्ढे और उखड़ी गिट्टी राहगीरों को चोट देने को तैयार है। इस जर्जर मार्ग से स्कूली छात्र-छात्राएं साइकिल व मोटरसाइकिल से रोज़ाना गुजरते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली के कारण उन्हें हर दिन हादसे का डर सताता है। ग्रामीणों का कहना है कि पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं। नियमों के मुताबिक सड़क निर्माण 5 साल की गारंटी अवधि में आता है, जिसमें सड़क खराब होने पर मरम्मत की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होती है। लेकिन निर्माण के बाद ठेकेदार ने दोबारा सड़क की ओर पलटकर भी नहीं देखा। लोक निर्माण विभाग के जेई रंजीत यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि ठेकेदार को पिछले दोदृतीन साल से मेंटेनेंस का भुगतान नहीं हुआ है, जल्द ही सड़क का मेंटेनेंस कराया जाएगा। हालांकि बड़ा सवाल यह है कि जब सड़क की हालत इतनी बदतर है तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत, दोषी ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्रवाई और निर्माण गुणवत्ता की जांच की मांग की है।

### घाटमपुर में हिंदूवादी संगठन का घायल गाय को लेकर हंगामा

**पूरनपुर, पीलीभीत।** सड़क पर अज्ञात वाहन ने आवारा पशु को टक्कर मार दी जिससे आवारा पशु गंभीर उपचार हो गया जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर हिंदूवादी संगठन के लोग पहुंच गए बेजुबान को टक्कर मारने को लेकर संगठन के लोगों ने जमकर हंगामा काटा। जिन्होंने ग्राम पंचायत प्रधान और सचिव पर गंभीर आरोप लगाए। पूरनपुर से बंडा को जाने वाले नेशनल हाईवे पर निकट घाटमपुर में संगम मेरिज हाल के समीप अज्ञात वाहन ने गाय को टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई ग्रामीणों का कहना है कि सड़क दुर्घटना में घायल गाय का ग्राम इलाज नहीं किया गया। घायल गाय काफी देर तक सड़क पर पड़ी रही । जिसकी जानकारी पर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए जिन्होंने घायल के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने घायल घायल का उपचार कराया। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि घायल गाय के इलाज कराने में कोताही बरतने वाले ग्राम पंचायत पंचायत स्तर के प्रधान और सचिव के खिलाफ विभागीय कार्य होनी चाहिए अगर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदूवादी संगठन उग्र विरोध प्रदर्शन करने को विवश होगा।

# जल एवं भवन कर लगाए जाने से आक्रोशित लोगों ने नगरपालिका का किया घेराव

**▸ चेयरमेन व ईओ मिले गायब, एसडीएम ने पहुंचकर संभाला मोर्चा**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा नेताओं का जलकर-भवन कर के खिलाफ नगरपालिका पर हल्ला बोला है। नगर पालिका का भाजपा से चेयरमेन पद के चुनाव लड़ चुके नेता मन मोहन द्विवेदी गोपाल नगर के नागरिकों व सभासदों के साथ अघोषित जलकर व भवन कर के विरोध में सोमवार को नगरपालिका कार्यालय पर धरना देने पहुंचे। कार्यालय पर पहुंचते ही प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा किया, लेकिन मौके पर न तो एच एन उपाध्याय अधिशासी अधिकारी थे, न ही चेयरमेन शकील खान व अधिकांश कर्मचारी भी अनुपस्थित पाए गए, जिससे उनका गुस्सा और भड़क गया। भाजपा नेताओं ने अधिशासी अधिकारी व नगरपालिका चेयरमेन पर सपा मानसिकता का आरोप लगाते हुए योगी व मोदी सरकार को बदनाम करने की साजिश रचने का इल्जाम ठोका।सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी प्रभात राय घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने टेबल पर भाजपा नेताओं व सभासदों से विस्तृत बातचीत की, जिसमें कई गंभीर खुलासे हुए। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि शासन की गाइडलाइन का पालन किए बिना फर्जी सर्वे कर मनमानी रेट लिस्ट जारी की गई है। सर्वे के नाम पर लाखों रुपये का घोटाला भी किया गया। उप जिलाधिकारी ने आंदोलनकारियों को आश्वासन दिया कि एक सप्ताह तक एक कमेटी की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सभी पक्षों की बात सुनी जाएगी और आगे का निर्णय लिया जाएगा स्ष्ठरू ने कहा तब तक वसूली की प्रक्रिया नहीं की जाएगी और दोबारा से सर्वे करा कर नई रेट लिस्ट तैयार की जाएगी। नगरवासियों का कहना है कि नगरपालिका बोर्ड ने बिना विश्वास में लिए जलकर व भवन कर थोप दिया, जिससे आम लोग भारी परेशानी झेल रहे हैं। मामला अभी शांत है, लेकिन कमेटी की बैठक पर सभी की नजरें टिकी रहेगी।

# सरकारी विद्यालय में खड़े पेड़ को प्रधान ने कटवाया

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड खुटार की ग्राम पंचायत रूजहा कलांष् में बीती रात प्राथमिक विद्यालय परिसर में खड़े सेमल के विशालकाय है। पेड़ ग्राम प्रधान के द्वारा कटवा दिया। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय परिसर में सेमल का एक बड़ा पेड़ खड़ा हुआ था। जिसको ग्राम पंचायत के प्रधान के द्वारा रविवार को किसी समय मुझे सूचना किए बगैर कटवा लिया गया। जब मैं सोमवार को विद्यालय पहुंचा तो पेड़ कटा हुआ पाया। स्थानीय लोगों ने मुझे बताया कि पेड़ को प्रधान ने कटवा लिया है। जिसकी सूचना जब मेरे द्वारा प्रधान से ली गई तो उन्होंने बताया कि पेड़ को मेरे द्वारा कटवा लिया गया। जिसकी सूचना मैं उच्च अधिकारियों को दे दी है। इसमें सवाल यहा उठता है कि ग्राम प्रधान के द्वारा बिना प्रस्ताव बिना पेड़ को नीलम कराए आखिर कैसे काट लिया गया। इसी ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा पेड़ का कोई भी प्रस्ताव नहीं किया गया था। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। विद्यालय में यदि पेड़ काटा है तो इसकी जानकारी प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान व संबंधित लेखपाल को होगी।

> पेड़ काटे जाने की जानकारी हुई है विद्यालय परिसर में खड़े सेमल के पेड़ को कटवाया गया है इसके लिए मैंने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है व ग्रुप में फोटो खींचकर भी भेजा है।
>
> -अमरजीत सिंह
> प्रधानाध्यापक

# करणी सेना का सातवां स्थापना दिवस मनाया

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** पर्व के रूप में करणी सेना ने मनाया संगठन का स्थापना दिवस। धर्म संस्कृतिक और विरासत को सुरक्षित बनाए रखने को संगठन की हुई थी स्थापना। सोमवार को विकास खंड के गांव चौरा बगरखेत में करणी सेना का 7वाँ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल करणी सैनिको ने समाज सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण का संकल्प लिया।स्थापना दिवस कार्यक्रम को करणी सैनिक पर्व के रूप में मना रहे हैं। जिसका उद्देश्य राजपूत समुदाय की एकता, उनके गौरव को बनाए रखना और समाज के जरूरतमंदों की मदद करना है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, प्रदेश महामंत्री ओमवीर सिंह, जिलाध्यक्ष सूर्यप्रताप सिंह रघुवंशी, जिला मीडिया प्रभारी मानवेंद्र सिंह, रामगोपाल सिंह, रामसिंह नेता, तनुज तोमर सहित दर्जनों करणी सैनिक और समर्थक मौजूद रहे।

# उत्साहित और भावुक होकर स्कूल से विदा हुए 12वीं के विद्यार्थी

**▸ राममुरारी पब्लिक स्कूल में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी फेयरवेल पार्टी**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




राममुरारी पब्लिक स्कूल मीरानपुर कटरा में कक्षा बारह के विद्यार्थियों को ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएँ देते हुए विदाई दी। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें नृत्य, गीत और विभिन्न खेल हुए जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले कक्षा बारह के छात्र मोनिस को मिस्टर फेयरवेल और छात्रा अलीना खान को मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। सभी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ लवलेश दत्त ने भी सभी बच्चों को परीक्षाओं में उनके अच्छे प्रदर्शन एवं जीवन को प्रत्येक क्षेत्र में सफल होने की मंगलकामनाएँ करते हुए उन्हें अच्छा नागरिक बनने की सीख दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों की डॉयरेक्टर डॉ चीना गर्ग, प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक अग्रवाल एवं डॉ किरन अग्रवाल ने भी बच्चों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं के रमन, श्याम, सुम्बुल और उरूज़ ने किया।

# कंपोजीट विद्यालय चंदोई में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश अनुसार जनपद पीलीभीत में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड मरौरी के ग्राम भमोरा के न्यू लाइफ चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल एवं ग्राम खरोसा एवं चंदोई के उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा ग्राम बक्शपुर के प्राथमिक विद्यालय में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के पर्यवेक्षक राहुल मौर्य के द्वारा बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे बताया गया, साथ ही बताया गया कि बच्चे की शिक्षा में प्राथमिकता होनी चाहिए उसके उपरांत ही वह अन्य कार्यों को जीवन में सुचारु रूप से कर सकेंगे।

छात्र-छात्राओं को बताया गया कि वह स्वयं भी आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह करेंगे एवं आस-पास आम जन को भी बताएंगे कि वह बाल विवाह न करें।तत्पश्चात विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को विभागीय योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, की जानकारी दी गई, साथ ही बाल विवाह न करने हेतु शपथ ली गई एवं हेल्पलाइन नंबर 1098 181, 1090,112,108 एवं 1076 आदि की जानकारी दी गई वहां उपस्थित शिक्षक एवं बच्चों को बताया की यदि आपको आपके आसपास कोई भी बाल विवाह,बाल श्रम, गुमशुदा, लापता बच्चों की सूचना प्राप्त हो तो आप इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं संबंधित थाने को दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण से आया विजयलक्ष्मी व स्कूल के प्रधानाचार्य साजदा खातून व अध्यापकगण उपस्थित रहे हैं।

# महिला रिक्रूट आरक्षियों से कोतवाल ने ली व्यवहारिक प्रशिक्षण की जानकारी

**▸ सोमवार को व्यवहारिक प्रशिक्षण उपरांत महिला रिक्रूटों को किया गया लाइन रवाना**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस लाइन से कोतवाली में एक सप्ताह के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए भेजी गई महिला रिक्रूट आरक्षियों से कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने दिए गए प्रशिक्षण की सघन जानकारी ली । सोमवार को प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी को सम्स्मान लाइन रवाना कर दिया गया। गौर तलब है कि बीती 27 जनवरी को एक सप्ताह के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए पुलिस लाइन से 30 महिला रिक्रूट आरक्षियों को तिलहर कोतवाली भेजा गया था । रविवार देर शाम शाम कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने महिला रिक्रूट आरक्षियों को दिए गए व्यवहारिक प्रशिक्षण के मद्देनजर अभिलेखीय , साइबर समेत मदवार विभिन्न प्रशिक्षणों की सघन जानकारी ली । तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी भी दी । वहीं सोमवार को प्रशिक्षण अवधि पूरा होने पर उन्हें ससम्मान पुलिस लाइन रवाना कर दिया गया।

# केंद्रीय बजट 2026-27 से व्यापारियों के हाथ लगी निराशा, सरकार ने की अनदेखी: एम.ए. जीलानी

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**



उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश (पंजी.) ने आज माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 पर गहरी निराशा व्यक्त की है। संगठन का कहना है कि इस बजट में देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले व्यापारी समाज की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। जिला अध्यक्ष एम.ए. जीलानी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार से व्यापारियों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन किसी भी प्रमुख मांग को पूरा नहीं किया गया, जिससे व्यापारिक जगत में रोष और हताशा है।

**संगठन ने कई मंगो को प्रमुखता से उठया था-**

**जीएसटी की जटिलता:** जीएसटी कानून में जेल, सजा और भारी जुर्माने के कड़े प्रावधानों को समाप्त नहीं किया गया, जो व्यापारियों के लिए मानसिक उत्पीड़न का कारण बने हुए हैं।

**ब्याज दरों में राहत नहीं:** व्यापारियों और उद्योगपतियों के लोन व लिमिट पर लगने वाली बैंक ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की गई, जिससे व्यापार की लागत बढ़ रही सरकार द्वारा आवासीय क्षेत्रों में चल रहे कमर्शियल और औद्योगिक संस्थानों को नियमित करने के लिए कोई घोषणा नहीं की गई, जिससे अनिश्चितता बनी हुई है।

**रुका हुआ रिफंड (ITC):** जीएसटी स्लैब कम किए जाने के बाद 10% व 7% टैक्स अंतर का जो पैसा जीएसटी आईटीसी पोर्टल पर जमा है, उसे वापस करने की कोई घोषणा नहीं की गई।

**स्थानीय करों की मार:** मंडी समिति जैसे स्थानीय करों को समाप्त करने के लिए कोई निर्देश जारी नहीं किए गए। श्री जीलानी ने अंत में कहा कि यह बजट जमीनी हकीकत से दूर है और इससे छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारियों को कोई प्रोत्साहन नहीं मिलेगा।

# एसएस कालेज में क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी आयोजित

**▸ पूर्व गृह राज्यमंत्री, पूर्व कुलपति ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन स्वामी चिन्मयानंद, पूर्व गृह राज्य मंत्री और डॉ आर पी सिंह पूर्व कुलपति महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर राजस्थान के द्वारा हुआ। प्रदर्शनी में बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर, मुरादाबाद, रामपुर आदि जिलों के अनेक कलाकारों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में लगभग 100 चित्रों को प्रदर्शित किया गया। अतिथियों ने सभी कलाकारों के चित्रों की प्रशंसा की साथ ही भविष्य में ऐसी प्रदर्शनी आयोजित की जाती रहेगी ऐसा शुभाशीष भी दिया। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र सिंह पुंडीर पूर्व अध्यक्ष ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश, डॉ मंजू सिंह पूर्व अध्यक्ष चित्रकला विभाग बरेली कॉलेज बरेली ,डॉ अनुराधा आर्य प्राचार्य कन्या महाविद्यालय भूड बरेली, डॉ आशुतोष साहू रामस्वरूप कालेज बरेली, डॉ आशीष बरेली कॉलेज बरेली से उपस्थित रहे। चित्र प्रदर्शनी में यशी गुप्ता, शुभम राठौर, विकास प्रजापति, अंशुल वर्मा, निखिल बंसल, रुचि, आदित्य, शशांक मिश्रा, आशीष अग्रवाल, शिल्पी खान, दिव्यांशी तोमर, अजय रघुवंशी, प्रगति अग्रवाल, शुभम सक्सेना, तरुण, अंशिका, चित्रा शर्मा, डॉ कृष्ण, डॉ अर्चना सक्सेना, वाणी शुक्ला, वांचा दीक्षित, आशीष अवस्थी आदि कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ अवनीश मिश्रा सचिव प्रबंध समिति ने प्रदर्शनी की बहुत प्रशंसा की और सभी कलाकारो के कार्य को सराहाप्राचार्य प्रोफेसर राकेश कुमार आजाद जी ने सुंदर संयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रज्वल पुंडीर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो अनुराग अग्रवाल, प्रो आलोक मिश्रा , प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो जयशंकर ओझा, प्रो मीना शर्मा प्रो पूनम, प्रो. अजीत सिंह चरण डॉ अर्चना गर्ग ,मोहम्मद कमर डॉ विनीता राठेर, डॉ नमिता शुक्ला, शिवांगी, वीरज देवी, रश्मि राठौर, काजल आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कोर कमेटी बैठक आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्राचार्य कार्यालय में आयोजित की गई। सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्र, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. उमेंद्र राठौर, डीपीपीएमएस आरती सिंह, सिध्दार्थ गुप्ता व टीम की उपस्थिति रही। बैठक में मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों में समुदाय चिकित्सा, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, बाल रोग, ऑर्थोपेडिक्स, चेस्ट एवं टीबी, ईएनटी, माइक्रोबायोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग तथा त्वचा रोग विभाग की सहभागिता रही। साथ ही मेडिकल सुपरिंटेंडेंट भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रमुख एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें ग्राम स्तर पर टीबी सेंसिटाइजेशन गतिविधियों का संचालन, डिफरेंशिएटेड टीबी केयर के प्रभावी क्रियान्वयन जन-जागरूकता कार्यक्रमों के विस्तार एवं निक्षय मित्र की संख्या में वृद्धि प्रोफिलैक्टिक टीबी प्रिवेंशन की रोकथाम के लिए निवारक उपचार बैठक का उद्देश्य जिला स्तर पर राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत समन्वय सुदृढ़ करना तथा टीबी नियंत्रण एवं उन्मूलन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। बैठक महाविद्यालय के प्राचार्य मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

# सीबीए चुनाव: 59 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, 12 फरवरी को होगा मतदान

**▸ अध्यक्ष पद पर चार, महासचिव के लिए छह उम्मीदवारों ने किया नामांकन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सेन्ट्रल बार एसोसिएशन चुनाव 2026 के लिए कचहरी के राजीव सभागार में सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिनकी जांच मंगलवार व बुधवार को होगी एवं नामवापसी प्रक्रिया 5 फरवरी को कराई जाएगी। सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया को चुनाव अधिकारी अनंत सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह यादव, आशीष जौहरी, फिरोज हसन, राकेश कुमार आनंद व प्रभारी वेदपाल सिंह यादव की देखरेख में कराया जा रहा है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि 12 फरवरी को मतदान होगा। इसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी। चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ आदर्श आचार संहिता लागू है।

नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में अध्यक्ष पद के लिए हरेंद्र कुमार राजवंशी, सरनाम सिंह यादव, सर्वेश चंद्र मिश्रा धांधू, सत्येंद्र प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अहमद खान, ब्रजेश कुमार सिंह, रामेंद्र कुमार मिश्रा, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पद के लिए धीरेंद्र कुमार मिश्रा, गजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार सिंह, उमेश कुमार, उत्तम कुमार सिंह यादव, वैभव श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अमन कुमार सिंह, अनूप शुक्ला, आलोक कुमार शर्मा, आशीष कुमार शुक्ला, राहुल सिंह, सत्यम कुमार मिश्रा, बृजेन्द्र कुमार पटेल, विपिन कुमार यादव, महासचिव पद के लिए दीपक कुमार, नंद किशोर अवस्थी, प्रताप सिंह, रजनीश कुमार सिंह तोमर, राजेश कुमार शुक्ला, संजय सक्सेना, संयुक्त सचिव पद के लिए अभिषेक यादव, अक्षय अवस्थी, धर्मवीर सिंह,मो.सिराज मंसूरी, राजीव कुमार पाण्डेय, राकेश चंद्र शर्मा, श्याम कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमित कनौजिया, दिनेश दीक्षित, संतराम राजवंशी, सतीशचंद्र गुप्ता, उमेश कुमार सहित सीनियर व जूनियर बॉडी मेंबर्स पद के लिए भी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा ली गई है। अब मतदान 12 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार दंपती हुए घायल

**▸ दोनों जिला मेडिकल कॉलेज रेफर**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाइवे पर ट्रक की टक्कर लगने कार सवार दंपति घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार देकर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। ब्लॉक क्षेत्र के गांव इस्माइल पुर नवादा निवासी अक्षय मिश्रा पत्नी संध्या मिश्रा के साथ कार से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से हाइवे पर आ रहे ट्रैक ने साइड से टक्कर मार दी। जिससे कार की एक साइड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं सवार दंपति घायल हो गए।



## कार्यालय ग्राम पंचायत चककन्हू, ब्लाक सिंधौली, शाहजहांपुर

पत्रांक: ग्रा.पं.च./2025-26 | दिनांक 02/02/2026

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चककन्हू विकास खंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर में वर्ष 2025-26 में खाद्य एवं रसद विभाग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में निम्न कार्य कराये जाने है। जिसके लिए सामग्री क्रय हेतु सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.02. 2026 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 2 बजे प्रधान/सचिव के द्वारा अधिकृत फर्म/विक्रेताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्य का नाम व लागत संबंधी जानकारी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | लागत मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | अन्नपूर्णा भवन | 8.5 लाख |

सीमा देवी
ग्राम प्रधान

अजय कुमार
सचिव

## आत्मनिर्भरता हेतु विकास

राजग सरकार द्वारा रविवार को पेश आम बजट कई मायनों में खास रहा। तमिलनाडु के लोगों की आकांक्षाओं की पर्याय कांजीवरम साड़ी पहने लगातार नौवीं बार बजट पेश करके निर्मला सीतारमण ने नारी शक्ति का परचम ही लहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है।

वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी। कहा जा रहा है कि माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा।

विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु-केरल का खास ध्यान रखा गया। आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया। वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है।

वहीं सस्ती दवाओं के लिए 'बॉयोफार्मा शक्ति योजना' के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी।

दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली 'ऑरेंज इकॉनोमी' को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके। हर वर्ग नौकरी पेशा वर्ग की आस होती है कि इनकम टैक्स में छूट मिले। लेकिन इस बार किसी स्लैब में परिवर्तन नहीं हुआ। हां, अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति श्रृंखला में जारी वैश्विक उथल-पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

# सहजन के फूलों में नवजीवन का उजास

*परिचय दास*

वसंत की प्रथम आहट के साथ ही सहजन के पेड़ ने अपनी शाखाओं को नवजीवन के उजास से भर लिया। हल्की ठंडी हवा, धूप की धीमी परछाइयां और कोयल की आवाज के बीच सहजन के फूल अपनी नाज़ुक पंखुड़ियों को खोलने लगे। इन फूलों में एक अलौकिक सादगी थी, जैसे किसी गजल का पहला मिसरा–अनायास, लेकिन भीतर तक स्पंदित कर देने वाला। इन छोटे–छोटे सफेद फूलों की सुगंध में स्मृतियों का एक संसार बसता था। गांव की वह पगडंडी, जहां दुपहरिया की उनींदी हवा में सहजन की डालियां झूलती थीं। उनकी छांव में खेलते बच्चे, दोपहर की थकान से आंखें मूंदकर सुस्ताते किसान और किसी कोने में बैठी कोई स्त्री, जो फूलों को बटोर कर उनकी सब्ज़ी बनाने की सोच रही थी। सहजन का फूल केवल फूल नहीं था, यह किसी विरासत की तरह अगली पीढ़ी को सौंपा जाने वाला एक गीत था–मौन में गाया हुआ लेकिन दिल की गहराइयों तक गूंजता हुआ। सहजन के फूलों को जब पानी में डुबोया जाता तो वे अपनी कोमलता को त्यागकर पकने के लिए तैयार हो जाते। जैसे जीवन भी तपने पर ही अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। उनकी हल्की कड़वाहट, उनकी मिट्टी की गंध और उनके भीतर बसी हुई मृदुता एक संपूर्ण कविता थी–जिसे सिर्फ स्वाद से ही नहीं, हृदय से भी समझा जा सकता था। सहजन के फूलों की एक अलग ही दुनिया थी–न धूमधाम, न रंगों का जादू, बस सफेदी में लिपटी हुई एक गहरी अनुभूति। वे उन शब्दों की तरह थे, जो बिना किसी शोर के भी भीतर तक असर कर जाते हैं। उनके गिरने का ढंग भी अनूठा था–धीरे–धीरे, बूंद–बूंद की तरह, मानो समय के हाथों में अपनी अंतिम आहुति दे रहे हों। जब हवा सहजन के फूलों को स्पर्श करती तो वे एक अनकही भाषा में झूम उठते। यह भाषा किसी एक की नहीं थी, यह उन सभी की थी, जिन्होंने प्रतीक्षा की पीड़ा को समझा था। एक विरहिणी नायिका की तरह ये फूल अपनी डालियों से अलग होकर भी किसी अदृश्य प्रेम के साथ जुड़े रहते थे। सहजन के फूलों में प्रेम था–एक ऐसा प्रेम, जो सब कुछ सहकर भी विनम्र बना रहता है। कभी–कभी, जब संध्या उतरती तो सहजन के फूलों से भरी डालियां चुपचाप अपने अस्तित्व को देखती रहतीं। जैसे किसी बूढ़े साधु की आंखों में ठहरा हुआ संतोष। वे फूल, जो दिनभर हवा के साथ हंसे थे, अब निशब्द खड़े रहते– स्वीकृति और समर्पण के साथ। वे जानते थे कि उनकी यात्रा यहीं समाप्त नहीं होती, वे मिट्टी में मिलकर फिर से जन्म लेंगे, किसी और रूप में, किसी और ऋतु में। सहजन के फूलों की यही विशेषता थी– वे जीवन के सबसे सरल, सबसे अल्पकालिक, लेकिन सबसे अर्थपूर्ण हिस्से थे। वे बिना बोले हमें सिखा जाते थे कि सौंदर्य केवल भव्यता में नहीं, सादगी में भी होता है। वे हमें यह सिखाते थे कि जो गिरने में भी आनंद पा सके, वही सच्चे अर्थों में खिला हुआ है। जब भी कोई सहजन के फूलों को देखता, उसे अपने भीतर कोई भूला–बिसरा गीत याद आ जाता। कोई पुरानी चिट्ठी, कोई अनकहा वादा, कोई अधूरा सपना। वे फूल नहीं थे, वे स्मृतियों की छोटी–छोटी नावें थीं, जो समय की नदी में बहती रहती थीं



– शांत, निश्चल, लेकिन हर किसी तक पहुंचने वाली। कई बार, मैं सहजन के उन फूलों को देखता और सोचता – क्या जीवन भी ऐसा ही नहीं है? क्या हम सब किसी शाखा पर लगे हुए फूल ही तो नहीं, जिन्हें एक दिन जमीन पर गिर जाना है? और अगर गिरना ही नियति है तो क्यों न गिरते समय भी अपनी सुगंध को बचाए रखें? क्यों न इस यात्रा को भी सुंदर बना दें? शायद यही कारण था कि जब भी सहजन के फूल जमीन पर बिखरते, वे किसी उदासी में नहीं बल्कि एक नृत्य में होते थे। जैसे किसी विदा होती आत्मा की अंतिम प्रार्थना। जैसे किसी प्रेमी की वह चुप्पी, जिसमें कोई शिकायत नहीं, सिर्फ समर्पण होता है। सहजन के फूल सिर्फ पेड़ पर नहीं खिलते, वे स्मृतियों में भी खिलते हैं। वे बचपन की कच्ची धूप में खिलते हैं, वे मां के हाथों की गर्माहट में खिलते हैं, वे किसी पुरानी धुन में खिलते हैं। वे हवा में बहते हैं, मिट्टी में घुलते हैं और फिर किसी नए वृक्ष की शाख पर उग आते हैं। और इस तरह, सहजन के फूल कभी मरते नहीं। वे हर बार नए स्वरूप में लौटते हैं –उसी सादगी, उसी नमी और उसी अव्यक्त सौंदर्य के साथ। सहजन के फूल चुपचाप खिलते हैं– जैसे किसी कविता की सबसे मृदु पंक्ति जो अर्थों के भार से झुकी हुई नहीं बल्कि हल्की होकर हवा में बहती है। वे किसी भी ऋतु के प्रखर नायक नहीं होते, न वसंत के रंगों में खोए रहते हैं, न पतझड़ की उदासी को ओढ़ते हैं। वे बस आते हैं– धीरे से, संकोच के साथ, जैसे किसी पुरानी धुन का पहला सुर, जिसे केवल वही सुन सकता है, जिसकी स्मृतियों में कोई शांत धूप बची हो। सहजन के फूलों की सादगी में एक अजीब-सी जटिलता है। वे जितने सीधे दिखते हैं, उतने ही गहरे होते हैं। सफेद, नर्म और हल्की गंध से भरे हुए ये फूल किसी मौन गीत की तरह खिलते हैं –शब्दों से अधिक अनुभव में बहते हुए। हवा उन्हें छूती है और वे बिना किसी प्रतिरोध के बहने लगते हैं। जैसे प्रेम में समर्पण का पहला क्षण, जब सब कुछ स्पष्ट नहीं होता लेकिन महसूसना ही पर्याप्त होता है।

सहजन के फूल गिरते नहीं—वे उतरते हैं। धीरे-धीरे, जैसे समय के स्पर्श से पिघलकर धरती की गोद में समा रहे हों। उनकी यात्रा किसी संत की प्रार्थना जैसी है –शांत, कोमल, और गहरी। वे न अपने खिलने का उत्सव मनाते हैं, न गिरने की पीड़ा में विलीन होते हैं। वे बस प्रवाह में रहते हैं, उस नदी की तरह जो कभी ठहरती नहीं, लेकिन अपने भीतर सैकड़ों स्मृतियों को संजोए रखती है।

*सहजन के फूल गिरते नहीं—वे उतरते हैं। धीरे-धीरे, जैसे समय के स्पर्श से पिघलकर धरती की गोद में समा रहे हों। उनकी यात्रा किसी संत की प्रार्थना जैसी है -शांत, कोमल, और गहरी। वे न अपने खिलने का उत्सव मनाते हैं, न गिरने की पीड़ा में विलीन होते हैं। वे बस प्रवाह में रहते हैं, उस नदी की तरह जो कभी ठहरती नहीं, लेकिन अपने भीतर सैकड़ों स्मृतियों को संजोए रखती है।*
*शाम की धूप जब सहजन के पेड़ों से छनकर गिरती है, तो फूलों के छोटे-छोटे चेहरे चमकने लगते हैं। यह कोई चमत्कार नहीं, बस प्रकृति का एक कोमल संकेत है कि सौंदर्य उन्हीं चीज़ों में बसता है, जिन्हें हम अनदेखा कर देते हैं। कभी-कभी, मैं सहजन के फूलों को देखता हूं और सोचता हूं - क्या हम भी ऐसे ही नहीं हैं? अपनी शाखाओं पर किसी अदृश्य वचन में बंधे हुए, एक दिन मिट्टी में लौट जाने के लिए? और अगर लौटना ही है तो क्यों न इन फूलों की तरह उतरें -सुगंध से भरे हुए, हल्के, और स्मृतियों में बसे रहने वाले?*
*शायद इसीलिए सहजन के फूल केवल फूल नहीं होते, वे जीवन की सबसे सुंदर परिभाषा होते हैं-सरल, क्षणिक लेकिन शाश्वत। कभी-कभी हवा सहजन के फूलों से बातें करती है। वे उसके कानों में धीमे से कुछ कहते हैं, कोई भूली-बिसरी कथा, कोई बीता हुआ वादा, कोई अनसुना गीत। हवा उन्हें छूते ही हल्के हो जाती है, जैसे उन फूलों ने उसे कोई गुप्त मंत्र दे दिया हो-एक ऐसा मंत्र, जो थके हुए पत्तों को सुकून देता है, जो किसी उखड़े हुए जड़ को भी यह भरोसा दिलाता है कि मिट्टी में लौटना भी एक यात्रा ही है, कोई अंत नहीं। जब सहजन के फूल झरते हैं तो धरती को अपने स्पर्श से भर देते हैं। उनका गिरना किसी विरहिणी नायिका के अश्रु जैसा नहीं होता, न ही किसी अधूरे स्वप्न के टूटने जैसा। वे गिरते हैं, जैसे जल में कोई दीप उतारा जाता है—एक धीमी आहुति की तरह, जो बुझने के बजाय और भी गहराई में समा जाती है।*

शाम की धूप जब सहजन के पेड़ों से छनकर गिरती है, तो फूलों के छोटे–छोटे चेहरे चमकने लगते हैं। यह कोई चमत्कार नहीं, बस प्रकृति का एक कोमल संकेत है कि सौंदर्य उन्हीं चीज़ों में बसता है, जिन्हें हम अनदेखा कर देते हैं। कभी–कभी, मैं सहजन के फूलों को देखता हूं और सोचता हूं – क्या हम भी ऐसे ही नहीं हैं? अपनी शाखाओं पर किसी अदृश्य वचन में बंधे हुए, एक दिन मिट्टी में लौट जाने के लिए? और अगर लौटना ही है तो क्यों न इन फूलों की तरह उतरें –सुगंध से भरे हुए, हल्के, और स्मृतियों में बसे रहने वाले?

शायद इसीलिए सहजन के फूल केवल फूल नहीं होते, वे जीवन की सबसे सुंदर परिभाषा होते हैं–सरल, क्षणिक लेकिन शाश्वत। कभी–कभी हवा सहजन के फूलों से बातें करती है। वे उसके कानों में धीमे से कुछ कहते हैं, कोई भूली–बिसरी कथा, कोई बीता हुआ वादा, कोई अनसुना गीत। हवा उन्हें छूते ही हल्के हो जाती है, जैसे उन फूलों ने उसे कोई गुप्त मंत्र दे दिया हो–एक ऐसा मंत्र, जो थके हुए पत्तों को सुकून देता है, जो किसी उखड़े हुए जड़ को भी यह भरोसा दिलाता है कि मिट्टी में लौटना भी एक यात्रा ही है, कोई अंत नहीं। जब सहजन के फूल झरते हैं तो धरती को अपने स्पर्श से भर देते हैं। उनका गिरना किसी विरहिणी नायिका के अश्रु जैसा नहीं होता, न ही किसी अधूरे स्वप्न के टूटने जैसा। वे गिरते हैं, जैसे जल में कोई दीप उतारा जाता है—एक धीमी आहुति की तरह, जो बुझने के बजाय और भी गहराई में समा जाती है।

किसी शाम जब हल्की नमी भरी हवा चलती है, सहजन के फूल मद्धिम धूप में झिलमिलाने लगते हैं। उनकी सफेदी में एक गूंज होती है—एक मौन पुकार, जिसे वही सुन सकता है, जिसने कभी किसी चीज को बिना छुए महसूस किया हो। वे कोमल हैं लेकिन उनके भीतर जो स्थिरता है, वह उन्हें कभी पूरी तरह विलीन नहीं होने देती। वे धरती पर गिरकर भी मिट्टी में नहीं खोते, वे अपनी छाप छोड़ जाते हैं – किसी बच्चे की हथेली पर पड़े हल्के स्पर्श की तरह, किसी मां की चुप्पी में छुपी हुई चिंता की तरह।

जब रात गहराने लगती है, सहजन के फूलों का सौंदर्य और भी स्पष्ट हो जाता है। वे अंधेरे के विरुद्ध कोई रोशनी नहीं जलाते, न ही अपनी उपस्थिति का शोर मचाते हैं। वे बस रहते हैं—शांत, प्रतीक्षा में, किसी नए सवेरे की उम्मीद में। शायद इसीलिए सहजन के फूलों का सौंदर्य देखने के लिए आँखों से अधिक हृदय की आवश्यकता होती है।

और मैं सोचता हूं—क्या सौंदर्य का यही अर्थ नहीं? बिना दिखावे के खिलना, बिना किसी शिकायत के झर जाना और फिर भी स्मृतियों में बने रहना? सहजन के फूल हमें यही सिखाते हैं—कि हर अंत के भीतर एक नयी शुरुआत छुपी होती है और हर गिरावट में एक नई उड़ान की संभावना।

सहजन के फूलों में कोई आग्रह नहीं। वे झरने से पहले भी उतने ही निश्चल रहते हैं, जितने शाख पर खिलते समय। कोई आकर्षण नहीं, कोई स्वप्निल रंग नहीं, फिर भी उनका अस्तित्व मिट्टी की सबसे गहरी परत तक अपनी पहचान छोड़ जाता है। वे जैसे किसी आत्मलीन कवि की पंक्तियां हों—नित्य, मौन लेकिन भीतर से उद्दीप्त।

कभी–कभी मैं उन्हें देखता हूँ और सोचता हूँ—क्या प्रेम भी ऐसा ही नहीं होना चाहिए? न कोई आडंबर, न कोई स्वर, बस एक अव्यक्त उपस्थिति। सहजन के फूल प्रेम की तरह गिरते हैं—बिना कोई भार छोड़े लेकिन जिनके होने की अनुभूति देर तक बनी रहती है। जैसे किसी ने जाते–जाते हल्के से माथे पर हाथ रख दिया हो, जैसे किसी ने बिना कुछ कहे कोई वचन दे दिया हो। रात के अंतिम प्रहर में, जब ओस की बूंदें पत्तों से टपकती हैं, सहजन के फूलों की सफेदी चांदनी से मिलकर और भी उजली हो जाती है। वे ठहरे हुए समय की तरह लगते हैं—न पूरी तरह बीते हुए, न आने वाले समय का हिस्सा। वे उस क्षण में होते हैं, जहां स्मृति और भविष्य के बीच का अंतर मिट जाता है। कोई उन्हें देखकर नहीं ठहरता, कोई उनकी खुशबू को उधार नहीं लेता। फिर भी वे निरंतर खिलते हैं, गिरते हैं और किसी और वसंत में लौट आने के लिए मिट्टी में घुल जाते हैं। यह एक अनिवार्य चक्र है—एक चुपचाप बहती हुई धारा, जो जानती है कि लौटना ही उसका धर्म है। और शायद, यही सहजन के फूलों की अंतिम सीख है—सौंदर्य केवल दिखने में नहीं, बल्कि खो जाने में भी है। गिरकर भी महकने में है और मिट्टी में मिलकर भी किसी नए स्वरूप में लौटने में।

**(लेखक, नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में प्रोफेसर हैं। वास्तविक नाम रवींद्र नाथ श्रीवास्तव है।)**

विचार

# वास्तविक चिंताओं से कटा बजट

*डॉ. अजीत रानाडे*

मोदी सरकार ने एक बार एक ऐसा बजट पेश किया है, जिसमें आम जनता के लिए कुछ नहीं है, जबकि धनपतियों के लिए पूरा मौका है कि वे अपनी तिजोरी का धन दोगुना-चौगुना कर लें। अमेरिका की तरफसे पड़ी टैरिफकी मार और बदलते भू राजनैतिक समीकरणों के बीच मोदी सरकार के पास बजट के रूप में एक अच्छा मौका था, जब वह आम आदमी की चिंता को सीधे संबोधित करती और उसकी रोजमर्रा की समस्याओं का हल पेश करती। लेकिन जैसे नरेन्द्र मोदी आज की बात न कर या तो हजार साल पहले की बात करते हैं या आने वाले सौ साल में देश कहां हो सकता है, इसके सपने दिखाते हैं। तो बजट में भी ऐसे ही दूर के सपने दिखाए गए हैं। 10,000 करोड़ रुपए के बायोफार्मा शक्ति प्रोग्राम से लेकर इंडिया सेमी कंडक्टर मिशन 2.0 के तहत सेमी कंडक्टर की महत्वाकांक्षाओं का विस्तार, 40,000 करोड़ की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स स्कीम, और कई सेक्टरों में मैन्युफैक्चरिंग इंसेंटिव जैसी बातें निर्मला सीतारमण के भाषण में छाई रहीं। लेकिन ग्रामीण भारत के मजदूर-किसान, बेरोजगार युवा, छोटे और मध्यम कारोबारी, गृहणियां जिन रोजमर्रा के संकटों से दो-चार होती हैं, उस पर बजट लगभग खामोश रहा। सरकार मनरेगा की जगह वीबी जीरामजी कानून लाकर उसके प्रचार के लिए विज्ञापन पर भारी खर्च कर रही है। लेकिन बजट भाषण में इस बारे में चुप्पी बता रही है कि ग्रामीण भारत से मोदी सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। खेती-बाड़ी पर विविधकरण और नारियल, कोको, चंदन और मेवे जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों पर बजट भाषण में बात हुई। इससे संपन्न व्यावसायिक किसानों को तो फायदा हो सकता है, लेकिन उन अनाज किसानों के लिए सीधे तौर पर किसी मदद की बात नहीं की गई जो भारत की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य, खेती में बढ़ती लागत या फसलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसे मुद्दों का भाषण में कोई जिक्र नहीं था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सही कहा है कि यह बजट देश की समस्याओं से आंख मूंदने वाला है। राहुल गांधी ने लिखा कि देश में युवा बेरोजगार हैं, उत्पादन गिर रहा है, निवेशक पूंजी बाहर निकाल रहे हैं, घरेलू बचत तेजी से घट रही है और किसान संकट में हैं। वैश्विक स्तर पर आने वाले झटकों का खतरा मंडरा रहा है, लेकिन बजट इन सभी मुद्दों को नजरअंदाज करता है और आंखें मूंदने वाला है।

उन्होंने कहा कि यह ऐसा बजट है जो सुधार से इनकार करता है और भारत के असली संकटों के प्रति अंधा बना हुआ है। हकीकत यही है कि इस बजट में देश में अमीरों और गरीबों के बीच बढ़ चुकी आर्थिक असमानता पर कोई चिंता नहीं व्यक्त की गई है और न ही एससी, एसटी, ओबीसी, कमजोर आर्थिक वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों को कोई सहायता दी गई है। मोदी सरकार हर साल नए तरह के सपने बजट में दिखाती है और पिछले सपनों को भूल जाती है। जैसे अब मेक इन इंडिया पर कोई बात नहीं होती। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में कितना घोटाला हुआ, यह हाल ही में आई रिपोर्ट्स से पता चलता है। महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली सरकार के बजट में न महिलाओं के लिए कोई बड़ी पहल है, न इस बात की चिंता कि रोजगार में महिलाओं की भागीदारी कैसे बढ़ाई जाए। बजट में रुपए की गिरती कीमत, महंगाई, या टैरिफ के कारण हो रहे व्यापार घाटे की भी कोई चिंता नहीं है। मोदी सरकार का मकसद हर तरह से चुनावी राज्यों को साधना होता है, पिछले साल बिहार पर सारा फोकस था, इस बार तमिलनाडु, केरल आदि पर फोकस है। प्रसंगवश बता दें कि निर्मला सीतारमण ने, तमिलनाडु की कांजीवरम साड़ी पहनकर ही बजट पढ़ा, पिछली बार उन्होंने मधुबनी पेंटिंग वाली साड़ी पहनी थी।

इस बार के बजट में निर्मला सीतारमण ने ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव रखा है। सरकारी भाषा में यह आत्मनिर्भर भारत और चीन पर निर्भरता कम करने का बड़ा कदम बताया जा रहा है। बता दें कि रेयर अर्थ एलिमेंट्स 17 खास तरह के खनिज हैं जो आज की हाई-टेक दुनिया में बेहद जरूरी हैं। इनसे बने रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट्स यानी आरईपीएम इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होते हैं। इन मैग्नेट्स का ज्यादातर उत्पादन और प्रोसेसिंग चीन के हाथ में है। जबकि भारत इन्हें ज्यादातर आयात करता है। ऐसे में रेयर अर्थ कॉरिडोर सुनने में तो अच्छा प्रस्ताव दिखता है, लेकिन इसके साथ जो पर्यावरणीय चिंताएं जुड़ी हैं, क्या सरकार उन पर ध्यान देगी।

बता दें कि भारत में रेयर अर्थ का मुख्य स्रोत बीच सैंड मिनरल्स यानी बीएसएम है। इसमें मोनाजाइट नाम का खनिज होता है, जिसमें रेयर अर्थ के साथ यूरेनियम और थोरियम भी होते हैं। देश में ये खनिज केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों पर बहुत ज्यादा मात्रा में मिलते हैं। शायद इसीलिए इन्हीं राज्यों को चुना गया है। लेकिन बीच सैंड मिनरल्स खनन से समुद्र तटों का कटाव होता है, समुद्री जीवन बर्बाद होता है, रेडियोएक्टिव थोरियम और यूरेनियम निकलते हैं जो कैंसर जैसी बीमारियां फैला सकते हैं। केरल और तमिलनाडु में पहले से ही इलाकों में लोगों ने इसका विरोध किया है। ओडिशा में भी पर्यावरणविद् चेतावनी देते रहे हैं। सरकार कहती है कि सख्त नियम होंगे, लेकिन देश में खनन माफिया का जो आतंक है, क्या वो पहले से ज्यादा बढ़ नहीं जाएगा। रेयर अर्थ कॉरिडोर में बड़े-बड़े प्लांट लगेंगे, जिससे मछुआरों, किसानों और स्थानीय समुदायों की जमीन और आजीविका छिन सकती है। पिछले कई सालों में भारत में खनन प्रोजेक्ट्स से विस्थापन और पुनर्वास की समस्या रही है। क्या सरकार स्थानीय लोगों को रोजगार और फायदा सुनिश्चित करेगी, या सिर्फ बड़ी कंपनियां मुनाफा कमाएंगी, ये भी गंभीर सवाल है। केंद्रीय बजट 2026-27 में जिस तरह ग्रामीण रोजगार की अनदेखी की गई है, उससे भी चिंता बढ़ती है। सरकार मनरेगा की जगह वीबी जी राम जी कानून तो ले आई है, जिसमें केंद्र सरकार ज्यादातर राज्यों में इस योजना का लगभग 60 प्रतिशत खर्च उठाएगी, और बाकी खर्च राज्य सरकारें देंगी। लेकिन बजट में इस मद में 65.9 प्रतिशत की कटौती गई है, जो इस खर्च बंटवारे से कहीं ज्यादा है। मनरेगा के लिए 2025-26 के लिए संशोधित अनुमान रुपए 88,000 करोड़ था। इसके उलट 2026-27 के बजट अनुमान में यह आंकड़ा घटाकर 30,000 करोड़ कर दिया गया है, जो 58,000 करोड़ या लगभग 66 प्रतिशत की कटौती है। इससे गंभीर सवाल उठता है कि क्या वी बी जीरामजी कानून के बताए गए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मोदी सरकार ने पर्याप्त संसाधन रखे हैं या फिर कांग्रेस की चिंताएं वास्तविक है कि गांव के गरीबों को मिलने वाली मामूली मजदूरी पर भी उद्योगपतियों का डाका पड़ चुका है? गरीब-गरीब की माला जपते हुए नरेन्द्र मोदी हर बार उद्योगपतियों का ही हित साधते हैं, तभी 5 किलो मुफ्त अनाज लेने की नौबत देश में बनी हुई है।

साहित्य



## बजट अच्छा या बुरा...!

**संजय एम तराणेकर**

देश में पेश हो चुका है आम केंद्रीय बजट,
हर बार राजनीतिक प्रतिक्रिया हैं विकट।
कोई भी दल हटकर क्यों? नहीं बोल पाते,
सत्तापक्ष और विपक्ष भिन्न दिशा में जाते।

सत्तापक्ष बजट को उपलब्धियों से गिनाते,
विपक्ष जनविरोधी और दिशाहीन बताते।
सवाल यह है कि बजट अच्छा है या बुरा,
जनता चुनाव में तय करेगी सूरा व बेसूरा।

विपक्ष सरकार की खामियाँ उजागर करें,
सरकार से सवाल पूछने के हक़ अदा करें।
आलोचना भी तभी होगी अधिक प्रभावी,
किसी कदम की खुले मन से सराहना करें।





## राशिफल

**मेष:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**वृषभ:-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुन:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्क:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगाएं।

**सिंह:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** सम्बन्धों में व्यवहार कुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ:-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# मदर ऑफ ऑल डील्स को कैसे प्रभावी बनाए सरकार

*विनीत नारायण*

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' के रूप में जाना जा रहा है, लगभग 2 दशकों की लंबी वार्ताओं का परिणाम है और इसमें 2 अरब से अधिक की आबादी तथा 27 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था शामिल है, जो वैश्विक जी.डी.पी. का लगभग 25 प्रतिशत है।

यह समझौता भारत की आथ्र्थक महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर प्रदान करता है, विशेषकर ऐसे समय में, जब अमरीकी टैरिफके कारण निर्यात प्रभावित हो रहा है। हालांकि, इसे प्रभावी बनाने के लिए सरकार को रणनीतिक कदम उठाने होंगे।

इस समझौते के तहत यूरोपीय संघ भारत में निर्यात होने वाले 96.6 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा, जिससे यूरोपीय कंपनियों को सालाना लगभग 4 बिलियन यूरो (लगभग 4.7 बिलियन डॉलर) की बचत होगी। भारत ने यूरोपीय संघ को 102 सेवा उप-क्षेत्रों में पहुंच प्रदान की है, जबकि यूरोपीय संघ ने भारत को 144 उप-क्षेत्रों में अवसर दिए हैं, जिनमें वित्तीय, समुद्री और दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं।

अनुमान है कि यह समझौता 2032 तक यूरोपीय संघ के भारत में निर्यात को दोगुना कर देगा। साथ ही, यह अमरीकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा, जहां भारत के श्रम-गहन निर्यात प्रभावित हो रहे हैं। माना जा रहा है कि यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' योजनाओं के साथ तालमेल बैठाता है। यह न केवल निर्यात को बढ़ाएगा, बल्कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, निवेश और रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करेगा। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ के साथ समझौता भारतीय एम.एस.एम.ई. को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का अवसर देगा। हालांकि, इसके लाभों को अधिकतम करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफैसर अरुण कुमार की चेतावनियां प्रासंगिक हैं।

प्रोफैसर कुमार, जो काले धन और आर्थिक नीतियों के विशेषज्ञ हैं, ने भारत-यूरोपीय संघ एफटी.ए. को 'अमरीका जैसा एक और जाल' बताया है। उन्होंने असमान शर्तों, घरेलू उद्योगों विशेषकर कृषि और डेयरी पर जोखिम, व्यापार घाटे में वृद्धि, नीति स्थान की हानि और दीर्घकालिक आर्थिक निर्भरता की चेतावनी दी है।

उन्होंने अमरीकी व्यापार समझौतों से सबक लेने की सलाह दी है, जहां कृषि बाजार खोलने की मांग भारत के लिए कठिन है। इन चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए, सरकार को रचनात्मक कदम उठाने चाहिएं। सबसे पहले, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। समझौते में डेयरी और कुछ कृषि उत्पादों को बाहर रखा गया है, लेकिन कुमार की चेतावनी के अनुसार, बाजार बाढ़ से बचने के लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित करें। सरकार कृषि क्षेत्र में सबसिडी और समर्थन को मजबूत करे, जैसे कि फसल बीमा और बाजार लिकेज को बढ़ावा देकर। साथ ही, एग्रीस्टैक जैसी डिजिटल पहलों को तेज करे ताकि किसान वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन कर सकें। दूसरा, एम.एस.एम.ई. और छोटे उद्योगों की तैयारी पर फोकस करें। उत्पादन लिंक्ड इंसैंटिव (पी.एल.आई.) स्कीम को विस्तार दें, विशेषकर टैक्सटाइल, फार्मा और इलैक्ट्रॉनिक्स में। एम.एस.एम.ई. को क्रैडिट पहुंच, कौशल विकास और निर्यात प्रशिक्षण प्रदान करें। यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त निवेश कोष स्थापित करे जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर केंद्रित हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' मजबूत हो सके। तीसरा, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी मानकों का अनुपालन।

यूरोपीय संघ का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमैंट मैकेनिज्म (सी.बी.ए.एम.), जो 1 जनवरी, 2026 से पूर्ण रूप से लागू है, भारतीय स्टील और एल्यूमीनियम पर कार्बन टैक्स लगा सकता है, जिससे निर्यातकों को 22 प्रतिशत तक कीमत कम करनी पड़ सकती है। सरकार को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाकर, जैसे कि 500 जी.डब्ल्यू. सौर लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर, इस चुनौती का सामना करना चाहिए। यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त हरित प्रौद्योगिकी परियोजनाएं शुरू करे। चौथा, व्यापार घाटे को संतुलित करने के लिए विविधीकरण। सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश करे, जैसे कि अफ्रीका और लातीनी अमरीका। साथ ही, समझौते के तहत निवेश नियमों को मजबूत करे ताकि नीति स्थान सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय निवेश बोर्ड को सक्रिय करे जो विदेशी निवेश की समीक्षा करे और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। पांचवां, मानव संसाधन और प्रवासन पर फोकस। समझौता प्रवासन और मोबिलिटी फ्रेमवर्क से जुड़ा है, जो 'टैलेंट एंड सिक्योरिटी' पर केंद्रित है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रमों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए, जैसे कि आई.टी. और इंजीनियरिंग में। इससे युवा रोजगार बढ़ेगा और ब्रेन ड्रेन को रोका जा सकेगा।

अनुमान है कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को 41-65 प्रतिशत बढ़ाएगा और जी.डी.पी. में 0.12-0.13 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। यह चीन से व्यापार विचलन (5-9 प्रतिशत) को बढ़ावा देगा, जो यूरोपीय संघ की डी-रिक्सिंगऔर भारत की विविधीकरण रणनीति से मेल खाता है। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने का माध्यम बन सकता है। सरकार को उक्त चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए। इससे न केवल आर्थिक विकास होगा, बल्कि आत्मनिर्भरता भी मजबूत होगी। 2047 तक 'विकसित भारत' का सपना साकार करने के लिए यह समझौता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है, बशर्ते इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कानूनगो महाराज सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**जैतपुर/महोबा।** तहसील कुलपहाड़ में तैनात रहे कानूनगो महाराज सिंह यादव के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर ग्राम पंचायत मंगरोल कला में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने महाराज सिंह यादव के कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों और उनके सरल, सौम्य व निष्पक्ष व्यवहार की सराहना की। अखिलेश रावत ने कहा कि महाराज सिंह यादव ने अपने पूरे सेवाकाल में जनता के साथ समान और न्यायपूर्ण व्यवहार किया, जो एक राजस्व अधिकारी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर बुंदेलखंड किसान यूनियन महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष किरण पाठक ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान किया।कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजेंद्र द्विवेदी, अभिषेक रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अलाबक्स, लेखपाल विपिन शिवहरे सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए उनके सेवाभाव की खुले मन से सराहना की। समारोह में पदम सिंह गौतम, दिनेश पाठक, भगवत शरण, नन्हेराम, पूरनलाल सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सभी ने महाराज सिंह यादव के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण हेतु जनपद पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई। महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

### इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए की गई विदाई पार्टी

**हमीरपुर।** सुमेरपुर में संचालित मां गीता महेश्वरी इंटर कॉलेज में आगामी समय अठारह फरवरी से बोर्ड परीक्षा होने से पूर्व आज विदाई समारोह कार्यक्रम किया गया जिसमें कक्षा इंटर के छात्र उपस्थित होकर विदाई समारोह को सुसज्जित बनाया इस विदाई समारोह कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक रणवीर सिंह प्रचार अशोक कुमार शर्मा उप प्रबंधक डॉक्टर पुनीत पालीवाल संरक्षक अजय पालीवाल गायत्री बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य दीप का द्विवेदी के अलावा अध्यापक भारत प्रसाद, अनुराग तिवारी, नसीम खान, गुलाब साहू, राकेश सेगर, अभिषेक विश्वकर्मा, राहुल यादव, मृत्युंजय अनुराग, शिखा गुप्ता, उर्मिला सिंह, साक्षी, ज्योति, बबली उपस्थित रही।

### कुरारा में संत शिरोमणि दास की जयंती पर सदर विधायक ने जयंती समारोह का किया उद्घाटन



**कुरारा, हमीरपुर।** नगर कुरारा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महान संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे जयंती समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति एवं माननीय नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर रविदास भवन का विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात संत गुरु रविदास के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, प्रेम, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनका प्रसिद्ध कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संदेश देता है। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में शांति और सद्भाव की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ

### चार को डीएम करेंगे ब्लाक का निरीक्षण

**भरुआ, सुमेरपुर, हमीरपुर।** आगामी 4 फरवरी को जिलाधिकारी विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। ब्लाक में सब कुछ दुरुस्त किया जा रहा है।प्रभारी खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने एडीओ पंचायत, लेखाकार, लेखा लिपिक, आईएसबी आदि को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि 4 फरवरी को जिलाधिकारी विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण करेंगे लिहाजा साफ सफाई के साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार संचालित सभी प्रमुख योजनाओं की पत्रावलियों को दुरुस्त किया जाए।

### नेत्र शिविर में जांच कर वितरण किया गया निःशुल्क चस्मा



**हमीरपुर।** दीनदयाल पाल इण्टर कालेज में निशुल्क चश्मा वितरण संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा के द्वारा किया गया जिसमें 55 लोगो की पास की रोशनी कम निकली थी जो नेत्र शिविर दिनांक 14 दिसम्बर को लगाया गया था जिसमे डा सुरेश द्वारा जांच की गई थी जिन लोगो की नजर कमजोर निकली उन लोगो को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया और जिन लोगो की आखों में मोतियाबिंद था उनका निशुल्क ऑपरेशन कराया गया और उनको भी निशुल्क चश्मा दिया गया और उसके बाद डा सुरेश नेत्र चिकित्सक ने 40 मरीजो की जांच भी की जिसमे 9 मोतियाबिंद मरीज मिले बाकी मरीजो की रोशनी की जांच की जो मोतियाबिंद के मरीजो को ब्ध शुगर जांच के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया उसके बाद निशुल्क ऑपरेशन किये जायेंगे इस मौके पर संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने कहा की हम समाज सेवी है अभी तक हम और मेरे पती डा सुरेश हमीरपुर मुख्यालय में लोगो की सेवा की बड़ी बड़ी आपदा में हमने लोगो की सेवा की है कोरोना काल मे लोगो की मदद की और हमीरपुर बाढ़ आती है तो बाढ़ पीड़ितों को खाना खिलाने के काम करते और अब हम गांव के लोगो से जुड़ना चाहते है आप लोगो के हर दुख सुख में साथ देगे जो भी आप लोगो की समस्या होगी हम आप की मदद करेंगे इसी मौके पर डा सुरेश ने कहा कि हम गांव गांव में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कर रहे और लोगो की निशुल्क आखो का ऑपरेशन करवा रहे है और नि:शुल्क चश्मा भी दे रहे यह सेवा हम बराबर करते रहेंगे।

### चौथे आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस ने बढ़ाया रिश्तेदारों पर दबाव

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** हिंदूवादी संगठनों का आक्रोश कम करने की गरज से पुलिस ने लवजिहाद, गैंगरेप, धर्मांतरण के दबाव के चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए सगे संबंधियों पर शिकंजा कसना तेज कर दिया है। पिछले 48 घंटे के दौरान पुलिस ने आरोपी के करीब आधा दर्जन रिश्तेदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है लेकिन चौथे आरोपी का सुराग नहीं लग सका है। उधर अग्रिम जमानत पर सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इसमें 5 फरवरी को सुनवाई होगी लव जिहाद, गैंगरेप, धर्मांतरण के दबाव के चौथे आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से कस्बे में हिंदूवादी संगठनों के लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। पुलिस आक्रोश को कम करने के लिए पिछले 48 घंटे में आरोपी के आधा दर्जन रिश्तेदारों को हिरासत में लेकर सख्ती के साथ पूछताछ की है लेकिन आरोपी को सुराग नहीं लगा है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़ने की कोशिश जारी है जल्द ही गिरफ्तार करके उसे जेल भेजा जाएगा। वहीं पीडिता के अधिवक्ता आलोक मिश्रा कानपुर ने बताया कि 2 फरवरी को होने वाली जमानत अर्जी की सुनवाई नहीं हुई है अब इसकी सुनवाई 5 फरवरी को न्यायालय में होगी।

# फरियादियों को खूब रास आ रही है पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई

▸ जनसुनवाई में महिला फरियादियों से संवाद कर सुरक्षित वातावरण व निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

## रविदास जयंती शोभायात्रा में रही पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



**अजनर/महोबा।** तहसील क्षेत्र के ब्लाक जैतपुर अंतर्गत ग्राम धवर्रा में रविवार को दलित समाज एवं उनके अनुयायियों द्वारा गांव में संत रविदास की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें संत रविदास की आकर्षक झांकी के साथ डीजे, बैंड बाजे व नृत्य करते घोड़े आकर्षक का केंद्र बने रहे। यह शोभायात्रा पूरे गांव में निर्धारित रास्ते से भ्रमण कर देर शाम यथा स्थान पर समाप्त हुई। शोभायात्रा की जगह-जगह परम्परागत तरीके से फूल माला व आरती पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष सुभाष चन्द्र, चौकी प्रभारी दिनेश सिंह चंदेल सहित पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति रविन्द्र खरे, सदर मोहम्मद शहजाद, गुलाम मोहम्मद एवं रविदास कमेटी से बीरू अहिरवार, हरदयाल अहिरवार, गजराज अहिरवार, प्रवीण दुबे, अज्जू खरे, गजेन्द्र राजपूत, रिंकू अहिरवार, कृपाल अहिरवार सहित गांव के सभी गणमान्य व सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## प्रा.वि. में शिक्षा चौपाल का आयोजन

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ वैभव अरजरिया ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पढ़ाने की सरल तकनीकों को बताया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत जैतपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम लाड़पुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने कहा कि बच्चे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। अपने आसपास सफाई रखें, ताकि पर्यावरण और माहौल अच्छा रहे, जिस कारण बच्चे अच्छे से शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने वर्तनी सुलेख के बारे में जानकारी दी और उपस्थित बच्चों से प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने जवाब दिया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा 7 के अनुराग ने शिक्षा से संबन्धित रैंप गाया। जिस पर मुख्य अतिथि ने उस बच्चे को नगद 500 रूपए का पुरस्कार देकर होंसला अफजाई किया। नोडल शिक्षक संकुल सुभाष तिवारी ने भी बच्चों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर एस आर जी मनोज अनुरागी व ए आर पी छत्रपाल यादव ने छात्र-छात्राओं को सरल विधि से पढ़ाकर कैसे उन्हें योग्य बनाया जा सकता है। उन्होंने विधिवत तरीके से जानकारी दी। कार्यक्रम में करन राजपूत, प्रधान रामरतन पटैल, राकेश भट्ट, अनिल कुमार, महेंद्र, संतोष कुमार सहित जैतपुर ब्लॉक के अन्य शिक्षक उपस्थिति रहे।

# कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा की दृष्टिगत जनपद पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान

▸ बैंक में संदिग्ध व्यक्तियों, आने-जाने वाले ग्राहकों, सीसीटीवी तथा सुरक्षा प्रबंधों की जांच-पड़ताल



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

## गश्त के दौरान दो युवकों को किया गिरफतार

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के कंडौर गांव में गश्त के दौरान पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तथा न्यायालय में पेश किया गया है।क्षेत्र के कंडौर गांव में लगे मोबाइल टावर के पास मोराकंदर गांव जाने वाले रास्ते में दो युवक को जाते समय पुलिस ने गश्त के दौरान तलाशी ली तो दोनों के पास से अवैध तमंचा 315 बोर दो अदद व चार कारतूस 315 बोर बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी राघवेंद्र सिंह उर्फ रग्घू निवासी कंडोर हाल निवास टीकापुर थाना लालपुरा हमीरपुर तथा दूसरा आरोपी सचिन उर्फ रामु पुत्र बलराम पाल निवासी अच्छपुरा बहदीना थाना ललपुरा हमीरपुर को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया हैतथा दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन के आते ही उल्टे भागे वाहन

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** ओवरलोड पर प्रशासन का शिकंजा कसते ही वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कार्यवाही के लिए प्रशासन के हाईवे में उतरते ही सैकड़ो ओवरलोड ट्रक बीच रास्ते से वापस लौटकर बांदा मार्ग सहित अन्य मार्ग में जा घुसे। यह नजारा कस्बे में दोपहर को कैमरे में कैद किया गया।मुख्यमंत्री ने ओवरलोड पर कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री की फटकार के बाद सोमवार को प्रशासन ओवरलोड के खिलाफ बड़ी कार्यवाही के लिए दोपहर को हाईवे में उतर आया। प्रशासन के हाईवे में आते ही लोकेटरों ने सूचना ओवरलोड वाहनों के सिंडिकेट को दी। सूचना मिलते ही ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। बालू गिट्टी लादकर कानपुर



लखनऊ आदि जगहों को जा रहे हैं ट्रक डंपर हाईवे में कुंडौरा, नरायणपुर से वापस होकर कस्बे के देवगांव मार्ग,बांदा मार्ग,सौंखर मार्ग एवं फैक्टरी एरिया में खाली पड़ी सड़कों आदि में जा घुसे। ओवरलोड वाहनों को वापस लौटते समय कस्बे के बस स्टैंड में कैमरे में कैद किया गया। समाचार भेजे जाने तक वाहन चालक प्रशासन के हाईवे से हटने का इंतजार कर रहे थे।

# हिन्दुत्व सबका कल्याण सबके सुख की कामना करता है: सह प्रान्त प्रचारक मुनिश

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के जनतंत्र इंटर कॉलेज में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह प्रांत प्रचारक मुनिश एवं नरेंद्र महाराज उपस्थित रहे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रभक्ति कविताओं का पाठ किया गया।

विराट हिंदू सम्मेलन में बोलते हुए ब्रह्माकुमारी वी के साधना, वी के रागिनी ने चैतन्य शक्ति आत्मा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राम के गुणों को अपने जीवन में उतारें। वहीं आरबीपीएस के छात्र-छात्राओं द्वारा राधा कृष्ण की लीलाओं पर नृत्य किया गया। जनतंत्र इंटर कॉलेज के




छात्र-छात्राओं ने दिवारी नृत्य व झांसी की रानी नाटक प्रस्तुत किया। कवि गीतेश पटेरिया बर्चस्व ने कविताएं प्रस्तुत करते हुए कहा कि यदि राम पर आंच आई तो संसार में त्राहि मचा देंगे। नरेंद्र महराज ने कहा कि गलत नेरेटिव सेट कर हिंदुत्व,सनातन के विरुद्ध दुष्प्रचार किया जा रहा है।सनातन की रक्षा के लिए लोगों को आगे आना होगा और छुआछूत ऊंच-नीच खत्म करना होगा। सह प्रांत प्रचारक मुनिश जी ने कहा कि हर बेटी को अबला नहीं सबला बनाना है, छात्रांणी बनाना है, दुनिया में शांति स्थापित सनातन करेगा। उन्होंने माताओं से कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार दें। हिंदुत्व सबका कल्याण सबका सुख की कामना करता है। जातिवाद छुआछूत की भावना से ऊपर उठकर सभी को एक सामान बनना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के सफाई नायक संतोष वाल्मीकि ने किया। संचालन नितेंद्र चौबे ने किया। इस अवसर पर डॉ कमलेश, माधव कुशवाहा, बृजेंद्र द्विवेदी, महेन्द्र कुमार वर्मा, ज्वाला विश्वकर्मा, सुधीर स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नन्द के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, इंगोहटा में श्रीकृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा के चौथे दिन भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के दौरान गजेंद्र मोक्ष और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य का वर्णन हुआ, पूरा पांडाल नन्द के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। के जयकारों से गूंज उठा।

कथा व्यास रामबाबू त्रिपाठी ने कहा कि जब-जब मानवता करुणा से भटकती है, तब-तब श्रीकृष्ण मार्गदर्शन के लिए अवतरित होते हैं। उन्होंने बताया कि भक्ति ही जीवन की सच्ची नौका है, जो भवसागर से पार कराती है। कृष्ण जन्म के प्रसंग पर सोहर और भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर मुख्य यजमान राम प्रकाश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# प्रशासन को गलत रिपोर्ट देकर लव जिहाद के आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे है राजस्वकर्मी

▸ विश्व हिन्दू महासंघ ने लगाया खुला आरोप, सीएम को भी बतायेगा हकीकत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गत माह 15 जनवरी को कस्बे मे हुए लवजिहाद, गैंगरेप, धर्मातरण के दबाव के आरोपियों को राजस्व कर्मी गलत रिपोर्ट देकर प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं होने से हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश पनप रहा है रविवार को कस्बे के बांकी मार्ग के एक गेस्ट हाउस में विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने कहा कि मुख्य आरोपियों की आलीशान कोठियां सरकारी भूमि पर बनाकर तैयार की गई है और अभी तक यह कार्यवाही नहीं होने से लोगों को चिढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व कर्मी प्रशासन को गलत रिपोर्ट देकर आरोपियों की संपत्ति बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर मुख्य आरोपियों का काला चिट्ठा प्रस्तुत करके पुख्ता कार्यवाही की मांग करेंगे। बता दे कि मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान खान के पिता का बस स्टॉप में बना इंडियन लाज सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। इसके ध्वस्तीकरण के लिए हाईकोर्ट ने वर्ष 2021 में आदेश भी पारित किया था। इसके बाद इसको नहीं ठहाया गया है। इस कांड के बाद आरोपी संपत्ति बचाने के लिए हाईकोर्ट की शरण में गए हैं लेकिन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग के कर्मियों ने उस आदेश को नहीं शामिल किया है। इससे राजस्व कर्मियों की सत्य निष्ठा संदिग्ध प्रतीत होने लगी है। बताते हैं कि बाद में इस आदेश को निकालकर कार्यवाही के लिए अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया है अब इस आदेश पर कब सुनवाई होगी फिलहाल स्पष्ट नहीं है। एसडीएम सदर केडी शर्मा ने बताया कि हाई कोर्ट में सभी रिपोर्ट पूर्व आदेश दाखिल हो गए हैं आगामी दो-तीन दिन में आदेश आने की उम्मीद है। उसके बाद ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### संतुलन बिगड़ने से मजदूर गिरा, कंधे में घुसी सरिया

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** रविवार की शाम भवन निर्माण कर रहा दिहाड़ी मजदूर संतुलन बिगड़ने से सरियों के ऊपर आ गिरा। जिस पर एक सरिया उसके कंधे में जा घुसी। आनन फानन में सरिया को बीच से काटकर उसे मुख्यालय के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन करते हुए सरिया को बाहर निकाला। अब उसकी हालत में सुधार है।कस्बे के वार्ड नंबर नौ निवासी असलम के यहां भवन निर्माण चल रहा है। इस भवन निर्माण में इसी मोहल्ले के दिहाड़ी मजदूर बच्चू लाल अहिरवार (50) भी कार्य कर रहा था। भतीजे शेरा ने बताया कि रविवार की शाम यह भवन की पुरानी छत को तोड़ रहा था। इसका संतुलन बिगड़ गया और यह नीचे पड़ी सरियों में आकर गिर गया। जिससे एक सरिया उसके कंधे से आर पार हो गई। आनन फानन में भवन मालिक सहित अन्य मजदूरों ने सरिया को बीच से काटकर उसे जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर सरिया को बाहर निकाला। भतीजे ने बताया कि अब हालत में सुधार है।

# बज्मे माहाना तरही मुशायरा हुआ संपन्न

**मौदहा- हमीरपुर**

मोहल्ला हूसैनगंज निजामीपुरा स्थित मास्टर फखरुद्दीन यावर मौध्वी के मकान में बज़्मे करीम मौदहा का माहाना तरही मुशायरा संपन्न हुआ जिसकी सदारत मास्टर फिरोज़ कमाल और संचालन शायर इनायत मोईन चिश्ती ने किया इस मुशायरे में डॉक्टर अजमल सगीर मेहमाने खुसूसी रहे। इस मुशायरे में लगभग दो दर्जन शायरों ने दिए गए मिसरे कुछ फायदा नहीं मियां ऐसी उड़ान से और जाते हो तुम किस राह पर ठहरो ज़रा पर अपने अपने कलाम पेश किए श्रोताओं ने हर शायर के अच्छे शेर पर खूब दाद दी। बदरुद्दीन तायब ने शेर सुनाया तुझको नज़र में आएंगे फिर रंगे कायनात, बाहर निकल के आओ तो अपने मकान से। मसीह निज़ामी ने पढ़ा दोज़ख की आग देख के क्या होगा उनका हाल,डरते हैं जो भी दुनिया के इस तापमान से। यावर मौध्वी ने शेर सुनाया तनक़ीद ग़ैरों की करूंगा तुम से फिर ,मै डाल लूं खुद पर नज़र ठहरो ज़रा। मूलचंद वारसी ने शेर पढ़ा मेहनत से अपनी जिनको खिला कर बड़ा किया,वो गुल भी आज लड़ने लगे बागबान से। इनायत मोईन चिश्ती ने पढ़ा सरकार ने एक रोज सहाबा से कहा था ,खुशबू वफ़ा की आती है हिंदोस्तान। कमर निजामी ने पढ़ा महरूम नहीं होता वो शागिर्द ज्ञान से ,उस्ताद की जो बात को सुनता है ध्यान से। इस्लाम मौध्वी ने शेर सुनाया तेरी मुखालफ़त का ज़रा भी असर नहीं ,हम लोग जी रहे हैं बड़ी आन बान से ।कुदरत उल्लह तिशना ने शेर सुनाया मौसम हमेशा ऐक सा रहता नहीं ,जायेगा सर्दी का असर ठहरो ज़रा। रमज़ान खां साहिल ने शेर सुनाया मै सच को झूठ झूठ की सच कह न पाऊंगा ,जाती है मेरी जान तो फिर जाए जान से । निज़ाम मौधवी ने पढ़ा पाने को उसने मुझको किए हैं कई जतन,ली उसने दुश्मनी है सभी खानदान से । आकिल बिजनौर ने पढ़ा शीशे की तरह दिल के भी टुकड़े हज़ार , ज़ालिम ने ऐसा तीर चलाया कमान से ।कलंदर निजामी ने पढ़ा क्यों खौफ खाते हो ज़माने से भला ,हो जाएगी इक दिन सहर ठहरो ज़रा।मुन्ना बॉर्डर ने अपने हास्य कलाम से सबको खूब हंसाया तुम अपने आपको जो समझती हो माधुरी, मेरी भी शक्ल मिलती है शाह रूख खान से।तकी मास्टर ने शेर सुनाया तफ़रीके ज़ात पात से कुछ फायदा नहीं ,मिल कर यहां रहें सभी अमनो अमान से। महक बानो ने शेर सुनाया दो वक्त की वो कैसे कमाता है रोटियां,ये बात जा के पूछिए अपने किसान से । नसीम आलम ने पढ़ा सब जानते हैं फिर भी मगर हाव हाव है ,खाली ही हाथ जाएंगे सब इस जहान से। सफीर माचवी ने पढ़ा दर्दे फ़िराक़ से मेरा दिल चूर चूर है ,ये कौन उठ गया है मेरे दरमियान से। नजम मास्टर ने पढ़ा लहरा के जुल्फ देखा जो बस तिरछी नजर से, बेहोश हो के कुछ तो गए अपनी जान से। इसके अलावा आफ़तब शम्स, दिनेश दुबे आदि ने भी अपने अपने कलाम पेश किए। अंत मे यावर मौध्वी ने सभी श्रोताओं व शायरों का शुक्रिया अदा किया।

## शिव बारात की 21 सदस्यीय कमेटी घोषित

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात कस्बे के मैथिली शरण गुप्त मार्ग के सुरही मंदिर में संपन्न हुई बैठक में सर्व सम्मिति से 21 सदस्यीय कमेटी का गठन करके अध्यक्ष सीताराम गुप्ता तथा महामंत्री अजय उर्फ कल्लू यादव को चुना गया। साथ ही शिव बारात की झांकियों की रूपरेखा तय हुई। कमेटी ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष शिव बारात में 25 झांकियां शामिल की जाएगी। एक झांकी भगवान कामतानाथ स्वामी जी की होगी यह झांकी बारात की मुख्य झांकी होगी। बैठक में कमेटी के सभी पदाधिकारी सदस्य शामिल हुए। यह जानकारी डॉ शिवम गुप्ता द्वारा दी गई है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैंने अपने बड़े लड़के इमरान से अपने सारे संबंध खत्म कर लिए हैं। इमरान न तो मेरी कोई बात मानता/सुनता है और न ही मेरी दवा,इलाज व सेवा सत्कार करता है। दुःखी होकर उससे अपने सारे संबंध खत्म करते हुए उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा और मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता वो सरोकार नहीं है। अकरम पुत्र रफीउल हसन निवासी- ग्राम-कोड़रा, टोला-टिकरिया,तहसील वो परगना-नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर।

# टैगोर नेशनल पुरस्कार के लिए देश भर से चुने गए मात्र 35 विद्वान, डॉ. सुदेश कुमार ने जनपद का बढ़ाया मान

- चयन पर गाँव और दिल्ली के विद्वानों में हर्ष व्यक्त किया है



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने 'टैगोर नेशनल फेलोशिप फॉर कल्चरल रिसर्च' के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष चयन प्रक्रिया बेहद कड़ी रही, जिसमें विभिन्न बैच वर्षों के लिए प्राप्त हजारों आवेदनों में से देश भर से केवल 35 शोधार्थियों (13 फेलो और 22 स्कॉलर) का ही अंतिम चयन किया गया है। इस गौरवशाली सूची में जनपद के ब्लॉक-सिद्धौर के बीबीपुर निवासी और दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त डॉ. सुदेश कुमार पुत्र रामकुमार वर्मा ने अपना स्थान बनाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डॉ. सुदेश कुमार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के साथ संबद्ध किया गया है। वे 'भारत में रामकथा की कलात्मक अभिव्यक्ति' विषय पर आगामी दो वर्षों तक गहन शोध करेंगे। संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रीय चयन समिति ने सचिव (संस्कृति) की अध्यक्षता में हुई बैठक में डॉ. सुदेश के शोध प्रस्ताव की महत्ता को देखते हुए इस पर मुहर लगाई है। अपने शोध के माध्यम से डॉ. सुदेश यह अन्वेषण करेंगे कि भारतीय चित्रकला, मूर्तिकला, लोककला और नाट्य विधाओं में रामकथा की उपस्थिति किस प्रकार रही है। उनका अध्ययन न केवल रामकथा के सौंदर्यबोध को रेखांकित करेगा, बल्कि भारतीय कला परंपरा की ऐतिहासिक निरंतरता को भी नई दृष्टि प्रदान करेगा।

हजारों आवेदकों के बीच मात्र 35 चयनितों में शामिल होना डॉ. सुदेश की अकादमिक योग्यता का प्रमाण है। इस चयन पर गाँव और दिल्ली के विद्वानों ने हर्ष व्यक्त किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के मार्गदर्शन में होने वाला यह शोध भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज के विरुद्ध दायर हुआ परिवाद सोशल एक्टिविस्ट ने किया मुकदमा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सोशल एक्टिविस्ट द्वारा रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अम्बानी के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दायर किया गया है। न्यायालय ने कचरा अपशिष्ट के कुप्रबंधन से हो रही हानियों का संज्ञान लेकर अगली सुनवाई छह फरवरी निर्धारित किया है। मनीष मेहरोत्रा बनाम उ0प्र0 सरकार, रिलायंस इन्डस्ट्रीज, मुकेश अम्बानी जी के मामले की सुनवाई जनपद न्यायाधीश महोदय के यहाँ हुई फाइल प्रस्तुत हुई। रिवीजनकर्ता मनीष मेहरोत्रा के अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन ने अपनी बहस में कहा कि मुकेश अम्बानी रिलायन्स इण्डस्ट्रीज के मालिक है उनके द्वारा जनपद में लगातार संज्ञेय अपराध किये जाते रहे है उनके बॉयोगैस प्लाण्ट के अपशिष्ट (कचरा) के कारण अब तक बहुत से लोग घायल हो चुके है मर चुके है। सैकड़ों गाय, बकरी इनके अपशिष्ट में फंस कर मर चुके। इनके ट्राले के कारण काफी लोग घायल होकर मर चुके है। 2 दिन पूर्व बबुरी गांव के जंगलों में इनके डम्परों के माध्यम से कचरा गिराया गया। इनके 2 डम्परों को वन विभाग देवां की टीम ने सीज किया और वन अधिनियम के तहत मुकदमा दायर किया है। मनीष मेहरोत्रा के अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन ने अपने बहस में भोपाल गैस त्रासदी का भी जिक्र किया और कहा कि देश आज तक भोपाल गैस त्रासदी का दंश झेल रहा है। जब तक इनके ऊपर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करना आवश्यक है।

उनके द्वारा किये जा रहे अपराधों की विवेचना होनी चाहिए। रिलायन्स इन्डस्ट्रीज के वकील इस बहस में अपना कोई तर्क प्रस्तुत नहीं कर सके। बहस के बाद अन्तिम आदेश हेतु 6 फरवरी को जनपद न्यायाधीश ने सुनवाई नियत की है।

# जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में सड़को की मरम्मत जल निकासी, अतिक्रमण, साफ-सफाई, भारी वाहनों के आवागमन, सड़क चौड़ीकरण, जल निकासी व निवेश मित्र पोर्टल आदि के महत्वपूर्ण बिंदुओ पर समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए, ताकि उद्यमियों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश, उद्यम स्थापना, लाइसेंस/अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गम, भूमि आवंटन, बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और उद्योगों को सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उद्योगों से संबंधित शिकायतों व मांगों को भी बैठक में सुना गया और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व उद्यमी उपस्थित रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता की मौत चिता जलने के दौरान चले लात घूँसे



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी का पुरवा मजरे सराय चंदेल गांव निवासी सहज राम की बेटी सुनीता की शादी करीब छह महीने पहले इसी थाना क्षेत्र के लालू का पुरवा मजरे जमीन हुसैनाबाद गांव निवासी सूरज पुत्र रामदुलारे के साथ हुई थी। सहज राम ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान-दहेज देकर बेटी को विदा किया था। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में सोने की चेन और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर सुनीता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। दिसंबर माह में दामाद सूरज अहमदाबाद चले गए थे, जिसके बाद फोन पर भी विवाद हुआ था। 31 जनवरी की शाम परिजनों को एक रिश्तेदार से सूचना मिली कि सुनीता ने फांसी लगा ली है और उसे इलाज के लिए सीएचसी शुकुलबाजार ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने देखा कि सुनीता की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन जब अंतिम संस्कार कर रहे थे तभी लड़के पक्ष के महिलाओ एवं लड़की पक्ष के महिलाओ की मामूली कहासुनी मे मार-पीट हो गई जिसके चलते जमकर लात घूँसे चले। प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह ने मौके पे पुलिस बल के साथ पहुंच कर मामला शांत कराया और अग्रिम कार्यवाही के आदेश दिये।

## मंगलवार को मनाई जाएगी यशः काय पं. सुरेंद्र नाथ अवस्थी की पुण्यतिथि

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ को विकास की बुलंदियों तक ले जाने के लिए अपनी राजनीति का बलिदान देने वाले ग्राम्यांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक विकास पुरुष यशः काय स्वर्गीय पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू भैया की जयंती मंगलवार को मनाई जाएगी। ग्राम्यांचल सेवा समिति समिति से जुड़े शरद अवस्थी आशुतोष अवस्थी सिद्धार्थ अवस्थी ने संयुक्त रूप से यह जानकारी देते हुए बताया कि 3 फरवरी को महाविद्यालय परिसर स्थित स्मृति उपवन में सेवा समिति अपने संरक्षक संस्थापक की 14वीं पुण्यतिथि मना रही है। स्वर्गीय अवस्थी के तीनों पुत्रों ने उनसे जुड़े सभी लोगों से इस मौके पर पहुंच कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

## एसआईआर में छूटे मतदाताओं की हो रही मैपिंग

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** नायब तहसीलदार अन्नू सिंह एसआईआर मतदाता सूची से मैपिंग से छूटे हुए मतदाताओं की सुनवाई कर रही हैं। सोमवार सुबह 10 बजे से ही उनके कार्यालय में मतदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी।मतदाता अपने नोटिस और आवश्यक दस्तावेज लेकर पहुंच रहे हैं। नायब तहसीलदार उनके दस्तावेजों की जांच कर मैपिंग किया। यह प्रक्रिया उन मतदाताओं के लिए है जो एसआईआर बीएलओ के मैपिंग में छूट गए थे।अन्नू सिंह, जो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 270 दरियाबाद की सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी है। अपने कार्यालय कक्ष संख्या 3 में यह सुनवाई कर रही हैं। उन्हें 49 से 92 तक के मतदेय स्थल आवंटित किए गए हैं।नायब तहसीलदार ने बताया कि मैपिंग में छूटे हुए मतदाताओं को नोटिस के जरिए बुलाया गया है। उन्हें निश्चित दिन दिया गया है ताकि उनकी सुनवाई सुनिश्चित की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो गिरफ्तार




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में सोमवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना अमेठी में वांछित अभियुक्तों शिवपूजन चौरसिया उर्फ शेखू पुत्र कामता प्रसाद चौरसिया निवासी गंगागंज थाना अमेठी व अतुल यादव पुत्र स्व बलराम यादव निवासी मन्धर पट्टी थाना व जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया है। थाना अमेठी पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद अमेठी, प्रतापगढ़ व सुलतानपुर के विभिन्न थानों पर पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त शिवपूजन के विरुद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित पूर्व में 16 अभियोग व अतुल यादव के विरुद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट सहित पूर्व में 8 अभियोग पंजीकृत हैं।

### डॉ. मलखान सिंह पुनः बने आप पार्टी के जिला उपाध्यक्ष

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद में संगठन विस्तार को लेकर सोमवार को



आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर संगठन विस्तार को लेकर एक बैठक की गई। संगठन विस्तार को लेकर सर्वसम्मति से जनपद कार्यकारिणी में पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें जनपद स्तर पर कार्यकारिणी में तीस पदाधिकारी का मनोनयन किया गया। जिसमें डॉ मलखान सिंह को पुनः जिलाउपाध्यक्ष अमेठी की जिम्मेदारी दी गई है। श्री सिंह ने राष्ट्रीय नेतृत्व व जिलाध्यक्ष अनुराग का आभार व्यस्त किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति अपनी जिम्मेदारियो का ससमय पूर्ण निष्ठा के साथ उसका निर्वाहन करूंगा।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि जनपद से आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी, भारत स्काउट एवं गाइड, अग्निसचेतक, पूर्व सैनिक, होमगार्ड एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े प्रशिक्षित अथवा प्रशिक्षण योग्य अभ्यर्थियों से मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 2 से 12 फरवरी तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल एसडीआरएफ, लखनऊ में 17 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। आवेदन हेतु अभ्यर्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो।

## संत रविदास की पूजा अर्चना के बाद हुआ विशाल भंडारा हजारों लोगों ने ग्रहण किया बाबा का प्रसाद



**महराजगंज समृद्धि न्यूज़।** अमावा विकासखंड के पहरेमऊ गांव में बसपा नेता राकेश गौतम व ग्रामीणों द्वारा संत रविदास जयंती पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। राकेश गौतम ने बताया कि ग्रामीणों व पूर्व प्रधान आफताब बानो के सहयोग से संत रविदास जयंती के अवसर पर संत रविदास की पूजा अर्चना की गई उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया । राकेश गौतम ने कहा संत रविदास भारत के ऐसे महात्मा रहे हैं जिन्होंने पाखंड पर जमकर प्रहार किए हैं उन्होंने हमेशा गुणों को महत्व दिया है और ज्ञान को सर्वोपरि बताया है। इस मौके पर सूरज गौतम सुंदर फौजी अजय कुमार रमेश गौतम अजय प्रकाश रामसमुझ पप्पू ओमप्रकाश अंशु गौतम अर्जुन जीत प्रीतम रामू सूरज प्रकाश अंकित सहित ग्राम पंचायत के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों की सुनी समस्याएं, दिये निस्तारण के निर्देश

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



जनपद रायबरेली के सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश प्रो0 हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित मोबाइल कोर्ट का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। मोबाइल कोर्ट में अपनी समस्याओं के साथ आए दिव्यांगजनों की समस्याओं पर राज्य आयुक्त द्वारा सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता प्रमाणन (मेडिकल बोर्ड), यूडीआईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, रेल कन्सेशन प्रमाण-पत्र आदि के स्टॉल लगाए गए। शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों की कुल 182 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देश दिये। उन्होंने दिव्यांगजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। मोबाइल कोर्ट में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग, नगर निकाय, विद्युत विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही संबंधित बैंकों के अधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा भी उपस्थित रहे। दिव्यांगता प्रमाणन हेतु चिकित्सकीय बोर्ड की उपस्थिति सुनिश्चित की गई तथा आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। मोबाइल कोर्ट के माध्यम से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की मूल भावना के अनुरूप विशेषकर ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

# जिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का हुआ आयोजन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के तत्वावधान में सोमवार को जिला चिकित्सालय में कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपजिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में जन्मी नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कन्या जन्म को समाज के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि बालिकाएं देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि कन्या और पुत्र में किसी प्रकार का भेदभाव न करें। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य नीरज पांडे, चाइल्ड हेल्पलाइन से रोशन लाल एवं रुचि सिंह, जिला चिकित्सालय से सुधा श्रीवास्तव सहित चिकित्सालय का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान दिवस में सभी बूथों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत दिनांक 5 फरवरी गुरुवार को जनपद में विशेष अभियान की तिथि घोषित किया गया है। इस विशेष अभियान दिवस पर समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वे प्रारूप मतदाता सूची का प्रदर्शन करेंगे तथा गणना चरण के दौरान अनुपस्थित, मृतक, दोहरी प्रविष्टि, अनट्रेस्ड एवं स्थानांतरित मतदाताओं की सूची भी प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही, मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां भी प्राप्त की जाएंगी। यदि किसी अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट गया हो तो वह फार्म-6 के साथ आवेदन कर सकता है। किसी मृतक अथवा गलत मतदाता का नाम हटवाने के लिए फार्म-7 तथा नाम, पता या अन्य विवरण में त्रुटि सुधार के लिए फार्म-8 भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को मतदेय स्थल पर प्रस्तुत किया जा सकता है।

उन्होंने इस संबंध में जनपद के समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्धारित विशेष अभियान दिवस 5 फरवरी को अपने-अपने बीएलए को मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहने एवं अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं के फार्म भरवाने हेतु निर्देशित करने की अपील की है।

## गौशाला कांडः डीएम को गुमराह करने का गंभीर आरोप

**सीतापुर।** महोली विकासखंड की ग्राम पंचायत राई पेड़रहिया स्थित गौशाला का मामला अब केवल लापरवाही तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसे जिलाधिकारी को गुमराह करने की सुनियोजित कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। सामने आ रहे तथ्यों से यह संकेत मिल रहे हैं कि जमीनी हकीकत को दबाकर उच्च अधिकारियों के समक्ष भ्रामक और असत्य रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सूत्रों के अनुसार, मामला उजागर होने के बाद यह दावा किया गया।

## आईटीआई गौरीगंज में आज लगेगा रोजगार मेला




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि आईटीआई पास आउट प्रशिक्षार्थियों को रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज 3 फरवरी को संस्थान परिसर में रोजगार, अप्रेन्टिस मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में मारूति सुजुकी गुजरात प्लांट, श्रीराम पिस्टन भिवाड़ी, राजस्थान, एल.के. फैक्ट्री गुरुग्राम तथा पृथ्वी प्रताप बिल्डीकान, अमेठी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जिसमें कंपनियों द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

# सीडीओ ने ब्लाक गोदलामऊ का किया निरीक्षण



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड गोदलामऊ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकास खंड कार्यालय में संधारित विभिन्न अभिलेखों, पंजिकाओं एवं फाइलों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के समय अभिलेखों के संधारण, अद्यतन स्थिति तथा रिकॉर्ड प्रबंधन में कुछ कमियां पाई गई। निरीक्षण के उपरांत संबंधित कमियों को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेखों का समयबद्ध रूप से अद्यतनकरण कराया जाए तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं संधारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीय कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, योजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो सके। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विकास खंड स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अभिलेखीय कार्यों में सुधार लाना तथा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा।

## कोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे, लेकिन विभागीय कार्रवाई ठप

- सचिव-प्रधान-रोजगार सेवक पर मेहरबान रहे डीपीआरओ, फाइल दबाने के आरोप

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद सीतापुर के विकासखंड बेहटा अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में मनरेगा योजना में हुई गंभीर अनियमितताओं के मामले में अदालत से गिरफ्तारी पर स्थगन आदेश के बाद भी विभागीय स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध अब तक ठोस विभागीय कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े कर रहा है। ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी पदुम कुमार द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम रोजगार सेवक ओम प्रकाश तिवारी पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी सीतापुर से शिकायत की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर द्वारा इसकी जांच उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, सीतापुर से कराई गई। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद जिलाधिकारी कार्यालय से आदेश संख्या 241, दिनांक 03 जून 2025 जारी कर ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराने तथा ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए मानदेय सेवा से हटाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही एक सप्ताह के भीतर की गई कार्रवाई से अवगत कराने को कहा गया था।

**आवश्यकता है**

पत्रांकः बी.एस.एम./मेमो/2026 दिनांक 02.02.2026

**श्री बैजनाथ शिवकला पी.जी. कालेज, मंगलपुर,बाराबंकी**
**(डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध)**

विज्ञान संकाय यू.जी.सी. द्वारा न्यूनतम अर्हताधारी,माइक्रोबायोलॉजी-01 पद वेतनमान रू. 16000 से 18000 में आवश्यकता है एवं परास्नातक स्तर एम.ए. विषय भूगोल, प्रा. इतिहास-प्रत्येक विषय में 2-2 प्रवक्ताओं वेतनमान रू. 18000 से 20000 में आवश्यकता है।

**नोट-** आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रों, पैन कार्ड व आधार कार्ड के साथ प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुंच जाना चाहिए।

प्रबन्धक
रमेश कुमार वर्मा
मो.नं. 9621554399

# हवन पूजन के साथ हुआ लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज का शुभारंभ

## नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज में किसानों को मिलेगी आलू भंडारण की पूरी सुविधा : धर्मेंद्र कुमार गुप्ता





**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

वीन मंडी के सामने शकरपुर रोड पर स्मृतिशेष लक्ष्मी गुप्ता की याद में निर्मित लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज का शुभारंभ हवन-पूजन के साथ धूमधाम से किया गया।

आचार्य नरेंद्र कुमार द्विवेदी एवं उनके सहायक हंस राम अग्निहोत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। यजमान के रूप में धर्मेंद्र कुमार गुप्ता एवं बीना गुप्ता ने दायित्व निभाया। हवन में राधा गुप्ता, राजेंद्र कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता उर्फ चेतन, अनुराग गुप्ता, मैनेजर नरेश बाबू शाक्य (गुरुजी), सहायक मैनेजर नरेंद्र सिंह यादव, लालाराम गुप्ता, वीरेंद्र कुमार गुप्ता एवं लाल सिंह यादव आदि ने आहुतियां दीं। तत्पश्चात धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने मशीनों का पूजन किया। उन्होंने कहा इस नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज में किसानों को आलू भंडारण की पूरी सुविधा मिलेगी। यहां तापमान बनाए रखने के लिए नवीनतम आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जो उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगी। इससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और फसल की बर्बादी रुकेगी। उन्होंने बताया 3 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन होगा। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से प्रसाद वितरण और भंडारा प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगा। कार्यक्रम में परिवारीजन एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट ने मजबूत किया विकसित भारत का संकल्प: प्रिया शाक्य

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 को अपने कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ लाइव देखा। बजट की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करेगा। प्रिया शाक्य ने इसे दूरदर्शी और विकासोन्मुख बताया, जिसमें नौजवानों के लिए रोजगार सृजन, किसानों के सशक्तिकरण, गरीबों व मध्यम वर्ग के कल्याण पर विशेष फोकस है। बजट में पूंजीगत व्यय को



12.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया गया है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई सेक्टर को बल देगा।

राजकोषीय घाटा 4.3 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य आर्थिक स्थिरता दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत निरंतर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। यह बजट युवा शक्ति, आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास पर केंद्रित है, जो देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यकर्ताओं ने भी बजट की प्रशंसा की और इसे जनकल्याणकारी बताया।

## भ्रष्टाचार में लिप्त लेखपाल को एसडीएम ने किया निलंबित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निगोह के पीड़ित ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल और ग्राम प्रधान पर पशुचर भूमि पर अवैध कब्जा कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जांच में भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पीड़ित प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार तथा राम गोपाल ने उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी से की शिकायत में बताया था कि ग्राम में मौजूद पशुचर भूमि और गोबर खाद के गड्ढों का उपयोग वे अपने पशुओं और खाद रखने के लिए करते हैं। यह भूमि ग्राम पंचायत, जूनियर स्कूल और अन्य सरकारी प्रयोजनों के लिए सुरक्षित है। लेकिन ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय लेखपाल ने अपने साथी प्रमोद पुत्र तिलक सिंह को इस सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की अनुमति दी। प्रमोद ने दोनों को 50-50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में दिए, जिसके चलते उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# भाजपा रच रही यूजीसी नियमों से जातिवाद फैलाने की साजिश : विजय द्विवेदी

**मध्यम और निम्न वर्ग को निराश करने वाला है बजट**

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने पत्रकारों से बातचीत में केंद्र की भाजपा सरकार के बजट और यूजीसी के नए विनियमों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी के नए नियमों के जरिए भाजपा युवाओं के बीच जातिवाद का जहर घोलकर सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समीकरण को कमजोर करने की साजिश रच रही है।उन्होंने कहा केंद्र सरकार का बजट मध्य और निम्न वर्ग को निराश करने वाला और आम जनता की समझ बाहर है। यह पूंजीपतियों का पूंजीवादी बजट है द्विवेदी ने कहा कि देश में पहले से ही 2012 में शिक्षण संस्थानों में उत्पीड़न रोकने के लिए कानून मौजूद था, इसलिए नए यूजीसी विनियमों की कोई जरूरत नहीं थी। उनके अनुसार, इन नियमों के नाम पर केवल सवर्ण समाज को कार्रवाई के दायरे में लाकर भाजपा ने जातिवाद फैलाया है। यह साबित करता है कि भाजपा किसी की सगी नहीं है और सत्ता के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है। उन्होंने भाजपा के सिद्धांत को लोगों में बंटवारा करना बताया। सपा प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि सपा हमेशा युवाओं की पार्टी रही है, लेकिन वरिष्ठ नेताओं को कभी नजरअंदाज नहीं किया। यदि 2027 में सपा की सरकार बनी तो महिलाओं को 40 हजार रुपये सालाना पेंशन, छात्रों को लैपटॉप, छात्राओं को साइकिल/स्कूटी और किसानों के कर्ज माफी जैसे वादे पूरे किए जाएंगे।

## जनपद के 1576 विद्यालयों में प्रभावी ढंग से संचालित हो रही पीएम पोषण योजना

**कन्नौज।** जनपद के समस्त विद्यालयों में पी.एम. पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना का संचालन पूरी तरह सुव्यवस्थित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जा रहा है। योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक, स्वच्छ और संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनका स्वास्थ्य सुदृढ़ हो रहा है और शैक्षणिक उपस्थिति में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है। अधिकारियों के अनुसार जनपद में 1006 परिषदीय प्राथमिक, 250 उच्च प्राथमिक, 194 कम्पोजिट, 30 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 4 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 1 अनुदानित संस्कृत विद्यालय तथा 60 इंटर कॉलेज, कुल 1576 विद्यालयों में निर्धारित मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन दिया जा रहा है।
बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सोमवार को फल वितरण किया जा रहा है।

# व्यावहारिक गतिविधियों से संबंधित छात्र-छात्राओं ने लगाएं स्टॉल

**गुगरापुर पीएमश्री विद्यालय में होलिस्टिक लर्निंग मेले का ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

पीएमश्री उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर में होलिस्टिक, लर्निंग बेस्ड, ट्यूनिंग कार्यक्रम के तहत शैक्षिक मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख गुगरापुर संदीप चतुर्वेदी ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत सरस्वती मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। मेले में छात्र- छात्राओं द्वारा विभिन्न शैक्षिक व व्यावहारिक गतिविधियों से संबंधित आकर्षक स्टॉल लगाए गए।

ब्लॉक प्रमुख ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की। मेले में व्यंजन श्रेणी के अंतर्गत इंडो- चाइनीज एवं पास्ता, हनी चिली, देसी स्ट्रीट फूड जैसे पानी बताशे, आलू की टिक्की, रोस्टेड आलू प्रस्तुत किए गए। वहीं हेल्दी विकल्पों में अंकुरित अनाज की चाट एवं



स्टॉल का अवलोकन करते ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी, प्रधानाध्यापक व अन्य

टोमेटो सूप तथा सिग्नेचर ड्रिंक के रूप में तंदूरी एवं हांडी चाय विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। ब्लॉक प्रमुख ने पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय के सभी प्रतिभागी छात्र- छात्राओं एवं विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना, राजकीय हाईस्कूल गुगरापुर की प्रधानाध्यापिका आदेश गंगवार, पूर्व प्रधानाध्यापक ब्रजकिशोर दुबे, रामकिशोर सिंह, नीरज कुमार, नेहा आदर्श, ऋषि कुमार, लोकेश कुमार, अनामिका पाण्डेय, अनिल कुमार, सुदेश कुमार, अभय कुमार, एसएमसी अध्यक्ष राजनारायण सिंह, प्रधान प्रतिनिधि, संकुल शिक्षक विनय कुमार, संदीप प्रताप, एसएमसी सदस्य, अभिभावक सहित छात्र-छात्राएं रहे।

# लाख बहोशी पक्षी विहार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**विकास के साथ पर्यावरण संतुलन जरूरी : कैलाश राजपूत**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

जिला पर्यावरण समिति कन्नौज के तत्वाधान में विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर रविवार को लाख बहोशी पक्षी विहार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग एवं लुप्तप्राय प्रजाति परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। इस वर्ष की थीम आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान सांस्कृतिक विरासत का उत्सव पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्य म के मुख्य अतिथि विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में वन, नदियों और आर्द्रभूमियों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना समय की मांग है, तभी देश विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर हो सकेगा। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण व वृक्ष संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भूमिका प्रथम, जानवी यादव द्वितीय और अंशी चौहान तृतीय रहीं। वहीं क्विज प्रतियोगिता में खुशी, अर्पित और रोहित ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला गंगा समिति व वन विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे। लाख बहोशी पक्षी विहार में विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## टूर्नामेंट! गौरी क्रिकेट टीम ने तिर्वा टीम को 100 रनों से हराया मैच



**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर में चल रहा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को गौरी क्रिकेट क्लब समधन व 11 स्टार क्रिकेट टीम तिर्वा के बीच दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया टूर्नामेंट आयोजकों ने दोनों टीमों के कप्तानों में गौरी क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद उसामा तिर्वा टीम के कप्तान टुकटुक के बीच टॉस कराया गया जिसमें गौरी क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया अच्छा प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 14 ओवर के मैच में 4 विकेट के नुकसान पर 212 रनों का लक्ष्य रखा बाद में जबाब में उतरी 11 स्टार तिर्वा क्रिकेट टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर खेलने पर पूरी टीम आलाउट होकर केबल 112 रन बना पाए कमेंटी द्वारा गौरी क्रिकेट टीम विजय घोषित की गई विजय हुई टीम के खिलाड़ी प्रांशु कुमार ने अपनी टीम के लिए 49 रन बनाए और 4 विकेट लिए जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया इस अवसर पर उम्मीद हसन अल्लाह रक्खा, मो0 आरिफ (शीरू), इमरान बन्ना, रूकसाद पहलवान, नफीस बम्बईया, अब्दुल्ला खान,मो0 सगीर, स्कोरर मोहम्मद आकिब के अलावा जेएमटी ई रिक्शा मोटर्स के प्रबन्धक मोहम्मद राजू मौजूद रहे।

# खेलों से शरीर और मन रहता है स्वस्थ: बीईओ

**क्रीड़ा प्रभारी के निर्देशन में दौड़, कूद, खो खो, कबड्डी सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित**

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



ग्राम मिघौली स्थित खेलो इंडिया स्टेडियम में परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) आनंद कुमार द्विवेदी ने कहा कि खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में भी पूर्ण सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नियमित खेलकूद में भाग लेने और अनुशासित जीवन अपनाने की सलाह दी, ताकि वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनकर जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। क्रीड़ा प्रभारी मुनीश गुप्ता के निर्देशन और टीम एआरपी के मार्गदर्शन में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर दौड़, कूद, खो खो, कबड्डी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई, जिससे खेल भावना और टीमवर्क का संदेश मजबूत हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेश गौतम ने किया। इस अवसर पर एआरपी अच्युत त्रिपाठी, योगेश यादव, सुशील दुबे, अर्चना चतुर्वेदी, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, महामंत्री ओमकार यादव, राजेश पाठक, प्रभात दुबे, श्यामवीर सिंह, दिवाकर त्रिपाठी, विजीत सक्सेना, विनोद राठौर, प्रताप सिंह, दलवीर सिंह, राघवेंद्र प्रजापति, अरुण प्रताप सिंह, निर्मोद राजपूत, विवेक यादव, सुशील यादव, अनुभव यादव, नरगिस बानो, सुभनलता यादव, मोनिका मिश्रा, विनय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, हालत गंभीर



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बाजार करके घर वापस लौट रही एक 20 वर्षीय बाइक सवार युवक को अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान घायल युवक की हालत चिंताजनक बनीं हुई है।
बताते चलें कि, कन्नौज के भुगैतापुर गांव निवासी 20 वर्षीय शिवा पुत्र राजू सोमवार की सायं तिर्वा बाजार से अपना काम निपटाने के बाद अपनी बाइक से वापस कन्नौज की ओर जाने के लिए रवाना हुआ था। जिसे ही शिवा ईशन नदी के निकट पहुंचा तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रण के कारण बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे शिवा गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला।
दुर्घटना की जानकारी पर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मामले की सूचना तिर्वा कोतवाली पुलिस को दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा। यहां हालत चिंताजनक होनी की कारण शिवा को हायर हॉस्पिटल के लिए रिफर कर दिया गया।
मामले की सूचना शिवा के परिजनों तक पहुंची तो हड़कंप मच गया। परिजन घायल युवक के साथ हायर हॉस्पिटल के लिए रवाना हो गए थे। कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला के मुताबिक मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# सपाई पहुंचे कलेक्ट्रेट, लगा मतदाताओं के वोट कटवाने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बीजेपी के लोग लोकतंत्र की हत्या करना चाहते हैं और राजतंत्र स्थापित करना चाहते हैं, यह कहना था ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक और अन्य सपाई नेताओं का।

सपाई नेताओं का आरोप था कि, बीजेपी के लोग बीएलओ पर दबाव डालकर गांव गांव में सपा के वोटों को प्रभावित करने का काम कर रहे हैं। जो मतदाता जीवित हैं उनको भी अवसेंट दिखाकर फार्म 7 भरवाकर उनके नामों को मतदाता सूची से कटवाए जाने का खेल बीजेपी के लोग खेल रहे हैं। बताते चलें कि, सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, छिबरामऊ पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, कन्नौज सदर



विधायक कल्यान सिंह दोहरे, बउअन तिवारी सहित अन्य सपा नेता ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के कार्यालय पहुंचे। यहां साल नेताओं ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

सपाई नेताओं का कहना था कि, गांव मझपुर्वा, सिलुआपुर आदि गांव में फर्जी और गलत तरीके से मतदाताओं के बोट कटवाए जाने का कार्य बीजेपी के लोग करवा रहे हैं। फर्जी शिकायत करके जिसमें शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर भी नहीं होता है, इस प्रकार बीएलओ पर दबाव डालकर फॉर्म 7 के जरिए सपा और पात्र मतदाताओं के वोटों को कटवाए जा रही हैं।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**समधन, समृद्धि न्यूज।** सोमवार देर शाम करीब आठ बजें गुरसहायगंज फर्रूखाबाद सड़क पर समधन में कोल्ड स्टोरेज से घर वापस जा रहे पल्लेदार की साइकिल में बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल को निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया समधन नगर के मोहल्ला गौरी नवादा निवासी मोहम्मद बसीम 35 वर्ष पुत्र मुन्ने खां अपनी साइकिल पर सवार होकर कोल्ड स्टोरेज से आलू पल्लेदारी कर अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह समधन कस्बे में पहुंचा तभी तेज रफ्तार अपाचे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घायल को एक निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से पिता की मौत, बेटी घायल

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत हो गई,जबकि बेटी घायल हो गई। हादसा इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव के निकट रविवार की सायं हुआ।ठठिया थाना क्षेत्र के गांव कुरियाना निवासी करीब 55 वर्षीय रामप्रकाश इटावा जिले के कबूली गांव से अपनी विवाहिता बेटी 27 वर्षीय प्रियंका को लेने बाइक से उसकी ससुराल गए थे। रविवार को रामप्रकाश अपनी बेटी के साथ बाइक से गांव वापस लौट रहे थे। रविवार की सायं जैसे ही दोनों पिता पुत्री इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव के निकट पहुंचे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने अनियंत्रण के कारण बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देखकर आसपास लोगों की भीड़ जुटी तो सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंच गई।

दोनों पिता पुत्री को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां डाक्टरों ने रामप्रकाश की मौत की पुष्टि कर दी, जबकि प्रियंका को उपचार के बाद मौके पर पहुंची उनकी मां रामवती सहित अन्य परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। दुर्घटना में रामप्रकाश की मौत पर परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था।

# जनसुनवाई में बुजुर्ग को ताकत, निराश्रित महिला को मिला सहारा

**30 शिकायतें आयीं 22 का मौके पर किया निस्तारण**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की शिकायतें सुनीं। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं पर जिलाधिकारी ने न केवल गंभीरता से संज्ञान लिया, बल्कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल और ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई के दौरान कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 22 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। त्वरित समाधान से संतुष्ट फरियादियों के चेहरों पर राहत और विश्वास स्पष्ट दिखाई दिया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम हरचंदपुर निवासी मंजू देवी, पत्नी स्वर्गीय राजू, ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है, किंतु मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को समझते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आज ही मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रोबेशन अधिकारी को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत बच्चों को लाभान्वित करने तथा जिला पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड बनाए जाने के निर्देश भी तत्काल जारी किए। जनसुनवाई में 90 वर्षीय रामनारायण, पुत्र मथुरा प्रसाद, निवासी सतोह, तहसील कौंच, ने बताया कि उन्हें कान से कम सुनाई देता है और आंखों से भी कम दिखाई देता है।

# ग्रामीण का तालाब में मिला शव, मचा हड़कंप



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तालाब में एक ग्रामीण का शव तैरता हुआ दिखाई पड़ा तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को बाहर निकलवाने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जानकारी के मुताबिक जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के हरीपुर्वा गांव (मूल निवासी बिसनापुर, इंदरगढ़) निवासी करीब 70 वर्षीय रामरतन उर्फ मामा बीते लगभग 25 वर्षों से तिर्वा कोतवाली के बछज्जापुर गांव स्थित अपने बहनोई के यहां रह रहे थे। रामरतन के भांजे के मुताबिक वह कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ भी चल रहे थे। बीते पांच दिनों से रामरतन अचानक घर से कहीं बिना बताए चले गए थे, जिनका खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पा रहा था। अभी परिजन रामरतन की तलाश कर ही रहे थे कि, सोमवार की सुबह गांव बछज्जापुर में ग्रामीणों में शोर मच गया। मौके पर रामरतन के परिजन भी पहुंचे तो गांव के एक कोल्ड स्टोर के पीछे एक छोटे से तालाब में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव कुछ दिनों पूर्व का बताया जा रहा है। मामले की जानकारी पर तिर्वा कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव तालाब से निकलवाया गया, जिसके बाद शव की पहचान रामरतन के रूप में हुई तो ग्रामीणों और परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था।

## नाबालिग छात्रा को भगा ले जाने के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में रहने वाली कक्षा 8 में पढ़ने वाली नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले को लेकर पीड़ित पिता के द्वारा पुलिस थाने में सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण को लेकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा निवासी वादी ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि वादी की 16 वर्षीया पुत्री अपने ही गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ने जाती है। पुत्री का मामना स्थित ग्राम पड़ाव थाना मूसानगर कानपुर देहात में आना जाना लगा रहता है। इसी वजह से उक्त गांव के युवक कृष्ण कुमार से जान पहचान हो गई। 26 जनवरी 2026 को करीब 11.30 मैं अपने खेत में काम करने गया हुआ था। प्रार्थी के सूने घर में मेरी 16 वर्षीय पुत्री अकेले मौजूद थी। उसी समय आरोपी कृष्ण कुमार मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया।

# सीआईएसएफ के शैलेन्द्र प्रताप सिंह बने डीआईजी

- राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी किया देश का प्रतिनिधित्व

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर उप महानिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी यह पदोन्नति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम मानी जा रही है। प्रदीप यादव टीटू एवं उनके परिजनों साथियों द्वारा डीआईजी पर प्रोन्नत होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देकर खुशी मनाई।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ जनपद निवासी एसपी सिंह दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर हैं और इस विषय में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं। वर्ष 2004 बैच के अधिकारी के रूप में उन्होंने अपने सेवाकाल में सीआईएसएफ के तहत देश के विभिन्न राज्यों एवं संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) में भी अपनी सेवाएं दी हैं। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के अंतर्गत हैती में कंटीजेंट कमांडर के रूप में कार्य करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। कश्मीर के बारामूला क्षेत्र में स्थित किशनगंगा जल विद्युत परियोजना को (सीआईएसएफ) इकाई के रूप में


डीआईजी पद पर पदोन्नत शैलेन्द्र प्रताप सिंह


खुशी में मिठाई बांटते प्रदीप यादव टीटू

स्थापित कराने में भी उनकी अहम भूमिका रही है। वर्तमान में वह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) इकाई ग्रेटर नोएडा में उप महानिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। जहां देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था का पर्यवेक्षण कर रहे हैं। उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2022 में उन्हें राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इस महत्वपूर्ण पदोन्नति पर प्रशासनिक अधिकारियों, सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर प्रदीप यादव टीटू, प्रतिपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह गौर, सुमित शाक्य, परमनाथ, वीरेंद्र सिंह, शिवम कुमार, प्रवीण शर्मा, कुलप सिंह राजपूत, करण कुमार, ओंकार सिंह, मनोज कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# राज्य कर्मचारी का दर्जा सहित अन्य मांगों को लेकर आशाओं का धरना जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आशा कार्यकर्ताओं का धरना सीएमओ कार्यालय पर जारी है। अपनी विभिन्न मांगों के साथ अब उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के तबादले की मांग भी जोड़ दी है। यह धरना 15 दिसंबर से चल रहा है।

सोमवार को बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता सीएमओ कार्यालय पर एकत्रित हुई और जमकर नारेबाजी की। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सीएमओ ने उनके लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया था। जिसके बाद उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा था। इस घटना के बाद आशा कार्यकर्ताओं ने सीएमओ का घेराव भी किया था, हालांकि सीएमओ बाद में अवकाश पर चले गए। इसके बावजूद सीएमओ कार्यालय में आशा कार्यकर्ताओं का धरना जारी है। आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाना और एक मुश्त धनराशि प्रदान करना शामिल है। इसके अतिरिक्त उनकी अन्य लंबित मांगें


सीएमओ कार्यालय पर धरना देंती आशा कार्यकर्ता

भी हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को दोहराया।


कलश यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरु

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा में दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम खलवारा में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें दर्जनों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। सिर पर कलश रखे भक्त चल रहे थे। जो आध्यात्मिकता का अहसास करा रहे थे। कलश यात्रा में पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर कलश धारण कर श्रद्धालुओं ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान हर-हर महादेव और जय श्रीराम के नारों से गांव की गलियां गूंज उठीं। भक्ति गीतों के साथ निकली इस यात्रा ने गांव में धार्मिक माहौल बना दिया।

# युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सहित 23 पर मुकदमा दर्ज

- बिना अनुमति मशाल जुलूस निकालने पर हुई कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बिना अनुमति मशाल जुलूस निकालकर मुख्य बाजार में अफरातफरी फैलाने के मामले में पुलिस ने युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सहित 23 नामजद व 5-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि जुलूस के दौरान लाठी-डंडों में कपड़ा लपेटकर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग जलाई गई। जिससे मानव जीवन व संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। पुलिस के अनुसार टाउनहॉल से तिकोना चौकी की ओर फर्रुखाबाद के


बीते दिन निकाला गया मशाल जुलूस व इन्सेट में अंकुर श्रीवास्तव

मुख्य बाजार में यह जुलूस बिना किसी पूर्व अनुमति के निकाला गया। नारेबाजी और शोर-शराबे के बीच आग के साथ लापरवाहीपूर्ण कृत्य किए गए। जिससे बाजार में दहशत फैल गई। आग लगने के डर से दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मामले में अंकुर श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह चौहान, अंजुम उर्फ अंजु, रोहन कश्यप, गोविंद बाथम, मुनब्बर, अनमोल, जय कश्यप, सचिन, अजीम, करीम, माजिद अली, कमल, आदित्य श्रीवास्तव उर्फ हनी, जतिन उर्फ जीतू श्रीवास्तव सहित कुल 23 नामजद व 5-7 अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। थाना मऊदरवाजा में तैनात उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# अलग-अलग घटनाओं में तमंचा कारतूस सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 01 देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 21/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम निकिल कुमार पुत्र श्रीकिशन निवासी मोहल्ला अस्तबल तराई थाना मऊदरवाजा के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है। वहीं एक अन्य घटना में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक के कब्जे से 01 देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 38/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अवनीश राजपूत पुत्र बाबूराम राजपूत निवासी बरौली थाना भोगांव जनपद मैनपुरी के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है।


तमंचों के साथ पकड़े गये अभियुक्त

# अमृतपुर में चोरों का आतंक, ट्रॉली की पार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। चोर किसानों की मेहनत पर हाथ साफ कर रहे हैं और मवेशियों से लेकर महंगे कृषि यंत्र तक उनके निशाने पर हैं। हालात यह हैं कि अब चोरों को पुलिस का कोई डर नजर नहीं आ रहा है। जिससे क्षेत्रीय किसानों और आम नागरिकों में दहशत का माहौल व्याप्त है। बीती रात अमृतपुर कस्बा निवासी मोहन साहू पुत्र दयाराम साहू की ट्रॉली चोरों ने उड़ा ली। पीड़ित की ट्रॉली भारतीय स्टेट बैंक के पास स्थित खेत में खड़ी थी। जहां उनके अन्य कृषि यंत्र भी रखे हुए थे। रात के अंधेरे में चोर इतने शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए कि किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब


वह स्थान जहां से चोरों ने पार की ट्राली

किसान खेत पहुंचे, तब चोरी की जानकारी हुई। हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान से ट्रॉली चोरी हुई वहां से कुछ ही दूरी पर दो बैंक स्थित हैं। बैंकों की सुरक्षा के लिए पुलिस पिकेट भी तैनात रहती है। इसके बावजूद चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे भारी-भरकम ट्रॉली को चोरी कर ले गए। इससे साफ जाहिर होता है कि या तो रात्रि गश्त नाम मात्र की है या फिर चोरों को कानून का कोई भय नहीं है। क्षेत्र में पहले भी मवेशी चोरी और कृषि उपकरण चोरी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी बड़े गिरोह का खुलासा नहीं हो सका है।

# पतंग के मांझे से बाइक सवार युवक घायल, लोहिया में भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तमाम रोक के बावजूद भी चाईनीज मांझे पर रोक नहीं लग पा रही है। आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद मांझे पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। आज फिर एक बाइक सवार चाईनीज मांझा गले में फंसने से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कायमगंज क्षेत्र के गांव चिलौली निवासी रिंकू पुत्र सीताराम और सोरन सिंह फतेहगढ़ कचहरी से काम निपटाकर वापस लौट रहे थे। फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर भीमसेन मार्केट के सामने अचानक एक पतंग का मांझा बाइक चला रहे रिंकू के गले में फंस गया। मांझे से रिंकू कटकर घायल हो गया और बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।



बाइक गिरने से सोरन सिंह को भी चोटें आई। दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी ने दोनों घायलों को भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया है। पतंग के मांझे से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। इस घटना में उसके जीजा भी बाइक से गिरने के कारण चोटिल हो गए। दोनों को डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर बांगर निवासी भूपेन्द्र सिंह 6 दिसंबर 2025 को सुबह ग्यारह बजे गांव में ही लगी अपनी समरसेबिल पर बैठा था, तभी उसी समय गांव के ही निवासी रवी प्रताप अपने साथी के साथ आकर पुरानी रंजिश को लेकर भूपेन्द्र सिंह को गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर रवी प्रताप व उसके साथी ने भूपेन्द्र सिंह को लाठी-डंडे से मारपीट कर दी।

मारपीट में भूपेन्द्र सिंह चोटिल हो गया। थाना पुलिस ने भूपेन्द्र सिंह की तहरीर पर रवी प्रताप, विश्वप्रताप और प्रयाग सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# आम बोल-चाल की भाषा में हो कन्नौजी बोली का प्रयोग: वीरेन्द्र कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कन्नौजी बोली के संरक्षण में प्रचार एवं प्रोत्साहन के क्रम में कनौजी बोली गूगल मीट के आभासी पटल पर परम्परा संकट और पुर्नद्वार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की शुरुआत कनौजी बोली की कवियत्री सुमन पाठक द्वारा सरस्वती वंदना के साथ शुरु हुई। विषय परिवर्तन पर बात करते हुए इलाहाबाद विश्व विद्यालय के छात्र पारस सैनी ने आईआईटी रोपड़ की रिपोर्ट का हवाला दिया। वक्ता प्रो0 अंबिका बाजपेयी ने कन्नौज के वैदिक कालीन इतिहास और कन्नौज के बारे में चर्चा की। बरेली के महेश मधुकर ने साहित्य में कनौजी की स्थिति पर स्वरचित ठंडी-ठंडी चलै हवा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार चन्द्रमुखी ने कनौजी बोली की परम्परा पर भाषा के इतिहास ब्रिटिश काल तथा वर्तमान समय में कनौजी भाषा की अवस्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कनौजी बोली के प्रोत्साहन और विकास से ज्यादा आप बोलचाल में कनौजी बोली का प्रयोग किया। जर्मुरत बेगम, नरेश दुबे, वंदना तिवारी ने कनौजी गीत पढ़े। मुख्य अतिथि अशोक बनर्जी ने मैकाले की विसंगतियों पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में ज्योति किरण, सीपी मिश्रा, अनिल शुक्ला, डॉ. सुभाष शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. अपूर्वा अवस्थी ने आभार व्यक्त किया। संचालन साहित्यकार प्रखर दीक्षित ने किया।

# अमृतपुर बांसी अड्डे पर पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

- दो युवक हुए घायल चालक मौके से फरार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

बांसी अड्डे पर चौहान टेंट हाउस के सामने पशु तस्करी में लिप्त एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार अमित (20) पुत्र राजेश एवं अनुराग (22) पुत्र अशोक निवासी उलियापुर थाना कमालगंज जरियनपुर की ओर से बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। इसी दौरान राजेपुर की तरफ से आ रही एक पिकअप जो पशुओं से


घटनास्थल पर पड़े घायल | पिकअप में भरे मवेशी

भरी हुई थी और पूरी तरह से ढकी हुई थी, के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चौहान एवं अमृतपुर प्रधान सचिन देव तिवारी ने पुलिस की सहायता से घायलों को पुलिस जीप द्वारा राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद पशुओं से भरी पिकअप को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला व उसकी पुत्रवधू को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदन निवासी विमला देवी पत्नी अवधेश सिंह सोमवार सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे अपने घर के पीछे खली पड़ी अपनी जगह के उपले पाथ रही थी, तभी उसी समय गांव की ही महिला अपने मवेशी लेकर आई। विमला देवी ने महिला को अपने उपले बचाकर निकलने को कहा। इसी बात पर महिला विमला देवी को गाली-गलौज करने लगी। गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला व उसके परिजन विमला देवी को लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। विमला देवी को बचाने आई उनकी पुत्रवधू रोहिणी के साथ भी मारपीट की। मारपीट में विमला देवी पत्नी अवधेश सिंह व उनकी पुत्रवधू रोहिणी घायल हो गयी। थाना पुलिस को विमला देवी पत्नी अवधेश सिंह ने चार नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दंपति घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अनियंत्रित कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा चालक सहित उस पर सवार एक दंपति घायल हो गए। तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना मऊदरवाजा अंतर्गत ग्राम रामपुर ढपरपुर निवासी ई-रिक्शा चालक त्रिलोकी पुत्र संतराम गांव कुइयांबूट निवासी 30 वर्षीय संदीप सिंह व उनकी पत्नी कविता को लेकर फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था, तभी मोहल्ला बजरिया के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे वे तीनों घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस के ईएमटी जितेंद्र मौके पर


लोहिया की इमरजेंसी में मौजूद घायल दंपति

पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी ले गए। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने घायलों को भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया है। घायल कानपुर निवासी संदीप सिंह ने बताया कि वह बीते दिन अपनी पत्नी के साथ गांव कुइयांबूट आये थे। आज वापस ई-रिक्शे पर बैठकर जा रहे थे, तभी कार ने टक्कर मार दी।

# पुलिस ने वाहन चेकिंग में ट्रैक्टर का किया चालान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा बाजार में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चला रहे एक चालक का ऑनलाइन चालान किया गया। बिना हेलमेट और तीन सवारी लेकर चल रहे बाइक सवारों को भी चेतावनी दी गई और उनके चालान किए गए।

चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक को रोका। नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैक्टर चालक का मौके पर ही ऑनलाइन चालान किया गया। अभियान के तहत बिना हेलमेट घूम रहे कई बाइक सवारों को चेतावनी दी गई और उनके ऑनलाइन चालान किए गए। कुछ बाइक सवार तीन सवारी लेकर चल रहे थे। जिन्हें


ट्रैक्टर चालान करती पुलिस

चेतावनी देकर छोड़ा गया और उनके भी ऑनलाइन चालान किए गए। चेकिंग देखकर कुछ बाइक सवार मौके से खिसक गए।

इस चेकिंग अभियान से कस्बा में वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया। मौके पर सीओ अमृतपुर अजय वर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह, दरोगा अमित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सीओ अमृतपुर अजय वर्मा ने बताया कि यह अभियान तेज रफ्तार और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाया गया था।

# प्राचीन शिव मंदिर तुषौर में प्रस्तावित पंचकुंडी महायज्ञ को लेकर गहराया विवाद

**दो दर्जन लोग तहसील मुख्यालय अमृतपुर पहुंचे, अधिकारियों ने नहीं दी अनुमति**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्राचीन शिव मंदिर तुषौर में प्रस्तावित पंचकुंडी महायज्ञ को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। यज्ञ आयोजन की अनुमति को लेकर लगभग दो दर्जन लोग तहसील मुख्यालय अमृतपुर पहुंचे और उप जिलाधिकारी से अनुमति प्रदान किए जाने की मांग की।

यज्ञ से जुड़े राजीव बाबा ने बताया कि मंदिर में बीते कई वर्षों से नियमित रूप से यज्ञ का आयोजन होता चला आ रहा है, लेकिन यह पहला अवसर है जब आयोजन के लिए अनुमति की बात सामने आई है। उनका आरोप है कि जब अनुमति के संबंध में अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्हें स्पष्ट रूप से कह दिया गया कि किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी


तहसील मुख्यालय पर मौजूद ग्रामीण

जाएगी। जिससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। इस पूरे मामले को लेकर जब क्षेत्राधिकारी अमृतपुर से बातचीत की गई तो उन्होंने इसे दो पक्षों के बीच का विवादित मामला बताया। वहीं उप जिलाधिकारी अमृतपुर ने स्पष्ट किया कि पुलिस की आख्या प्राप्त होने के उपरांत ही यज्ञ आयोजन की अनुमति पर निर्णय लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार यह मामला दो पक्षों के बीच लंबे समय से चला आ रहा है। जिसके चलते प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। यज्ञ की अनुमति की मांग को लेकर तहसील पहुंचे लोगों में दलबीर सिंह गौरक्षक, विकल पांडे, शिवम पाठक, शिवम अवस्थी, सुमित अवस्थी, भारतीय बजरंग कार्यकर्ता राधेश्याम भदौरिया, कौशल किशोर राठौर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, देवता सिंह, शिवकुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, गौरी शंकर भदौरिया, नन्हें सिंह, डब्बू सिंह, किशन पाल सिंह, अमित सिंह, प्रभाकर सिंह सहित लगभग दो दर्जन लोग मौजूद रहे। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है और सभी की निगाहें पुलिस आख्या व प्रशासन के अगले निर्णय पर टिकी हुई हैं।

# वृद्ध ने बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 68 वर्षीय वृद्ध ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची अपने पिता के समय पर पहुंचने से बच गई। जानकारी के अनुसार पांच वर्षीय बालिका गांव के ही एक वृद्ध के घर के बाहर खेल रही थी, तभी वृद्ध उसे टॉफी दिलाने का लालच देकर अपने घर ले गया। घर ले जाकर वृद्ध ने बदनीयती से बच्ची के कपड़े उतार दिए। इसी दौरान बच्ची का पिता उसे खोजते हुए वृद्ध के घर पहुंच गया। उसने अपनी बेटी को वृद्ध के घर से अपने साथ वापस ले लिया। बच्ची के पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपी वृद्ध के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जायेगी।

# मेला श्रीरामनगरिया में कलाकारों ने प्रस्तुत की योगी गाथा

▸ नाटक देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध, डीएम ने की सराहना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते डीएम

मेला श्रीरामनगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित नाटक योगी गाथा का मंचन नक्श थिएटर के कलाकारों द्वारा किया गया। मेला श्रीराम नगरिया के सांस्कृतिक पाण्डाल में विशाल श्रीवास्तव द्वारा लिखित एवं नक्श थिएटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना के निर्देशन में आयोजित योगी गाथा नाटक में योगी आदित्यनाथ के बाल्यकाल मठ के महंत से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक की कहानी का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा किसी भी चरित्र को धारण कर कलाकार पात्र के रूप में खुद को प्रस्तुत करता है। इस नाटक के माध्यम से योगी आदित्यनाथ के छात्र जीवन के संघर्ष और अन्याय के विरुद्ध उनकी लड़ाई, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति उनका जुनून, गोरखपुर मठ के महंत बनने, लोकसभा चुनाव में जीतकर सांसद बनने, जनता दरबार के माध्यम से लोगों की परेशानियां दूर करने, और उनके खिलाफरची गई साजिशों, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार से पहले की दशा, योगी आदित्यनाथ का मुख्यमंत्री बनना और उत्तर प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश एवं उत्तम प्रदेश बनने तक की कहानी को दिखाया गया। नाटक में अमित सक्सेना, विशाल श्रीवास्तव, शिवम, धीरज मौर्या, सत्या, संध्या, शिवानी कटियार, सावित्री देवी, सर्वेश श्रीवास्तव, दिलीप कश्यप, शिवम दीक्षित, अतुल, राघवेंद्र, आशीष राजपूत, अनुराग कुमार शाक्य, नेहा सक्सेना, धुर्वी सक्सेना, रितम कुलश्रेष्ठ, अंकित गुप्ता, गम्भीर सिंह, वैभव सोमवंशी रहे।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार ने सभी कलाकारों को मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर भूपेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र पाण्डेय, अनुराग अग्रवाल, महेशपाल सिंह उपकारी, विभोर सोमवंशी, नीरज शर्मा, शिवम मिश्रा आदि लोग रहे।

# माध्यमिक विद्यालयों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



प्रशिक्षण समापन के दौरान मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) रजलामई में तीन दिवसीय अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सामाजिक विज्ञान विषय के सहायक अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। डाइट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने बताया कि प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण एवं सहज ढंग से कराया गया। अध्यापकों को कक्षा कक्ष में सामाजिक विज्ञान को बहुत सरल ढंग से एवं वर्तमान के भौगोलिक परिदृश्य एवं विश्व में बदलती राजनैतिक परिस्थितियों के अनुसार पढ़ाना और बच्चों को एनईपी 2020 के तहत समावेशी शिक्षा और सामाजिक विज्ञान को सरल व वर्तमान के अनुरूप तथा रटाने की बजाय समझाने पर जोर देने को कहा गया। जिससे कि बच्चों में बौद्धिक गुणवत्ता और और समझ के साथ माननीय मूल्यों का विकास हो सके। साथ ही इस ट्रेनिंग की प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता राजेश यादव की देखरेख में यह प्रशिक्षण बड़े बेहतर ढंग से हुआ और प्रशिक्षण के अंतिम दिन डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रमाण पत्र वितरित किए।

# संतोष शुक्ला, अमित दयाल व नरेंद्र हुए प्रमोट


रैंक सेरेमनी में मौजूद एनसीसी अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डीजी एनसीसी नई दिल्ली के आदेशानुसार 12यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ में रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। बटालियन में तृतीय ऑफिसर के रूप में कार्यरत एएनओ अमित नोयल दयाल, संतोष कुमार शुक्ला और नरेंद्र कुमार को द्वितीय अफसर के रूप में पदोन्नति प्राप्त हुई। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमरजीत सिंह मलिक, एडम अफसर अमनदीप सिंह खारोड द्वारा तीनों सहयोगी एनसीसी ऑफिसर को रैंक पहनाकर पदोन्नत किया गया। 12यूपी बटालियन के अधीन संचालित उप इकाइयों से मेजर संदीप माधव, लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट अवधेश प्रभु खोजी, सीटीओ राजीव कुमार, जीसीआई अंजली, सूबेदार मेजर नवीन सिंह, सूबेदार गिरिराज किशोर के साथ अन्य पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय पीस एजुकेशन कार्यक्रम का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


प्रमाण पत्र के साथ कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

पांच दिवसीय पीस एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन आवास विकास स्थित कृष्ण देवी बालिका डिग्री कालेज में समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ0 रूबी यादव द्वारा किया गया एवं डॉक्टर सर्वेश शाक्य राजकीय महाविद्यालय बिहार की प्राचार्या एवं उनकी टीम के द्वारा संचालन किया गया। प्रखंड विद्वान प्रेम रावत की प्रेरणादायक संस्था पीस एजुकेशन प्रोग्राम द्वारा छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। पांच दिनों से चल रहे कार्यक्रम में चिंतन, मनन प्रेरणा के लिए दस विषय रखे गये, जिनमें सर्व प्रथम शांति के ऊपर चर्चा हुई। सराहना, आंतरिक शक्ति, अपने आपको जानना, स्पष्टता, समझ, गरिमा, चयन, आशा और तृप्ति चर्चा के विषय रहे। प्रतिदिन दो सत्र में कार्यक्रम चला। प्रथम सत्र 11 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय सत्र 12:15 से 1:15 बजे तक चला। छात्राओं को इन विषयों की गंभीरता के साथ-साथ प्रतिदिन स्वलपाहार भी मिला। शांति से आरंभ हुआ कार्यक्रम तृप्ति पर पहुंचकर समाप्त हुआ। अंतिम दिन प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और विभिन्न विषयों की चर्चा का लाभ प्राप्त किया और बहुत कुछ बदलाव महसूस किया। पीस एजुकेशन प्रोग्राम में कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 अरिमर्दन सिंह, अनुराग यादव एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों सहित लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया।

## आधा दर्जन से अधिक लोगों ने सपा की ली सदस्यता



सपा की सदस्यता लेते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा आधा दर्जन से अधिक दूसरे दलों को छोड़कर आये लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी गई। जिला सचिव व स0 प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि जिला कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुर मुख्तार आलम के प्रयास से क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं बसपा के बूथ अध्यक्ष अमित कुमार जाटव, आजाद राजपूत, सुहेल अंसारी, मो0 अजीम, अमित श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी राजपूत, राजगुरु राजपूत, श्रीकृष्ण राजपूत आदि ने सपा की सदस्यता ग्रहण की और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों जीवन मूल्यों, सिद्धांतों एवं पीडीए समाज के प्रति उनकी मंशा को गांव-गांव, गली-गली पहुंचाएंगे और समाजवादी आंदोलन को मजबूत करेंगे। सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने बताया कि दूसरे दल पीडीए समाज को सिर्फगुमराह करके उनके वोट हासिल करते रहे हैं। इस दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, मुख्तार आलम, मुजाहिद अंसारी, कमल हसन, माजिद अली, विवेक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## प्रातः टहलने गया युवक हुआ लापता, पुलिस को दी तहरीर

जालौन (उरई)। सुबह घर से बाहर टहलने के लिए गया युवक वापस घर नहीं लौटा। भतीजे की गुमशुदगी की रिपोर्ट चाचा ने कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।
कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी कैलाश नारायण ने पुलिस को बताया कि उनका 27 वर्षीय भतीजा मानवेंद्र प्रताप सिंह बीती 29 जनवरी को सुबह सात बजे के करीब घर से बाहर टहलने के लिए निकला था। वह सफेद जैकेट और पेंट पहने था। घर के निकलने के बाद दोपहर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की। सभी नाते रिश्तेदारों और दोस्तों के यहां पूछतांछ करने के बाद भी उसका कही पता नहीं चला। बताया कि उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है।

# जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' (01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026) का भव्य समापन समारोह पुलिस लाइन सभागार, उरई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता, दुर्घटनाओं में कमी और यातायात अनुशासन को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन है। आमजन की सहभागिता, छात्र-छात्राओं की सक्रिय भूमिका तथा विभागीय समन्वय से ही दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। यातायात नियमों के पालन को जीवन सुरक्षा का मूल मंत्र बताते हुए जागरूकता अभियानों को और मजबूत करने पर जोर दिया। पूरे माह यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता में एनएसएस व एनसीसी के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा, जिसके परिणामस्वरूप जनवरी माह में सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। समारोह में सड़क सुरक्षा माह में सहयोग प्रदान करने वाले विभागों, स्टेक-होल्डर्स, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, वाहन विक्रेताओं, डीलरों तथा एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# तटबंध बनाने को लेकर भरी गई हुंकार

▸ 11 फरवरी को निकाली जायेगी पदयात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भईयन मिश्रा मौजूद लोग

तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में जनपद की सीमा से लेकर जनपद की सीमा तक गंगा के दोनों किनारो पर तटबंध बनवाने एवं कटरी धर्मपुर एवं कटरी भीमपुर एवं उनके मजरों में मां गंगा के द्वारा लगातार किए जा रहे कटान को रोकने के लिए जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि अगर जल्द से जल्द इस पर कार्य प्रारंभ ना हुआ तो 11 फरवरी से कढ़हर से प्रस्तावित विशाल पदयात्रा प्रारंभ की जाएगी, जो कि अटेना घाट तक जाएगी। अभी तक प्रशासन से मांग करते-करते और जनप्रतिनिधियों को चेताते बहुत समय हो गया है। सकारात्मक पहल जिला प्रशासन के द्वारा नहीं की गई। भईयन मिश्रा ने कहा कि पिछले कई महीनो से लगातार तटबंध बनवाने की बात आम जनता कर रही है, इसके लिए पूर्व में भी लगातार धरना प्रदर्शन के बाद भी अभी तक तटबंध का निर्माण प्रारंभ ना होना दर्शाता है कि स्थानीय सभी जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन बिल्कुल चुपचाप बैठा है। क्षेत्र की लाखों जनता बाढ़ से बहुत पीड़ित रहती है, इसके बारे में सोने और समझने का प्रशासन के पास नहीं है अब 11 फरवरी से प्रारंभ होने वाली यात्रा में सर क्षेत्र साथ चलेगा और तटबंध बनवा कर रहेगा। कोमल पांडे उर्फ अंगद ने कहा कि जहां पर लाखों की संख्या में लोग प्रभावित होते हो वहां के सभी जनप्रतिनिधि इतने लापरवाह और जनता के दुख दर्द से अपने को दूर रखते हो बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडे ने कहा कि जनहित की लड़ाई में हर प्रकार से साथ हैं। श्याम सुंदर लाला ने कहा कि पूरे जिले में बाढ़ से हर आदमी प्रभावित होता है, इसके बाद भी इसके रोकथाम के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

इस मौके पर पंकज राठौर, शान अली, महेंद्र सिंह यादव, अवनीश यादव, विष्णु मिश्रा, आयुष सक्सेना, प्रशांत मिश्रा, धर्मवीर राजपूत, शिवदेव सिंह, आसिफ जमा, आदिल खान, अतीक खान, शिवम वर्मा, राजीव वर्मा, चंद्रशेखर, मनीष यादव, राजीव सिंह, सुबोध सिंह, रामसेवक, शाहन अली, अवधेश सिंह, कदीलाल, ऋषिपाल, शाहिद आदि उपस्थित रहे।

## एक सप्ताह से झुका विद्युत पोल सही न होने से स्थानीय लोगों में रोष

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कस्बा कायमगंज के स्टेशन मोड़ के पास फर्रुखाबाद-दिल्ली मार्ग पर लगभग एक सप्ताह पूर्व हाई टेंशन लाइन का लोहे का विद्युत पोल रात में झुक गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। विद्युत पोल सही न होने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।



दुकानदार इकरार अहमद, अरविंद कुमार ने कहा कि पोल झुक जाने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि स्थानीय लोगों द्वारा संबंध में विद्युत विभाग को अवगत करा दिया गया है, लेकिन अभी तक विद्युत पोल सही नहीं कराया गया है। दुकानदारों ने बताया कि एक सप्ताह पहले रात में यह पोल झुक गया, लेकिन अभी तक सही नहीं कराया गया। जब इस संबंध में जेई जावेद खान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी ओटीएस योजना चल रही है, इसलिए सभी उसी में लगे हुए हैं। 5 फरवरी को यह योजना समाप्त हो गई हो जाएगी, उसके बादइसे अति शीघ्र ठीक कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सप्लाई के लिए दूसरी पैरलल लाइन चालू है। इसलिए सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि दुकानदारों को इससे दिक्कत हो रही है तो जल्द से जल्द से ठीक करा दिया जाएगा।

# उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट में आपसी खींचतान

▸ मामला प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


बैठक में मौजूद व्यापारी

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की बैठक महिला मोर्चा की जिला महामंत्री हेमलता मिश्रा के निवास पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा कि नगर युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव द्वारा बीते दिन मशाल जुलूस निकाला गया, जो की मेरे संज्ञान में नहीं था और न ही इसकी नगर के पदाधिकारियों द्वारा मुझे कोई जानकारी दी गई। ऐसे में हम कोई निर्णय नहीं ले सकते। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष को अवगत करा दिया गया है। उनका निर्णय जो भी होगा, उसके अनुसार हम लोग कार्य करेंगे। बैठक में दूसरा मुद्दा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष सोनी शुक्ला को लेकर उठाया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सोनी शुक्ला कोई भी कार्य करती है, जिसकी सूचना नहीं देती है, ऐसे में संसय रहता है। इसकी भी जानकारी प्रदेश नेतृत्व को दे दी गई है। महिला मोर्चा की जिला महामंत्री हेमलता मिश्रा को बैठक में नहीं बुलाया जाता है और न ही किसी कार्य की सूचना दी जाती है। इसकी भी जानकारी प्रदेश को भेजी गई है। बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजकुमार राजू गौतम, युवा जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता, अनुपम रस्तोगी, विक्की अग्रवाल, सौरभ शुक्ला, नवनीत, रामजी मिश्रा, प्रतिभा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### व्यापारी अंकुर पर मुकदमा दर्ज करना गलतः इकलाख खां

फर्रुखाबाद। मशाल जुलूस को लेकर पुलिस द्वारा युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में नगर अध्यक्ष इकलाख खान ने बताया कि हम व्यापारी है, इसलिए व्यापारियों के साथ है। पूर्व में भी हम एसपी को भ्रष्टाचार को लेकर ज्ञापन सौंपा था। कार्यवाही न होने पर मशाल जुलूस निकाला गया है, जिसके लिए व्यापारी अंकुर श्रीवास्तव व उनके साथियों पर मुकदमा दर्ज किया गया, यह अन्याय है। प्रदेश नेतृत्व को संज्ञान दिया गया है, शीघ्र वहां से कोई आकर रणनीति बनायेगा। व्यापारी की आवाज उठाना सही है, अगर मुकदमा वापस न हुआ तो सभी लोग मिलकर आंदोलन करेंगे। नगर व महिला व्यापार मण्डल दर्ज किये गये मुकदमे का विरोध करता है।

### घटना के बारे में प्रदेश अध्यक्ष को कराया अवगतः सोनी शुक्ला

फर्रुखाबाद। महिला व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि महिला व्यापारी अंकुर श्रीवास्तव के साथ है। प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया गया है। शीघ्र कोई प्रदेश से आकर प्रशासन से बात करेगा। उन्होंने हुई बैठक को लेकर बताया कि मैंने जिला महामंत्री को हटाया नहीं है। मैंने संयुक्त महामंत्री अनीता शर्मा को बनाया है, जबकि जिलाध्यक्ष कोई कार्यक्रम करते है तो कोई सूचना नहीं देते है। हमने भी सभी बातों के बारे में प्रदेश नेतृत्व को अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष महिलाओं को लेकर अमर्यादित शब्द न बोले।

## कार-लोडर की भिड़ंत में, तीन घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। सोमवार शाम नवाबगंज-मोहम्मदाबाद मार्ग पर करनपुर भट्ठे के समीप एक सड़क हादसे में कार और लोडर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक महिला, उसकी पुत्री और लोडर सवार कल्लू घायल हो गए। पुलिस के अनुसार कम्पिल निवासी चालक इकबाल अपने साथी कल्लू और सामान मालिक सतीश कुमार के साथ लोडर में सामान लादकर छिबरामऊ जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदाबाद की तरफसे आ रही तेज रफ्तार कार ने लोडर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गए। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों ने क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे घायलों को खिड़की तोड़कर बाहर निकाला और तत्काल डायल 112 व स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना का जायजा लिया और आगे की कार्रवाई शुरू की।

## सूचना

मैंने नगर पालिका से पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र 19/08/2010 में बनवाया था, जिसमें उसका नाम समीक्षा दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि पुत्री का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में सही नाम अनामिका दर्ज है, जो सही है। जिसे मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करने की कृपा करें।

**सुनीता पत्नी स्व0 संजय निवासी मो0 जाफरी फतेहगढ़, जनपद फर्रुखाबाद।**

## समन विनावर/गजट इनाफ साल मुकदमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

व अदालत उपजिलाधिकारी कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद
वाद संख्या /2026 धारा- 210 उ0प्र0 भू0 राजस्व अधिनियम 1901
ग्राम कटिया परगना कम्पिल
तहसील कायमगंज

1- मजहरुल इस्लाम खां पुत्र स्व0 मु0 सलाम खां नि0 कटिया तहसील कायमगंज जिला फर्रुखाबाद

बनाम

1-श्रीमती सलमा बेगम पत्नी स्व0 मुशीरूल इस्लाम खां निवासी कटिया परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जिला फर्रुखाबाद
2-गाँव सभा कटिया परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद

ने आपके नाम एक नालिस बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 09 माह-02-सन् 2026 ई व वक्त 11-00 बजे दिन से

असालतन या मार्फत बकील के जो मुकद्मा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गवाहो ओर कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकद्मा का जबाब दे सके या जिराके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करें जिस घर बताइद अपनी जबाबदेही के इस्तदलाल कराना बाहते है। आको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकद्मा बगैर हाजिर आपके मजबून और फैसला होगा। दाखिल करे ताकि कार्यवाही इजर या डिग्री कोजो व वक्त मेरे हस्ताक्षर और मुहर आदलत के आज वतारीख 30-माह 01-सन् 2026 को जारी किया गया है

उपजिलाधिकारी
कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद

# बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर-19 में लक्ष्य वर्मा बने विजेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



प्रमाण पत्र व शील्ड के साथ विजेता

जिला ओलंपिक संघ फर्रुखाबाद तथा बैडमिंटन क्लब फतेहगढ़ के संयोजन से स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ।

बैडमिंटन प्रतियोगिता 4 वर्ग में आयोजित की गई पहले वर्ग अंडर-19 में विजेता लक्ष्य वर्मा तथा उपविजेता सूर्यांश पाठक रहे। दूसरा वर्ग था। ओपन सिंगल में विजेता रहे शिखर कसरे व रौनक राठौर उपविजेता रहे। ओपन डबल्स वर्ग में विजेता ऋषभ चतुर्वेदी व मोहम्मद सलमान शेरवानी तथा शिवम कसेरे व अमन वर्मा उप विजेता रहे। 35 प्लस वर्ग में विजेता अनुराग जोहरी व अनूप सहाय व उपविजेता नितिन रस्तोगी व विजय गुप्ता रहे। पुरस्कार वितरण जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव तथा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम दुबे व चिकित्सा अधिकारी डॉ0 श्रेय खंडूजा के द्वारा संपन्न हुआ। समस्त विजेताओं को नगद धनराशि पुरस्कार के साथ-साथ ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका में सोनू यादव व विवेक राठौर ने निभाई। डॉ0 अविनाश पांडे, जतिन शर्मा, विक्रांत मिश्रा, यश यादव, लक्ष्मण टंडन, महेंद्र मिश्रा, अजय प्रताप, अजय साहनी की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रतियोगिता का संचालन जिला ओलंपिक संघ के सचिव अवनीद्र कुमार ने किया। अंडर-17 की प्रतियोगिता जल्दी ही आयोजित की जाएगी।

# इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


प्रयोगात्मक परीक्षा में भाग लेते छात्र

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में सोमवार को इंटर मीडिएट की भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष सुधाकर चतुर्वेदी व प्रवक्ता विजेन्द्र मथुरिया की देखरेख में 140 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। दो दिवसीय प्रयोगात्मक परीक्षा में प्रथम दिन 150 बच्चों में से 140 बच्चे उपस्थित हुए। शेष बच्चों की प्रयोगात्मक परीक्षा अगले दिन सम्पन्न करायी जायेगी।

किन्ही कारणवश जो दस बच्चे प्रतिभाग नहीं कर सकें, वह प्रयोगात्मक परीक्षा में अगले दिन भाग लेंगे। दो बैच की प्रयोगात्मक परीक्षा में बच्चों ने प्रतिभाग किया। भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रवक्ता सुधाकर चतुर्वेदी व भौतिक विज्ञान प्रवक्ता विजेन्द्र मथुरिया ने प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी। उप प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद की देखरेख में अनुशासनात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। गणित प्रवक्ता देवेन्द्र कुमार व प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, संजीव चौहान आदि अध्यापकों ने प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी।

## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 825/न0प0-ना0द0हे0/2025-26/ शमसाबाद दिनांक 02 फरवरी 2026

### सार्वजनिक सूचना

सवसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीतू रस्तोगी पत्नी निखिल रस्तोगी निवासी मोहल्ला प्रधानियां शमसाबाद जिला फर्रुखाबाद द्वारा एक किता दुकान श्री स्व लाल खां आदि पुत्रगण कबीर खाँ व श्रीमती मुन्नी वेगन पत्नी स्व0 लाल खां व जहीर खाँ आदि पुत्रगण स्व0 लाल खां निवासीगण मोहाल्ला गढ़ी शमसाबाद से पंजीकृत बैनामे के आधार पर क्रय की है, जो बाजार कलां में स्थित है जो कार्यालय के अभिलेख में श्रीमती शहनाज जैहरा पुत्री हैदर अब्बास से दर्ज है। हाल खां आदि द्वारा नामान्तरण नहीं कराया गया था उपरीका दुकान की चोहद्दी इस प्रकार है। पूरब में दुकान रमेश मिश्रा आदि, पश्चिम में दुकान राजेश भारती, उत्तर में सड़क नगर पंचायत शमसाबाद, दक्षिण में मकान बीदू धोबी का है। अत उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा व निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (1) को खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन/दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमसाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद

## भुगतान के आंकड़ों और जमीनी हकीकत में अंतर, ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग

# ब्लॉक बांकेगंज के चाचापुर में खड़ंजा मरम्मत पर रु. 6.99 लाख खर्च, टूटी ईंटों से उजागर हुई गुणवत्ता की पोल

- नवंबर और दिसंबर 2025 में हुए कई भुगतान
- 5-6 मजदूरों ने 20-25 दिन में किया काम, फिर इतना खर्च कैसे?
- सचिव बोले : मौके पर दिखाते हैं प्रधान का फोन स्विच ऑफ
- एडीओ पंचायत ने दिए जांच के संकेत, कहा-गड़बड़ी मिली तो होगी कार्रवाई



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत सुआभोज के चाचापुर में पक्की रोड से सूरजभान के खेत तक कराए गए खड़ंजा मरम्मत कार्य को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अभिलेखों में इस कार्य पर कुल ?7लाख खर्च दर्शाया गया है, जबकि मौके पर कई स्थानों पर टूटी-फूटी ईंटें और असमान जमावट दिखाई दे रही है। हाल ही में हुई मरम्मत के बावजूद खड़ंजे की स्थिति ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। भुगतान विवरण के अनुसार 18 नवंबर 2025 को इस कार्य से संबंधित अधिकांश भुगतान दर्ज किए गए हैं। इस तिथि में मयंक बाथम को रू. 3,27,800, राम मूर्ति को रू.35,280, बच्ची देवी को 35,280, चंदा देवी को रू. 35,280, अनिल कुमार को रू.60,480, चंद्रप्रकाश वर्मा को रू.14,675, सत्यदेव को रू.60,480 तथा राम कुमारी को रू.35,280 का भुगतान दिखाया गया है। इसके बाद 8 दिसंबर 2025 को दो भुगतान दर्ज हैं–ओमप्रकाश को रू.55,062 और अशोक कुमार मुरली को रू.40,320। इन सभी भुगतानों को मिलाकर कुल लगभग ?7लाख की धनराशि खड़ंजा मरम्मत कार्य पर व्यय दर्शाई गई है।

ग्रामीणों के मुताबिक मरम्मत कार्य में लगभग 5 से 6 मजदूरों ने 20 से 25 दिन तक काम किया। उनका कहना है कि कार्य किसी बड़े ठेकेदार के बजाय एक स्थानीय छोटे ठेकेदार के माध्यम से कराया गया। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि सीमित श्रमबल और कम अवधि में हुए मरम्मत कार्य पर लगभग सात लाख रुपये का आकलन किस मानक के आधार पर किया गया। मौके पर निरीक्षण में कई जगह ईंटों की जमावट ढीली और असमान दिखाई देती है। कुछ स्थानों पर पहले से टूटी ईंटें लगाए जाने का भी आरोप है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कार्य मानक के अनुरूप और निर्धारित गुणवत्ता से हुआ होता तो इतनी जल्दी खड़ंजे की यह स्थिति सामने नहीं आती। उनका आरोप है कि कागजों में भारी खर्च और जमीन पर कमजोर गुणवत्ता विकास कार्यों की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। मामले पर प्रतिक्रिया के लिए पंचायत सचिव हरी लाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, 'मौके पर आइए आपको दिखाते हैं,' और इसके बाद फोन काट दिया। ग्राम प्रधान शंकर लाल का मोबाइल नंबर स्विच ऑफ मिला। एडीओ पंचायत प्रभारी आलोक अवस्थी ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। उनके अनुसार, 'खड़ंजे की लंबाई और गुणवत्ता क्या है, यह मौके पर जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। जांच करवाई जाएगी। यदि विधिक रूप से कोई गड़बड़ी पाई गई तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए, माप पुस्तिका (एमबी), सामग्री आपूर्ति और भुगतान अभिलेखों का मिलान सार्वजनिक रूप से किया जाए तथा सामाजिक अंकेक्षण कराया जाए। उनका कहना है कि पंचायत निधि जनता के विकास के लिए होती है, इसलिए हर रुपये का उपयोग पारदर्शी और जवाबदेह होना चाहिए। चाचापुर का यह मामला केवल एक खड़ंजा मरम्मत का नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण और वित्तीय पारदर्शिता की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। ग्रामीणों की निगाहें प्रशासनिक जांच पर टिकी हैं कि क्या ?6.99 लाख के इस कार्य की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और यदि अनियमितता पाई गई तो जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनावः पहले दिन आठ प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन गहमागहमी देखने को मिली। विभिन्न पदों के लिए कुल आठ उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए, जिससे अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह नजर आया। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए राम कुमार गौतम ने नामांकन दाखिल किया। उपाध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार मिश्रा ने पर्चा भरा। मंत्री पद पर संदीप कुमार अवस्थी और जितेन्द्र कुमार वर्मा ने अपनी दावेदारी पेश की। संयुक्त मंत्री पद के लिए नवीन प्रकाश श्रीवास्तव ने नामांकन किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए वीरेन्द्र कुमार, गौरव झा और सुरेन्द्र कुमार के बीच त्रिकोणीय मुकाबला बनता दिखाई दे रहा है। चुनाव समिति के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया आज भी जारी रहेगी, जिसके बाद आगे की चुनावी औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। चुनाव को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए गठित चुनाव समिति में लाल बिहारी वर्मा को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके साथ आदर्श कुमार वर्मा, सत्यपाल मित्रा, विजेन्द्र यादव और जितेन्द्र कुमार पाण्डेय को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है। अधिवक्ता समुदाय में चुनाव को लेकर जोश और सक्रियता दिखाई दे रही है, जिससे इस बार का चुनाव काफी रोचक होने की उम्मीद जताई जा रही।

### बच्चों के साथ मनाया गया विश्व वेटलैंड दिवस



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** अंतराष्ट्रीय विश्व वेटलैंड दिवस हलिया रेंज के कर्मियों ने मेजा ददरी बांध पर सोमवार की सुबह मनाया गया।हलिया रेंज के वन एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से मेजा ददरी बांध पर बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को वन विभाग ने आमंत्रित करने के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों को कार्यक्रम स्थल पर बुलाया।वन दरोगा सूरज पाण्डेय ने मौजूद लोगो से चिड़ियों तथा जल संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने गिद्ध जैसे कई पक्षियों की प्रजाति के समाप्त होने तथा उनके जीवित रहने की भी वजह बताई। बच्चों तथा ग्रामीणों को बांध के समीप ले जाकर मौजूद पक्षियों के नस्ल आदि की जानकारी दी। कहा कि बांध में इस समय 7 प्रकार के 90 बगुल्ला, काला व सफेद 20,चकहा 30,पण्डुब्बी 10,टिटहरी, 12,नकटा 9,कववाला 6,सिलही 3 समेत कई पक्षी की गणना की गई है।इस दौरान वन दरोगा सूरज पाण्डेय, नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा, वन्यजीव रक्षक रामदास आदिवासी, शीतला बक्स सिंह, संदीप कुमार, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह के साथ सुरक्षा श्रमिक व ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे।

### पेड़ से नीचे गिरने पर किसान की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के महोगढ़ी गांव में रविवार शाम को बगीचे में बेर का फल तोड़ते समय किसान पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उपचार हेतु निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महोगढ़ी गांव निवासी 55 वर्षीय किसान शिवराज सिंह रविवार शाम को अपने खेत के पास बगीचे में बेर का फल तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े हुए थे। उसी दौरान अचानक पैर का संतुलन बिगड़ने से पेड़ से नीचे गिर पड़े।घटना की जानकारी होने पर स्वजन आनन फानन में उपचार हेतु क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल किसान को मृत घोषित कर दिया मृत किसान के पुत्र अरूण कुमार सिंह की सूचना पर पुलिस ने घटना की जांच कर सोमवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक किसान को तीन पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। पत्नी गीता देवी व स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि बेर का फल तोड़ते समय पेड़ से नीचे गिरने से किसान की मृत्यु हो गई है। घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बारात से अपाचे बाइक चोरी, बाइक स्वामी ने दी तहरीर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी शशिधर गुप्ता ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर बरात से अपाचे बाइक चोरी होने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की बीते रविवार की शाम समौती गांव में आई बरात में शामिल होने के लिए अपनी बाइक अपाचे आरटीआर से आया था बाइक खड़ी कर बरात में सोने चला गया। इसी बीच बगल के गांव निवासी एक युवक जेब से चाभी निकालकर बाइक को चुरा ले गया। आधा घंटे बाद नींद खुलने पर बाइक के पास पहुंचा तो देखा बाइक नही थी। अगल बगल पता करने पर पता चला की बाइक समौती के बगल गांव का एक युवक लेकर गया है। युवक से फ़ोन पर बात किया तो उसने धमकी दी है की थाने पर शिकायत किया तो बाइक का पार्ट पार्ट बेच दूंगा। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। बाइक स्वामी ने तहरीर के माध्यम से कार्रवाई की मांग किया है।

### दरवाज़े से घुसे चोरों ने नगदी सहित खाद्यान को चुराया, दी तहरीर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी बाजार निवासी सुमरिया देवी ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर मकान के पीछे के दरवाज़े से घुसकर एक युवक पर नगदी सहित खाद्यान चोरी करने की शिकायत किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की बीते रविवार की रात्रि में मकान के पीछे के दरवाज़े से घुसकर गांव निवासी एक युवक घर में रखे नगदी 1 लाख 36 हजार रूपये व गेंहू व चावल को चुरा ले गया। सुबह से कमरें में पहुंचने पर चोरी होने की जानकारी मिली है। घटना के समय घर में कोई नही था। बगल के घर में रहती हूँ। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में हल्का प्रभारी सुरेंद्र राम ने बताया की तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## कक्षा 3 की छात्रा ईशानवी सक्सेना ने स्केटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

- परिवार और स्कूल का नाम किया रोशन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर में आयोजित गोला स्केटिंग चैंपियनशिप में विभिन्न वर्गों के कुल 18 मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें दर्जनों बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को क्वाड्स, टॉय इनलाइन, प्रोफेशनल इनलाइन और एडजस्टेबल श्रेणियों में विभाजित किया गया था। इन श्रेणियों के अंतर्गत बेबी, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर आयु वर्ग के प्रतिभागियों के बीच मुकाबले हुए।

इसी प्रतियोगिता में श्री राजेंद्र गिरी गिरी मेमोरियल स्कूल की कक्षा 3 की छात्रा ईशानवी सक्सेना ने एडजस्टेबल गर्ल्स बेबी वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। रेस के दौरान उन्होंने संतुलन और गति का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंतिम चरण में मजबूत पकड़ बनाए रखते हुए उन्होंने जीत सुनिश्चित की।

समापन समारोह में सभी विजेताओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभिन्न वर्गों में स्वर्ण और रजत




पदक विजेताओं की घोषणा की गई। ईशानवी की उपलब्धि पर उनके परिवार और विद्यालय ने प्रसन्नता व्यक्त की। उनकी मां शिखा श्रीवास्तव ने बताया कि नियमित अभ्यास और अनुशासन से यह सफलता संभव हुई है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों को भी प्रोत्साहन दिया जाता है, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है।

## केंद्रीय बजट से मजदूर-किसान निराश, ठेकेदारी प्रथा पर साधा निशाना

- एक जिला-एक फैक्ट्री न होने से बेरोजगारी बढ़ेगी : ऋषि संतोष कुमार शर्मा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मनरेगा मजदूर-मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रविवार को जारी प्रेस नोट में उन्होंने कहा कि देश के लगभग 40 करोड़ मजदूर-मिस्त्री, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा समाज और 14 करोड़ किसान इस बजट से बड़ी राहत की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन बजट में उनकी आकांक्षाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया।



उन्होंने कहा कि मजदूर-मिस्त्रियों की ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर 147 विभागों में उनकी सीधी पोस्टिंग कर रोजगार देने की कोई ठोस घोषणा नहीं की गई। वहीं किसानों को उम्मीद थी कि सरकार कर्जमाफी और घरेलू बिजली बिल माफ करने जैसी बड़ी राहत देगी, लेकिन इस दिशा में भी कोई निर्णय नहीं हुआ। ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने आरोप लगाया कि बजट में ठेकेदारों के माध्यम से योजनाओं की राशि खर्च करने की व्यवस्था से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे अधिकारी, नेता और दलाल लाभ उठाएंगे, जबकि आम मजदूर और किसान हाशिये पर रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों और मजरों में सड़क, हाईवे और बस सेवा जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए भी कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि सरकार 'एक जिला-एक फैक्ट्री' योजना के तहत बजट पास करती तो देश से बेरोजगारी काफी हद तक समाप्त हो सकती थी, लेकिन इस बजट में ऐसी कोई दूरदर्शी योजना शामिल नहीं की गई।

### लोक जन संघर्ष पार्टी का धरना 13वें दिन भी जारी

**अमरण अनशन फिलहाल स्थगित, जांच रिपोर्ट न मिलने पर नाराजगी**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** जन समस्याओं को लेकर लोक जन संघर्ष पार्टी द्वारा किया जा रहा आंदोलन 13वें दिन भी अनवरत जारी रहा। इसी क्रम में आंदोलनकारी पंडित रामनिवास शुक्ला ने बताया कि उनकी माता की तबीयत अचानक खराब हो जाने के कारण 2 फरवरी से प्रस्तावित अमरण अनशन को फिलहाल स्थगित किया गया है, लेकिन धरना-प्रदर्शन पूर्व की तरह जारी रहेगा। धरने पर बैठे पंडित रामनिवास शुक्ला ने आरोप लगाया कि आंदोलन के 13 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है, जिससे आंदोलनकारियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने बताया कि जिला कृषि अधिकारी से फोन पर संपर्क करने पर दो दिन पूर्व यह जानकारी दी गई थी कि जांच आख्या तैयार की जा रही है और उसे जिला पंचायत राज अधिकारी को भेजा जाएगा। हालांकि जब पोर्टल या अन्य माध्यमों पर जांच आख्या दिखाई नहीं दी, तो पुनः संपर्क करने पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि तकनीकी सहयोगी जल निगम के अभियंता दिन प्रभाकर द्वारा अभी तक जांच आख्या लिखकर उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके चलते प्रक्रिया में देरी हो रही है। पंडित रामनिवास शुक्ला ने स्पष्ट किया कि जब तक पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और समस्याओं का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता, तब तक उनका आंदोलन और धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। धरने में उनके सहयोगी सियाराम शुक्ला, संजय सक्सेना, लक्ष्मीकांत शुक्ला, सज्जन कुमार, अश्वनी कुमार, राजेंद्र शुक्ला, ब्रजकिशोर, आनंद किशोर, पिंटू, मोहित शुक्ला तथा पंचायत सदस्य रीता देवी सहित कई लोग मौजूद रहे और आंदोलन को समर्थन दे रहे।

## यूजीसी एक्ट को लेकर ओबीसी महासभा का सख्त रुख

- भेदभाव मुक्त शिक्षा के लिए प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।** यूजीसी द्वारा 13 जनवरी को लागू किए गए यूजीसी एक्ट को लेकर ओबीसी महासभा ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है। महासभा ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों को भेदभाव-मुक्त, सुरक्षित और सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण देने वाले इस कानून को किसी भी सूरत में कमजोर न किया जाए। ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव रामनिवास वर्मा ने कहा कि वर्षों से उच्च शिक्षण संस्थानों में व्याप्त भेदभाव को संरक्षण देने वाले कुछ वर्ग इस




कानून से घबराए हुए हैं और इसे रोकने के लिए अराजकता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रयास सीधे तौर पर शैक्षणिक समानता और सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों पर हमला है। रामनिवास वर्मा ने कहा कि यूजीसी एक्ट पिछड़े वर्गों के छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा का मजबूत कवच है। इससे पीछे हटना संविधान के मूल्यों के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि ओबीसी महासभा इस कानून के समर्थन में मजबूती से खड़ी है और इसे समाप्त या कमजोर करने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। महासभा ने शासन-प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यदि यूजीसी एक्ट को यथावत लागू नहीं किया गया, तो ओबीसी महासभा प्रदेशव्यापी और राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

ज्ञापन पर ओबीसी महासभा उत्तर प्रदेश के कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर थे। इनमें प्रमुख रूप से महेश वर्मा, राजाराम यादव, रमेश चंद्र, विवेक गौतम, अशली लाल गौतम, हुकुम सिंह, फूलचंद गौतम, रामकुमार गौतम, शिव भगवान, संत कुमार भारती, रमाकांत चौधरी, केके यादव, वीरेंद्र कुमार वर्मा, देव नारायण, दीपक सिंह, रघुनाथ, विकास, सत्यराम (लल्लन), इंदर, महेश कुमार, राम सिंह, रंजीत गलौजिया, वेद प्रकाश वर्मा, सर्वजीत वर्मा, सचिन सिंह, संदीप वर्मा और आशीष कुमार भार्गव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

महासभा के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि सामाजिक न्याय और समान शिक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए यह संघर्ष निर्णायक होगा और जरूरत पड़ी तो सड़क से संसद तक आवाज बुलंद की।

## हरदी जंगल में पलाश के पेड़ से लटकता मिला गायब अधेड़ का शव

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव के हरदी जंगल में पलाश के पेड़ में संदिग्ध परिस्थितियों लटकता हुआ अधेड़ का शव मिलने पर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर ग्रामीणों संग पहुंची पुलिस ने शव की पहचान देवहट गांव निवासी दुलार मनि कोल के रूप में की।देवहट गांव के खरका बस्ती निवासी 55 वर्षीय दुलार मनि कोल का रविवार शाम को हरदी जंगल में पहाड़ पर बकरियों को चराने गए चरवाहों ने पहाड़ से नीचे उतरते समय दुर्गंध आने पर पलाश के पेड़ के पास जाकर देखा तो पेड़ की डाली से शव लटकता हुआ दिखाई दिया। डरे सहमें चरवाहों ने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटना की जांच की। मृतक का शव जमीन से करीब तीन फीट ऊपर नायलान की रस्सी से लटक रहा था। मृतक का जूता पलाश पेड़ के नीचे पड़ा था।शव की दुर्गंध से लग रहा था कि घटना दो तीन पूर्व की है।सूचना पर पहुंचे सीओ लालगंज अमर बहादुर व थानाध्यक्ष



भारत सुमन ने घटना की बारीकी से जांच की। इसके पूर्व देवहट गांव निवासी लापता श्रमिक का गत 27 जनवरी को पांच दिन बाद सजहवा बाउली जंगल में दफनाया शव मिला था। अभी छोटकऊ कोल की हत्या के राजफाश में पुलिस जुटी हुई थी कि हरदी जंगल में एक सप्ताह के भीतर फंदे से जंगल शव लटकता मिला।वहीं ग्रामीणों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाए जाने की आशंका जताई है। ग्रामीणों का कहना है जिस दिन छोटकऊ का जंगल में शव दफन मिला था उस दिन वह भी ग्रामीणों संग सजहवा बाउली जंगल में मौजूद था इसके बाद से गांव में नही देखा गया।दुलारमनि कोल हलिया क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव से 25 वर्ष पूर्व देवहट गांव में आकर रहने लगा था।उसकी पत्नी ने 15 वर्ष पूर्व घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। दुलार मनि अपनी भतीजी के साथ रहता था। गांव में ही मेहनत मजदूरी करता था।थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि मृतक दुलारमनि की भतीजी वंदना ने बताया कि बड़े पिता 28 जनवरी की सुबह घर से निकले थे उसके बाद घर वापस नही लौटे।दुलारमनि के अचानक गांव से गायब होने पर मृतक छोटकऊ कोल के परिजन उसके ऊपर हत्या करने की आशंका जता रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि छोटकऊ कोल के परिजनों ने बताया कि दुलारमनि गत 22 जनवरी की रात छोटकऊ कोल के साथ खेत पर मछली खाया था उसी के बाद से छोटकऊ लापता हो गया था।सीओ लालगंज अमर बहादुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्म हत्या का प्रतीत हो रहा है।फिलहाल मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## राज्यमंत्री व एससी एसटी आयोग उपाध्यक्ष का प्रधान संघ के अध्यक्ष ने किया स्वागत



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव सिंह गौड़ व अनसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति (एससी एसटी) आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार का सोमवार को प्रधान संघ अध्यक्ष हलिया के आवास पर स्वागत किया गया है। राज्यमंत्री व एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जनजाति सम्मेलन व संस्कृतिक कार्यक्रम मनिगढ़ा गांव जाते समय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव सिंह गौड़ व विशिष्ट अतिथि एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार कार्यक्रम स्थल पर जाते समय हलिया बाजार में कार्यकर्त्ताओ द्वारा प्रधान संघ के अध्यक्ष शिव बाबू के आवास पर स्वागत किया गया है। इस दौरान एससी एसटी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मनीराम कोल, ग्राम प्रधान मतवार लालबहादुर पाल, शिवा अग्रहरी, बसंत लाल आचार्य,अजय गिरि, इंद्र बहादुर बिंद आदि मौजूद रहे।

## आकांक्षी ब्लॉक के संपूर्णता अभियान 2.0 का सफल शुभारंभ

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार में सोमवार को नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का सफल एवं प्रभावी शुभारंभ का किया गया। इस अवसर पर अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप विभिन्न विभागों के समन्वय से जनहितकारी सेवाओं का एकीकृत प्रदर्शन किया गया।बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी खंड द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर अपना दल के प्रदेश सचिव शशिकांत पटेल ,जिला सचिव अपना दल एस विकास सोनकर, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार, बाल विकास परियोजना



अधिकारी दिलीप वर्मा,पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव/ कृषि, सांख्यकी/ आईएसबी हरिओम बिंद, सीएम फेलो गौरव सिंह, ब्लॉक स्तरीय फ्रंटलाइन वर्कर्स (एएनएम, आँगनवाड़ी, आशा) तथा बड़ी संख्या में स्थानीय समुदाय के नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान पशु एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया और अन्नप्राशन एवं गोद भराई जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मार्गदर्शन एवं निर्देशअपने संबोधन में खंड विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा तथा कृषि से संबंधित चयनित संकेतकों 100 प्रतिशत सैचुरेशन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम का सफल संचालन गौरव सिंह सीएम फेलो द्वारा किया गया और सभी फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया गया कि आगामी माह में निर्धारित सभी सूचकांकों की प्रगति शत प्रतिशत सुनिश्चित करना है।

### रामनाम जाप से संसार का कल्याण : पंडित उमानाथ

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हलिया कस्बा स्थित माता चौरा मंदिर परिसर में आयोजित संगीत मयी सप्त दिवसीय रामकथा के चौथे दिन सोमवार को अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक पंडित उमानाथ महाराज ने कहा कि राम नाम जाप से संसार का कल्याण होता है। हृदय में राम का बास होते ही सांसारिक बाधाएं दूर होती है। राम के हृदय में आने से ही आराम। संतों का धर्म गली गली में घूम कर लोगों को सत्कर्म के रास्ते पर चलाने का कार्य है। कथा के दौरान संगीत मयी हरि किर्तन में श्रोतागण गहन भाव में डूबे रहे।पूरे पंडाल में जय श्रीराम और हर हर महादेव के जयघोष गूंजता रहा।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपनी पुत्री नमिता शुक्ला पत्नी अर्पित शुक्ला एवं इसके पति अर्पित शुक्ला पुत्र अनूप शुक्ला उर्फ बड़े पप्पू निवासीगण ग्राम तुर्की खेड़ा थाना हैदराबाद जिला खीरी को उनकी बेजा हरकतों की वजह से मैंने अपनी कुल चल अचल जुमला जायदाद से बेदखल करके इनसे कायम अपने समस्त रिश्तों को हमेशा हमेशा के लिए समाप्त कर लिया है। अब उक्त दोनों से भविष्य में मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**भवदीय**
**अजय कुमार शुक्ला पुत्र स्वामी दयाल नि. मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना, वार्ड नंबर 14 कस्बा व थाना गोला जनपद लखीमपुर खीरी**
**मोबाइल नंबर 9695220734**